(१९) पृ० २१३—२२२—तक—सत्रहवीं कथा—एक सेठ के मर जाने पर उसका संपूर्ण द्रव्य राजा द्वारा हरा जाना, सेठानी का अपनी पुत्री सहित जंगल को निकल जाना, वहाँ सूली लगे एक चोर का मरते समय अपना संपूर्ण द्रव्य देकर सेठ कन्या से विवाह करके मर जाना, संपूर्ण द्रव्य का उन दोनों द्वारा लाया जाना, ऋतुकाल में एक ब्राह्मण द्वारा सेठ कन्या का गर्भधारण करना, स्वप्न में एक दैवी पुरुष के कथानुसार द्रव्य सहित उस पुत्र का राजा के द्वार पर रख आना, बालक का गद्दी पर बैठ कर गया में पिंड दान करना, तीन करों का निकलना, बैताल का विक्रम से प्रश्न कि वह बालक किस के हाथ में पिंड दे राजा का उत्तर कि "चोर के हाथ में" यह सुनते ही मृतक का फिर उसी डाल पर पहुंचना।

(२०) पृ० २२२—२२८ तक—अठारहवीं कथा—एक राजा का शिकार के लिये जाना, एक ऋषि कन्या से उसका विवाह होना, मार्ग में एक राक्षस का उस कन्या को भक्षण करने का विचार, सातवर्ष के एक बालक को बलि देने के लिये राजा को उद्यत करके रानी को न खाना, मंत्री की सम्मति से एक स्वर्ण का पुतला देकर एक ब्राह्मण का बालक खरीदा जाना, सातवें दिन बलि की तैयारी नृप के मारते समय बालक का हंसना, राजा का नीची निगाह डालना और राक्षस का दयावान होना, इसका कारण बैताल ने राजा से पूछा, उत्तर पाते ही मृतक शरीर पूर्वस्थान पर जा लटका।

(२१) पृ० २२९—२३३ तक—उन्नीसवीं कथा—एक ब्राह्मण के चार कुमार्गी पुत्रों का शिक्षा द्वारा सुधार होकर उनका बाहर जाकर विद्या सीखना, उस विद्या की परीक्षा के लिये एक का सब हड्डियां इकट्ठी करना, दूसरे का चमड़ा लगा देना, तीसरे का पूरा रूप बना देना, चौथे का उसमें जान डाल देना, क्षुधातुर सिंह का चारों को खा जाना, बैताल का पूछना कि कौन सब से मूर्ख था। विक्रम का उत्तर "जान डालने वाला" सुन कर मृतक का पुनः अपने स्थान पर चला जाना।

(२२) पृ० २३४—२४० तक—बीसवीं कथा—एक सेठ कन्या का विप्र पर मोहित होना, जब तक सखी विप्र के यहाँ गई तब तक वियोग में उसका शरीर त्यागना। विप्र का वहाँ पहुंच कर यह देखने पर अपना शरीर त्याग देना, इतने में स्मशान में इनके जलता देख उसके पति का चिता में कूद कर जल मरना, बैताल का राजा से प्रश्न कि कौन अधिक कामांध था "जल मरने वाला उसका पति" सुनकर मृतक का फिर उसी वृक्ष पर चला जाना।

(२३) पृ० २४१—२४२ तक—इक्कीसवीं कथा—एक ब्राह्मण के तीन चतुर बालकों का बैताल द्वारा विक्रम से न्याय करना कि कौन अधिक चतुर है, एक ने भोजन में रक्त की बदबू बतला दी, दूसरे ने स्त्री के मुख से बकरी के दूध का संबंध बतला दिया और तीसरे ने तूल की उत्तम परीक्षा की, राजा ने तीसरे के अधिक चतुर बताया, उत्तर सुनते ही मृतक का चला जाना।

(२४) पृ० २४९—२६१ तक—बाईसवीं कथा—बीरबल नामक व्यक्ति का नैाकरी के लिये एक नृप के पास पहुंचना, राजा का उसे रख लेना, एक दिन किसी रोती हुई स्त्री का शब्द सुन कर राजा का उसे भेजना, परीक्षा के लिये स्वयं उसके पीछे जाना, वहां जा कर राजकुमार का उस स्त्री से बार्तालाप कर यह जानना कि वह राजलक्ष्मी है और राजा के मरने का दिवस जान कर रुदन कर रही है, प्रयत्न पूछना और अपने बालक की बलि देना, उसकी स्त्री तथा स्वयं उसका बलि वेदी पर चढ़ जाना राजा का यह आचरण देख राजलक्ष्मी का सब के जीवित कर बर देना। बैताल का प्रश्न कि किसका कार्य्य अधिक सराहनीय है। 'राजा का' यह उत्तर सुन कर मृतक का पुनः भाग जाना।

(२५) पृ० २६२—२६४—तक तेईसवीं कथा—एक विप्र के पुत्र को अकाल मृत्यु हो जाना, उसके स्मशान में ले जाने पर एक योगी का उसे सुन्दर पा उसके शरीर में प्राण डालना, अपना शरीर छोड़ते समय रोना—बैताल का प्रश्न कि योगी क्यों रोया? राजा का उत्तर कि शरीर के सम्बन्ध के स्मरण करके; यह सुन कर मृतक का फिर भाग जाना।

(२६) पृ० २६४—२८० तक चौबीसवीं कथा—एक राजा का तेरह विद्या सीख कर चौदहवीं चोरी के सीखने की इच्छा प्रगट करना घरफरा के बुला कर उसके साथ जाना, दो और चोरों का मिलना, अपने अपने गुण प्रगट करना, घरफरा का रत्न चुराना, दो चोरों का पकड़ा जाना, घरफरा द्वारा उनका छुड़ाया जाना, उन चोरों में सब से अधिक गुणवान का हाल राजा से बैताल द्वारा पूछा जाना, उत्तर में सगुन वाले चोर के बड़ा सुन कर मृतक का पूर्वोक्त स्थान पर पहुंच जाना।

(२७) पृ० २८०—२८७ तक पचीसवीं कथा—एक राजा का शत्रुओं द्वारा विनाश, उसकी रानी तथा पुत्री का वन में गमन, वहां पर एक राजा और राजकुमार की प्रार्थना पर उनके साथ जाने उद्यत होना, पिता पुत्र में यह निश्चय हो जाना कि छोटी पैरवाली पुत्र को और बड़ी पैरवाली पिता को मिले, बड़े पैरवाली राजकन्या थी, कुछ दिन पश्चात दोनों के पुत्र हुए, सब साथ साथ खेलते हैं। बैताल का पूछना कि राजा और उनका कौन रिश्ता है। इस पर राजा का उत्तर न दे कर यह कहना कि अनेक रिश्ते हैं।

(२८) पृ० २८८—२९२ तक—उपसंहार-में बैताल द्वारा उस कुम्हार के बालक का सब समाचार जान कर उसी की सम्मति से उसका देवी को बलि दिया जाना, देवी का राजा को वर देना। कथा समाप्तिः—लिखने का काल सम्वत् १८८५

No. 371(*f*). Vaitāla Pachchīsī by Śambhūnātha Tripāthī. Substance—Country-made paper. Leaves—154. Size—$8\frac{1}{2} \times 7$ inches. Lines per page—36. Extent—2772 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgari. Date of Composition—Samvat 1809 or A. D. 1752. Date of Manuscript—Samvat 1869 or A. D. 1832. Place of deposit—Ṭhakura Basanta Siṁha, Village Uḍawa, Post Office Śāhamau, District Rāe Barelī.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा ॥ छवि कदंब लषि अंब के उमहत मोद अषंड। कलरव करि करि बर बदन फेरत सुंडा दंड ॥ १ ॥ कवित्त। एक समै गिरि राज को नंदिनी आइ कन्हाइ कहूं सरसोतें। भासुर भाल दियें दल कोल को आनन सों छवि की छवि जोतें ॥ सो हठि लेवे को सुडि पसारी तहां गननायक आइ अभीतें। चाहि कै चोप सों दौरि मनौ हरे लेत सुधा अहिराज शसीतें ॥ २ ॥ राजवंस वर्णन ॥ हरिगोता छंद ॥ ध्रुव धरज पल दल मजन जिन आचरन कृतयुग के किए। सनमान दान कृपान जज्ञ विधान कै जग जस लिए। द्विजराज कुल वन कुसु''''कामुद दान पूरन इंदु भो। निजवंश वारिज को गनै पुनि लोकचंद नरेश भो। पुनि भयों आनंद कंद पृथ्वीचंद नृपता को तनै भुज जोर सो जुरि जंग में जमराज हू जो नहि गनै। पुनि भयो ताके अजय चंद अरिंद कुल दल जिन हने जग मगत जाके जस अजैां सुर असुर मुनि गवत जनु भने ॥ ४ ॥

End—वचन प्रमान देवि कै करे, दुवैा पुरुष नृप भीतर धरे।
आयो वहुरि मित्र के पास, महाराज हिय सहित हुलास ॥ १०१

नमे पेम सहित परसे नृप पाइ , करी विनै वहु सीस नवाइ ॥
जो यह सोष मोहि नहिं देता , तौ मोहि मारि राज वह लेतो ॥ १०२
जो तुम मेरे भयो सहाई , जिय सो वच्यो सिद्धि मै पाई
जीवन रहो जगत में जो लो , कृपा दास पर कीजै तैा लो १०३
सुनिष वचन देवहि यह रच्यो , सुमन अनूप भूप पर वरच्यो ।
कह्यो अ चल ह्वै कीजै राजु , विजई होउ सदा महराजु ॥ १०४
जो तेरे अनहित को करै , बिना मोचु वह प्रानी मरै ।
दिन दिन राजु तिहारो वढै , सुजसु दिसनि विदसनि तव बढै १०५
लक्षिमी तजै न तेरो धाम , पूरन रहै सदा मन काम ॥
जीवत रहो भूप वहु काल , ए कहि वचन गयो वेताल ॥ १०६

इति श्री मन्महाराज कुमार श्री मद्राय रघुनाथ सिंघाज्ञाये त्रिपाठी शंभुनाथ कृते पंच विंशति कथायां वेताल पंच विंशति कथा समाप्त शुभमस्तु ॥२५॥ मितिः आषाढ़ सुदि ॥ १५ वार वृहस्पति । संवत ॥ १८८९ ॥

No. 371(*g*). Vaishya Vaṅśavali by Śambhu Kavi of Kānthā, District Unāo. Substance—Country-made paper. Leaves—8. Size—$13\frac{1}{2} \times 9\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—16. Extent—160 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Date of Manuscript—Samvat 1916 or A. D. 1859. Place of deposit—Ṭhakura Raghu Nātha Siṁha Señgarā, Kānthā, District Unāo.

Beginning—इति वंसावरी वैस लिख्यते ॥ एक है रदन गज वदन विराजै जाकैं माथे जाके चन्द्र चान्दनो समाने कों । पूजै लोकपाल दिगपाल सुरपाल सवैं पढ़ै आदि रिचा सुभवानी कों । गुननकों बखाने कों सारदा महेस सेस पावैं नहिं अंत संभु अकथ कहानी कैा । गुनन को नायक है बुद्धि सरसायक हैं चारिउ फलदायक सुत गिरिजा महारानी को ॥ १ ॥

गननायक कों सुमिरि कै निजमति के अनुसार । चारिउ जुग के नृपन को करैा वंस विस्तार ॥

छप्पय—महाप्रलय के अन्त रह्यौ अवसिष्ट एक हरि । छीरोदधि में सोइ रह्यो अति सुक्षरूप धरि ॥ हरि नाभी में कमल एक जनम्यौ अति अद्भुत । तहां चतुरानन प्रगट भए सुभ वेदन सो जुत ॥

सिष्टि करन कों हुकुम तेहि दीन्हों दीन दयाल हरि ।
सत वरष तासु जीवन परम होत प्रलै जब लैां युठरि ॥

End—बहुरि सालिवाहन भये रतो भानु के पुत्र।
जाके समदानो नृपति देखै जान न कुत्र॥
ताके परगट जानिये अंगद राय देवान।
महाबली दुसमनन कों जिन जीतै मैदान॥
तासु वंधु लाल साहि। सूरबंद में सराहि॥
जासुदान के विधान। कौन कै सकै बखान॥
अंगद राम देवान के हैं त्रय सो सुत चारि।
जेठे तेज हमीर हैं लघु हिम्मति सिंह विचारि॥

कवित्त—वरजोर मितानि सिंह हिन्दू सिंह उदोत सिंह बली वखतावर सिंह जू सुतचार भये वैस वरजोर खानि है। कहै कवि शंभु महावली परताप वली भानु के समान भयो दूसरो मितानि॥ हिंदुन की हद्द कै रखैया हिन्दू सिंह बडो देवे को दान जाके पड़ी एक वानि है। जाको जस काहे को उदोत कवि गोत करै नाम है उदोत सब गुननि की खानि है॥ दोहा॥ हिन्दू सिंह के परगट पुनि विमल भये सुत चारि। तिनके गुण वरनन करौं भिन्न कवित्त बिचारि १ चन्द्रिका वकस २ गंगा सिंह ३ इन्द्रजीत ४ आदि वकस॥ ताके भये वज्रकुमार नाम। जो है महाविक्रम तेज धाम॥ लीन्है सवै सत्रु समूह जीती। गाव सवै जाकी कवि लोग कीती॥ ताके घोषकुमार पूरनमल, जगतपति राना परमल देव, मानिकचंद मलदेव, जसधर देव, राने होरिल देव॥ कृपाल साहि सातन चन्द्र हिन्दूपति राजसाहि, परमलसाहि रुद्रसाहि, विक्रमसाहि, नृप संतोष छत्रपती जगतराय केसो राय॥

Subject—पृ० १—गणेश बंदना, सृष्टि उत्पत्ति, ब्रह्मा और कल्प संख्या, स्वायंभुव—सतरूपा जन्म, प्रियव्रत, ध्रुव पृथु जन्म वर्णन। पृ० २—सूर्य्य वंश वर्णन, सुद्युम्न का कन्या होना गौरी के श्राप से। राम वंश वर्णन। पृ० ३—क्षत्रियों की ३६ कुरियों की उत्पत्ति तथा वर्णन। अभयचंद को अर्गल राजा का कन्या देना, चिल्ली का राना बनाना। पृ० ४—अभयचंद को दायज में वैसवार मिलना। अभयपुर राजधानी बनाना। अभयचंद्र के पुत्र विक्रमचंद, उनके रनजीत, उनके रायतास और उनके पुत्र सावन, उनकी वीरता वर्णन, बादशाह के पुत्र से युद्ध करना कालिंजर को राजधानी बनाना। पृ० ५—चैाहान पुत्र को मारना, और बादशाह पुत्र को घायल करना, अभयचन्द्र और निर्भयचंद्र भाई भाई थे, अर्गल की रानी को छुड़ाना राजपुर में चैाहानों से। पृ० ६—चैाहान व रामतास का युद्ध वर्णन। सातना नरेश बैसवारे में तिलोकचंद हुए। उनके राना हरिहर देव हुए। उनके भाई पृथ्वीचंद थे। पृ० ७—हरिहरदेव के छोटे भाई ने राज लिया तव दिल्लीपति ने उन्हे बड़ा

इलाका दिया, उनके खेमकरन जिन के सकतासिंह, बरियान, अमान, जोगाजीत हुए, सकत सिंह के तीन पुत्र डोमन देव, रुद्रसाहि और आलमसाहि हुए। इन सब के ८ पुत्र हुए। रतिमान जेठे थे, इन्हीं में शालिवाहन रतीमान के पुत्र हुए। पृ० ८—उनके अंगदराय और लालसाहि हुए, अंगदराय के ४ पुत्र हुए, हमीर सिंह, हिम्मत सिंह, हिन्दु सिंह व उदोत सिंह थे। शंभू कवि के येही ख्यात आश्रय दाता थे।

No. 372. Kavitta by Sangama Lala of Teṛha. Substance—Foolscap paper. Leaves—3. Size—7×4¾ inches. Lines per page—32. Extent—48 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Baṇī Bhushanaji, Rāe Barelī.

Beginning—समै को जानै सोख काहू की न मानै मान नाहक ही ठानै तू अजानी भई जात है। संगम मनावें सखी हित की सिखावें सोख जा विन न भावै भौन ताही सों रिसात है। पीछे पछितैये टेक तेरी छूट जैहै घात ऐसी तू न पैहै अबै टेढ़ी तनी जात है। मोसों सतरात विनकाज सोंह खात प्यारी तू तो इतरात उतै रात बीतो जात है। १ सालनख स्याम तारु कंजा कल जिह्वा जैान पेचापांउ काडी पांउ जखम गनीजिये। वाड़ी दुम बालखड़ी झारु कस झोंक-दार यश मटि खोरे पर नजर न कीजिये। संगम कहत टेढ़े दांत को दुरद दान देवे की पताल देतो दिल में न कीजिये॥ राज सिरताज, राजसिंह महराज सुनौ ऐसे गजराज कबिराज को न दीजिये॥ २ दीजे दान दुरद दतीलो द्रुमदार देखि द्रोहिन के दिलको उठावै हूक हारि है। मरदि यही को सीस गरद चढ़ावै सुंड नीर झरि लावे औ हरावै हेरि वारि है। संगम कहत पावों ऐसे जो मतंग तो करज को गरज गुदारि डारों गारि है। मारि डारौ दिकवली विपति विदारि डारौं फारि डारौं फिकिर दबाइ डारौं दार है॥ ३

End—कढ़त भुलानो मुख वैरिन का पानी जब जंग थहरानो है भुखानी अरि साज को। सोनित सो सानो भई अकह कहानो रन मानो पगलानी ठकु-रानी जमराज की। सब जग जानो खाइ अरिन अघानो विष पानी सो बुझानी है जिठानी मनोगाज की। संगम बखानो शंभुरानी है रिसानी कैधौं कैधौं है कृपानी राजसिंह महराज की॥ १२ वेही ग्वालबाल हैं विसाल तरु जाल वेही वेही हैं तमाल ख्याल और कछू ह्वै गयो। छायगो उदासी ब्रजवासी गनहांसी भई जब ते विषासी वीस गांसी मारि कै गयो॥ संगम अक्रूर कूर वैरी जन्म पीछले को कीन्हों ना कसूर कछू हाय हरिले गयो। साली रहे सूल सी कुचाली अक्रूरवली बिना बनमाली यहां खाली ब्रज ह्वै गयो॥ १४

Subject—रति विरक्त नायिका वर्णन १ कवित्त, राजा राजसिंह और व्रजनाथ के महाराजों का वर्णन ५ कवित्त

वर्षा वर्णन	२ कवित्त
वसंत वर्णन	२ कवित्त
सिंहावलोकन	१ कवित्त
कुब्जा वर्णन	१ कवित्त
राजसिंह की तलवार का वर्णन	१ कवित्त
करुणारस	१ कवित्त

No. 373(*a*). Satyā Prakāśa by Santa Baksha of Narahī, District Lucknow. Substance—Country-made paper. Leaves—48. Size—10 × 6 inches. Lines per page—22. Extent—860 Anushṭup Ślokas. Complete. Appearance—New. Written in Prose and Verse. Date of Manuscript—Samvat 1921 or A.D. 1864. Place of deposit—Parāgi Dāsa Murāu, Village Jādavapur, Post Office Varnāpur, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—श्री सत गुरु साहब सहाय। अथ सत्य प्रकाश लिख्यते। प्रथम वंदना ॥ प्रथम आदि देव श्री गणेश जी स्वामी को जिनके सुमिरन से सब काज लोक व परलोक के सिद्धि होते हैं। बहुत भांति विनय के साथ बारबार दंडवत करि के उस पारब्रह्म परमेश्वर निरगुण व सगुण सरूप सर्वत्र व्यापक भक्तवत्सल कृपासागर दयासिंधु दीनबंधु जन सहायक के चरण कमल की वंदना करत हूं तुम्हारी महिमा अगम अथाह है श्री ब्रह्मा जी चारो मुष से व शेष जी और सारदा निरंतर वर्णन करते हैं और पार नहीं पाते सो मैं पतित कामी औगुनन की षान बुद्धिहीन किस प्रकार कहि सकों ॥ आपने गनिका व अजामिल आदिक अनेकों पापियों को इस भवसागर से पार उतारा और निजधाम दिया सो जानि परत है कि पतित तारन आप का स्वभाव है। सो हे पतित तारन दीनदयाल इस पापी को भवसिंधु से पार उतार कृपा करके हृदय में वास दीजिये ॥

End—दोहा—जगजीवन के पंथ का जो कोइ जानै हीन। राजा होय कि छत्रपती दिन दिन होय मलीन ॥ जगजीवनदास को निंदा जो कोउ करै चोलय। जीवत सुष पावै नहीं मरे नरक मां जाय ॥ जो सत्तनामी सत्तगुरु साहब के बाना को निंदा करते हैं वह महा रोगी व दरिद्री हो जाते हैं अंतकाल उनको महा-

ओर नरक होता है सतनामी जनों को नशा गांजा व भंग अफीम का ग्रहण अनुचित है औ मुख वाचि है। दोहा—गांजा भंग व पोस्ता संत लोग नहिं खाहिं जगजीवन दास सांची कहैं खांहि तो नरकहिं जाहिं ॥ समर्थ गिरिवर दास की बानी ॥ संतनाम के पंथ मां भांग खाइ जो कोइ जगजीवन गिरिवर कहैं ताकी मुक्ति न होय ॥ सत्तनाम के पंथ में खाय जो गांजा भंग जगजीवन गिरिवर कहैं ताको मत है भंग ॥ सतनामी को बैगन व कुंदरु अवश्य वर्जित है औ सत गिरिवर दास साहब ने कैथा भी वर्जित किया है सो सतनामी को गुरु वचन परमान उचित है। गुरु का वचन न मानै जोई। अवश नरक तेहि प्रापत होई ॥ इति श्री सत्य प्रकाश समाप्तम् लिखा सतगुर प्रसाद संवत १९२१ जेठ मासे कृष्ण पक्षे द्वितीयायां श्री राम ।

Subject—इस ग्रंथ में गणेश जी, भगवान, हनूमान जी, शंकर, ब्रह्मा बाबा जगजीवन दास आदि की वंदना की गई है, पश्चात बाबा जगजीवन दास जी का जीवन चरित्र दिया है। आप पहुंचे हुए महात्मा थे, भूत, भविष्यत, वर्तमान तीनो काल को जानते हैं, अपने मृत्युकाल में जलाली दास को बुलाकर शरीर का दाह कर्म मना किया इस पर कुछ लोग अप्रसन्न हुए और मरने के पश्चात् दाह का कार्य ठहरा, परंतु जलाली दास ने न माना तब सबने कहा कि अगर तू सच्चा है तो बाबा जी फिर कहैं लोगों का विचार था कि बाबा जी को मरे देर हो गई किस प्रकार कहेंगे। परंतु जिस समय जलाली दासने हाथ जोड़ कर प्रार्थना की बाबा जो उठ बैठे और कहा मेरा शरीर न जलाया जाय समाधि दी जावे तब सब को बाबा जी का महत्व प्रगट हुआ और उनके कथनानुसार समाधि दी गई।

No. 373(*b*). Kotawabandan by Santa Baksha Mahānta of Narahī (Lucknow). Substance—Country-made paper. Leaves—28. Size—14 × 5 inches. Lines per page—44. Extent—1,144. Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1929 or A.D. 1872. Place of deposit—Parāgīdāsa Murāu, Village Jadavapura, Post Office Baranapur, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—अथ कोटवा बंदन लिख्यते ॥ दोहा ॥ कोटवा वंदन ग्रंथ यह । श्री सतगुरु स्थान । इन्द्र दवन जे भक्त हैं तिनके उर परमान ॥ प्रभु जग जीवन शुभ करौ भाषौ सतमत ग्यान ॥ अति कोटवा की वंदना परगट करौं बखान ॥ कथा

भई प्रारंभ तब जब प्रभु दाया कीन्ह । बैठे घट मो आय के सत्त शब्द कहि दीन्ह ॥ तुम हो तो वानी कहत मैं कछु जानत नाहिं । गुन तो एकौ है नहीं सब औगुन मोहि माहिं ॥ जब तुम्हारि कृपा भई कथा प्रगट भई सोइ । आपहि तो सब कहत हैं और न दूजो कोइ ॥ जन्म लियो सरदहा में संतन के आधार । नाम कहायो जगजीवन जगन्नाथ अवतार ॥ चै० ॥ प्रभु जगजीवन जगत अधारा । लियो सरदहा मा अवतारा ॥ गति तुम्हारि कोइ जान न पावै । जेहि जस कृपा सो तस कहि गावै ॥ आइ सरदहा कीन्ह निवासा । जगजीवन जग विदित प्रकासा ॥ प्रभु जगजीवन नाम कहाए । मारग सो सतनाम चलाये ३

End—छंद ॥ सरन में समरथ तुम्हारी औार नाम न आनऊं ॥ कहत हैं करजोरि साईं दूसरो नहि जानऊं ॥ चरन परि मैं करत विनती नाथ मोहिं अपनाइए । फिरत हूं मैं भरम भूला कृपा कर के छुड़ाइए ॥ छोड़ि तुम तजि जाऊं कहंवां द्दष्टि में आवै नहीं । चरन तुम्हरें तक्यों जब से औार कछु भावै नहीं ॥ सर्वं में तुम अहो व्यापक औार दूजा कोई नहीं । जानि मोहिं का परत यहि विधि नाथ तुमही सब कहीं ॥ स्थिर रहैं नहि भटकैा भरम को परदा फटै । करो अंतर नाम सुमिरिन तिमिरि आंखिन को छुटैं । दीनवंधु दयाल तुम सम नहिं दूसर देषहूं ॥ समरत्थ प्रभु जग जीवन साहब सत्त मन मह लेषहूं ॥ दोहा ॥ वलिहारी गुरुचरन की जिन मोहिं दीन्हो नाम । तेहि सुमरैं चितलाइ के ये मन आठैां-याम ॥ चैा० ॥ संतों कथा सुनैां चितलाई । गुरु जग जीवन दियो लषाइ ॥ बैठि गयो आपहिं घट माहीं कहत कीर्ति मैं जानत नाहीं ॥ मोरि बुद्धि यामें कछु नाहीं । आपुहिं वैठि कहो घट माहीं ॥ जाऊं सदा चरनन वलिहारी । जिन यह कथा कह्यो अनुसारी ॥ इति श्री कोटवा वंदन सम्पूरन संवत १९२९ वैसाख पूर्णमा व्रहस्पति लिषतं संतबक्श महंत ।

Subject—इसमें बाबा जगजीवन दास और स्थान कोटवा को वंदना की गई है । कोटवा और बाबा जगजीवनदास की महिमा का साथ ही साथ वर्णन किया गया है ।

No. 374. Nakhaśikhā by Sañta Baksha Bandījana of Holapur. Substance—Country-made paper. Leaves—12. Size—8 × 5 inches. Lines per page—15. Extent—101 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Bajaranga Balī Brahmabhaṭṭa, Village Holapur, Post Office Haidargarha, District Bārā Bankī (Oudh).

Beginning—मुकुट वर्णन ॥ मणि माणिक मंडित मौलि रह्यो अनुराग विराजि रह्यो थलपै। तेहि ऊपर मोतिन को कलंगी विचवीच कुसुम्भ कली दलपै ॥ कवि 'संत' कहै दियै दीपन लैां उपमा तिहुं लोकन की कलपै। रघुवीर के ऐसे किरीट लसैं मानैं भानु उदै उदयाचल पै ॥ बार वर्णन ॥ मखतूल के तार सिवार से हैं उपमा लखि कै सरि कौन गनै। अति कारी बलाहक से दरसै भरे सौरभताई सनेह सने ॥ कवि संत कहै सटकारे छबीले लजीले मनोभव देखि घनै। किलकैं दुति मेचकताई अरे रघुवीर के केस सुवेस वने ॥ भाल वर्णन ॥ जोत को पत्र लिख्यो है विरंचि किधैां लिखो देवल को प्रतिपाल है। जंत्र और तंत्र वसीकर मंत्र सु मोहै त्रिलोक हृदय सदा अरिसाल है। संत कहै जन पालिबे हेत को देर न लाय दया करि हाल है। भागो भरो निसि द्योस रहै शुभ श्री रघुवीर को भाल विसाल है ॥ भृकुटी वर्णन ॥ भौंहैं सरासन कैधैां धरे जुग सुंदरता अति है अनियारी। बैठि दुरे फणि की अवली किधैां सकैत रेख लसै जुग न्यारी ॥ कैधैां अनंद के कंद को देन को संतन सो करिये हितकारी। काम को शोभा जुटी है किधैां भृकुटी है बनी रघुवीर तिहारी ॥ नेत्र वर्णन ॥ गोल अमोल सुडोल कपल लैां चंचल कोर चुभै चित चैन हैं। लज्जि तुरंग कुरंग दुरै वन मीन सो दीन भये दिन रैन हैं ॥ सो उपमा उपमेय वखानत संत कहै सुखमा वर ऐन हैं। कंजन खंजन गंजन हैं सदा शोभित श्री रघुवीर के नैन हैं। नाक वर्णन ॥ निन्दित हैं शुक तुंड विलोकि के फूल तिली को दिली में उदासिका। चारु सुधारि विचारि पितामह मोद भरे मन कीन्हे हुलासिका ॥ सो छवि देखि कहैं कवि संतजू तेस सदा धरे ध्यान प्रकाशिका। राजत आनन अंबुज पै शुभ सुंदर श्री रघुवीर की नासिका ॥ कपोल वर्णन ॥ पाणिप्रपाल के वाल भरे किधैां पत्र पुरैन के सुन्दर नोल हैं। सिद्धि मनोरथ ही को करैं तुला तौलिबे हेत के नेत अलोल हैं ॥ संत समान विचार करैं केहि संपुट सैनि के अमोल हैं। आरसी हैं की सुधांशु की हैं किधैा श्री रघुवीर को गोल कपोल है ॥

End—नख वर्णन—प्रात सरोज पै कैधैां परी मकरंद के बुंद के भांति भला के। सोने की लेखनी पै मुकताकनी सोहत छोगुनी छोर छजा के ॥ संत कहै जगी जोति अखंड दिये जग में जेसे छंद कला के। पाती नक्षत्रन की दरसै नख शोभित श्री रघुवीर लला के ॥ छाती वर्णन ॥ कंचन नोल के पत्र किधैां वनमाल विराजि रही बहु भांती। केसरि खौरि पिताम्बर राजित वज्र किधैां है अरिंद की घाती ॥ संत कहै फलदायक चारि को रिद्धि और सिद्धि की वृद्धि बढ़ाती। चौकनी चौरी चरिचत चंदन वोर भरी रघुवीर की छाती ॥ जंघ वर्णन ॥ अति पोम भरे कलधौत के दंड उदंडता धारि समाय रहे। करके सरके कर ज्यों उपमा सुखदाय रहे ॥ वर विक्रम उन्नत ओप लहे जुग जानु विसालता छाजि

रहे। मणि खंभ भजैं दुतिरंभ लजैं रघुवीर की जंघे विराजि रहे॥ चरण वर्णन॥ तरनि तरन धर वरन वर धर धरन धरन भरे सुखमा उसीर के। करन हरन करुणा कृपाल कोर चितै भरन भरन भो हरन भय भीर के॥ जाहिर तरनसम मंगल करन चारु जारन फले के ये उधारण अघोर के। दारिद दरन अघ ओघ के हरन परिजात के करन सो चरन रघुवीर के॥ शिख नख वर्णन॥ भृकुटी और लिलाट कपोलन क्रूं सुख कोयन लोयन देखि भरै। चिबुका धरि ग्रीव उरोजन पै पुनि नाभी सरोवर में लहरै॥ कवि संत कहै जुग जंघन में मोरवानि हिये विच ध्यान धरै॥ रघुवीर पदांवुज से सुनिये मन मेरो मधुव्रंत गुंज करै॥ २०॥ सर्व अंगतीरथ वर्णन॥ पदस्याम सरोज कलिंदी लसै सुखमा अतिही सुख साजत है। हिय मोतिन माल विसाल लरै लखि निम्नजा वेगिहि भ्राजत हैं॥ कवि संत कहै अधरान को लालो गिरा अनुराग समाजत है। नखते सिख लैां रघुवीरहिं के तन तीरथ राज विराजत हैं॥ २१॥ कीरति वर्णन॥ नारद पारद सो दरसै औ सुधाकर सी लसै चन्दर चूरसो। विज्जु सो कंबु कमोदनि का शशि चैावर से जल गंग की धूरि सी॥ संत कहैं सित भोंडर सो नखतावलि सी गजदंत के तूरसो कीरति श्री रघुवीर की राजति कुंदकली करका कपूंसी॥ २२॥ वेनी लखे तिरवेनी लजै मुख देखि छपा कर छीम छली के। गोल कपोल विलोकि कै आरसी लोचन लोल सरोज दलीके॥ संत कहै सारे दंतन की सखी निंदित दाड़िम कुंदकली के। मोह मई तम क्यों न मिटै मन ध्यान धरे मिथिलेश लली के॥ २३॥ कैधों कैाल पाखुरो पै रवि की किरनि प्रात कैधों इन्द्र वधू काम करत निहोरी के। कैधों गुंज विम्बा फल वन्धु जीव लालो कैधों दाड़िम कुसुम्ब रंग भई मति भोरी के। कहै कवि संत कुरु वृंदन की कैान गनैं दूखक पतंग औ गुलाल दुति थोरी के॥ जावक महोज पै ईंगुर वरण ऐसे चरण विशाल राजै जनक किशोरी के॥ २४॥ कास ते अधिक वक हास ते अधिक घन सार ते अधिक लसै मुक्तहार हीर को। सीय ते अधिक चून फेन ते अधिक गजदंत ते अधिक लघु लागै गंग नीर को॥ दुग्ध ते अधिक वर वुद्धि ते अधिक सत्त्व गुण ते अधिक शांत रस धरि धीर को। छत्र ते अधिक औ नक्षत्र ते अधिक इन सब सो पनिच जस राजै रघुवीर को॥ २५॥ इति—लेखक परमेश।

Subject—(१) पृ० १—९ तक—रामचन्द्रजी का नखशिख वर्णन। मुकुट, केश, भाल, भृकुटी, नेत्र, नाक, कपोल, श्रवण, अधर, दशन, मुख, भुज, अंगुरी, नख, छाती, जंघा, चरण वर्णन।

(२) पृ० ९-१० तक—सिखनख वर्णन, सर्व अंग तीरथ वर्णन, कीर्ति वर्णन।

(३) पृ० ११-१२ तक—सीता जी का नख शिख, वेनी, पैर और रघुवीर का यश वर्णन।

No. 375(*a*). Bāni or Sākhī by Santa Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—56. Size—$4\frac{1}{2} \times 3\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—18. Extent—630 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1852 or A.D. 1795. Place of deposit—Harvanśa Rāi, Village Tekāri, District Rāe Barelī.

Beginning--राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम । अथ स्वामी जी श्री संतदास जी की वाणी ग्रंथ भै लिष्यते ॥ अथ गुर देव को अंग । सतुति ॥ अग भै पद परकास के ॥ दाइक सत गुर राम ॥ अनत कोटि जन साहिका ॥ ताहि करूं परनाम ॥ १ ॥

अंग ॥ सत गुरु का ऐको सवद मनि कोई लेवै मानि ।
तो सहज होत है संतदास मुसकलि सूं आसानि ॥ १ ॥
सतगुर कीन्हो संतदास मुसकलि सूं आसानि ।
रामनाम को हो रही रूंम रूंम निज ध्यान ॥ ३ ॥
संतदास तिहूंलोक मैं ऐह सिरोमणि संत ।
पूरवजनम का वीछड़रा सोहो मिलाया कंत ॥ ४ ॥
सतगुर मेल मिलाइया ॥ सरित सवद का संग ।
अब छूटत नाहीं संतदास लगा करारो रंग ॥ ५ ॥
सत गुर वर परमारथी असी देह वणाइ ।
धरीया मुलक छूराइ कैं अधर मुलक ले जाइ ॥ ६ ॥

End—निरगुण नांव हिरदै धरै निरगुण पहरै भेष ।
संतदास वा संत सूं कहीये आप अलेष ॥ २२ ॥
फकर तारै जगत कूं निरगुण नांइ मिलांहि ।
मकर ले बूझै संतदास भो सिंधि का दह मांहिं ॥ २३ ॥
चली जात है सुरसुरी अपणैं सहज सुभाइ ।
प्यासा होइगा संतदास सो पीवेगा आइ ॥ २४ ॥
संत सुरसरी राम जल कोई पीवे प्रीति लगाइ ।
तो भरम करम की संतदास प्यास न उपजै ताहि ॥ २५ ॥
संत निवासी संतदास सब कूं देत निवास ।
सांच झूंठ निरणूं कीयां झूठा होत उदास ॥ २६ ॥

इति स्वामी जी श्री संतदास जी की साषी संपूरण ॥

Subject—पृ० १ गुरु स्तुति- पृ० २-१४ गुरु महिमा पृ० १५। गुरु सामर्थ्य पृ० १६-३०, ईश्वर सुमिरन विधि और भेद पृ० ३१—३३ईश्वर नामें का भेद, उनका निर्णय, और सर्वोपरिनाम वर्णन, पृ० ३४। जीव निर्णय, पृ० ३५-३६। ईश्वरनाम सुमिरन की सामर्थ्य—पृ० ३७, ईश्वरनाम की महिमा, पृ० ३८-५४। संतदास की चेतावणी भक्ति के लिये। पृ० ५५-५७ साधु की महिमा, लक्षण और साधु असाधु निर्णय, समाप्ति।

No. 375(*b*). Sañtadāsa kī Bānī by Sañtadāsa of Sahipurai. Substance—Country-made paper. Leaves—2262. Size—$5\frac{1}{2}\times$ 4 inches. Lines per page—13. Extent—29,406. Appearance—New. Character--Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1830 or A.D. 1773. Date of Manuscript—Samvat 1870 or A.D. 1813. Place of deposit—Paṇḍita Devīduttaji Śarmā, Village Fatahapur, District Bārā Baṇkī (Oudh).

Beginning—अथ स्वामी जी श्री संतदास जी की वाणी अणभै लिष्यते ॥ प्रथम गुरु देव को अंग लिष्यते ॥ स्तुति ॥ अणभै पद परकास के ॥ दाइक सत गुरु राम ॥ अनंत कोटि जन साहि को ॥ ताहि करुं परनाम ॥ १ ॥ अंग ॥ सत गुरु कारो का सवद मनि कोइ लेवै मानि ॥ तो सहज होत है संत-दास ॥ मुसकिल सूं आसानि ॥ १ ॥ सत गुरु किन्हो संतदास ॥ मुसकिल सूं आसानि ॥ राम राम की होइ रहो ॥ रोम रोम रज ध्यान ॥ २ ॥ संतदास हम कूं कीया ॥ सत गुरु कभ्भई सानि ॥ देह छूटां छूटै नहीं ॥ परब्रह्म लू ध्यांन ॥ ३ ॥ संतदास तिहुंलोक मैं ॥ रोह सरोभं निर्मत ॥ पूरव जनम का विछड़या ॥ सोहो मिलाया कंत ॥ ४ ॥ सत गुरु मे ला मिलाइया ॥ सुरति सवद का संग ॥ अव छूटतं नांही संतदास ॥ लगा करारो रंग ॥ ५ ॥ सत गुरु वड परमारथो ॥ ऐसो देह वणाइ ॥ धरी या मुल कछु भाइ करि ॥ अधर मुलुक लेजाइ ॥ ६ ॥ चोरासी धरीया मुलक ॥ तामैं सुर नर रहे समाइ ॥ अधर मुलक है रांम नांम ॥ जहां जन पहुंच्या जाइ ॥ ७ ॥ तीनलोक सूं अलध सुष ॥ लाधन नांही कोइ ॥ सत गुरु लाधा संतदास ॥ ८ ॥ सत गुरु मिलीया संतदास कटी भरम की पासि ॥ गा सत गुर वांण ॥ चौरासी का संतदास ॥ मिटि गया आवंण जांण ॥ १० ॥ सत गुर वाह्या वव भारि ॥ सुषम प्रेम का सेल ॥ निज मन तो घाइल भया ॥ अवरुं मकता पेल ॥ ११ ॥

End—कांम दुष क्रोध दुष पावै ॥ लोभ दुष कछु कहत न आवै ॥ माया मोह दुषी संसारा ॥ तातैं जागै राम पियारा ॥ ८६ ॥ माता नास्त पिता सुनि

भयौ ॥ वंस सोदर आपन गयो । पुत्र कलित्र दुष सकल पसारा ॥ तातें जागै राम पियारा ॥ ८७ ॥ अरब षरब हाथी मद घोरा ॥ मैामि मंभारन विभो थोरा ॥ आंषि मूंदि देषत ही वारा ॥ तातैं जागै राम पियारा ॥ ८८ ॥ करि उपदेस गयो रिषराई ॥ राजा का मन प्रीति बढ़ाई । डेरा छाड़ि गए वन वासा ॥ गुरु गोविंद से वाढ़ी आसा ॥ ८९ ॥ मन ही मन राजा यूं जानी ॥ क्रिपा करी है सारंग प्रांनी ॥ अनयासै गुरु मिलीया आई ॥ प्रेम प्रीति हरि सूं ल्यो लाइ ॥ ९० ॥ दुहा ॥ भाग वड़ेही पाइयैा साधन को सतसंग ॥ जन गोपाल जगदीस कैा तन मन लागै रंग ॥ ९१ ॥ इति श्री ग्रंथ जड़भरत संपूरण ॥ महाराजाधिराज पूरण व्रह्म जी दया का सागर जी रामनिवास साहिपुरै विराजमांन तोस मरो पुस्तक लपी क्रते संवत १८७० वर्षे मिती भाद्रपद शुक्लपक्षे पुनि त्तिथैा ३ शनि वासरायां ॥ लिपि क्रत ब्राह्मण गुजर गैाड़ दासानुदास चरणाविंद को रज हव राम वाचै विचारै ज्यां सूं रांम रांम ॥ संत गुलम तासकैा नाम ब्राह्मण तुलछी राम बांच वीचारै ॥

Subject—पृ० १—१३ तक—स्तुति सत गुरु राम जी की, सत गुरु की महिमा का वर्णन, सत गुरु के दिये हुए ज्ञान के लाभ ॥

(२) पृ० १४—३१ तक—सुमिरण का अंग, माला जाप, राम नाम का महत्त्व, राम नाम निर्णय, जीव निर्णय, नाम की सामर्थ्य, साखी ।

(३) पृ० ३२—५६ तक—विनती का अंग—स्तुति । साखी नाम में लगन का वर्णन । प्रेम प्रकाश, परिचय ।

(४) पृ० ५७—९९ तक—पतिव्रता वर्णन, व्यभिचारिणी वर्णन । टेक, विश्वास, साधु, साधु महिमा, साधु पारख, साधु परमार्थ, साधु संगति, विरक्तता, निवृत्ति, प्रवृत्ति, विचार, कुविचार, सार असार, रस, पंथ वेहद, सजीवन, जीवित मृतक, हठयोग, अवगुणग्राही, भक्त द्रोही, मन मुषी, मन, उपदेश, जग्यासी, कादर, सूरातण, सती, गुरु शिष्य पारख, खोजना ।

(५) पृ० १००—१४१ तक—गुरु वे मुख, सन्मुख, विमुख, राम विमुख, काल, चेतावनी, वोहैा आरंभी, माया, कामी नर, वाचिक ज्ञानी, सांच, भ्रम विध्वंस, भेष, चाणक्य ।

रेखता

(६) पृ० १४२—१४४ तक-रेखता । (७) पृ० १४४-१५० तक—ब्रह्म ध्यान, (८) पृ० १५१—१६७ तक—भ्रम तोड़ । (९) १६८—१७२ तक—पद, आरती, संतदास जी का निर्माणकाल सं० १८०६-अठारै सै षट व्रष में संक भये निरकारी ॥

राम चरण जी की वाणी ।

(१०) पृ० १७३—३१५ तक—निरंकार स्तुति, गुरुदेव का अंग—गुरुदेव स्तुति, साखी, गुरु सामर्थ्य, स्मरण, विरह, ज्ञान विरह, लै, प्रेम—प्रकाश, पीव पहिचान, परिचय, पतिव्रता, व्यभिचारिणी, समर्थता, विनती, विश्वास, वरकत, निवृत्ति, साधु, असाधु, साधसंगत, कुसंगत, वेअकिल, विचार, वे विचार, निहिचै, जीवन, मृत संजीवन, सारग्राही, अवगुण ग्राही, अज्ञानी, राम विमुख, काल चेतावनी, उपदेश, जिज्ञासु, गुरु पारख, सिष पारख, गुरु सिष पारख, सन्मुख, वेमुख, गुरु विमुख, चितकपटी, देखा देखी, कांदर, सूरातण, टेक, हेत प्रीति, कस्तूरिया मृग, मन, सती, वेहद, मधि, निरपष, पंथ, रस, सुखी मारग, शुभकम, दया, माया, कामीनर, जरणां, रहनी, सहज, वैाहै आंरभी लोभीनर, आसावेली, निद्रा, मुरकी, निन्दा, साच ।

चंद्रायण अंग—(११) पृ० ३१६—३४० तक—चन्दरायण स्मरण, नाम सामर्थ्य, चन्दरायण वीनती, बिरह, परिचय, साधन, साधु संगत—वरकति, गुरु पारख, सिखपारख, गुरु, गुरु वेमुख, सन्मुख, विमुख, मन मुषी, अज्ञानी, काल, चेतावनी, सूरातण, विचार, साच, तृष्णा ।

सवैया—(१२)—पृ० ३४१—३५९ तक—गुरुदेव अंग, स्मरण, नाम महिमा, परिचय, विचार साधु, साधुसंगति, वरकत, विश्वास, तृष्णां, लोभीनर, अज्ञानी, काल चेतावनी, सन्मुख, विमुख, गुरु बेमुख, अवगुणग्राही, व्यभिचारी, व्यभिचारिणी, कायर सूरातण, कामीनर, सांच ।

झूलना—(१३) पृ० ३६०—३६८ तक—गुरुदेव अंग, स्मरण, विचार, साध, साधसंगति, उपदेश, वरकत ।

(१४) (कवित्त) पृ० ३६९—४५१ तक—गुरुदेव अंग, स्मरण, नाम सामर्थ्य, परिचय, पतिव्रता, व्यभिचारिणी, विनती, अविश्वास, तृष्णा, निरपक्ष, निर्गुण उपासना, साधु असाधु, साधुसंगति, कुसंगति, साधु पारक, साधु महिमा, वाचक ज्ञानी, लक्षक ज्ञानी, अज्ञानी, ब्रह्म व वेष, काल, चेतावनी, मन, मनमूसा मनसूब, कायर, सूरातण, उपदेश, जिज्ञासु, शिवनिर्णय, सिष पारख, टेक, निर्णय, विचार हठयोग, भक्ति महिमा, माया, कामीनर, रहनी, जरणा, सांचा, माला, सांच ।

(१५) कुंडलिया—पृ० ४५२—४२७ तक—गुरुदेव अंग, गुरु परमारथी, लोभी गुरु, स्मरण, विनती परिचय, पतिव्रता, व्यभिचारिणी, कायर, सूरातण, विश्वास, वे विश्वास, विश्वास निरपेक्ष, वरकत, निर्गुण उपासना, साध, साध पारख, साध गति, साधसंगति, कुसंगति, अदया, उपदेश, जिज्ञासु, गुरु शिष्य,

शिष्यपारख, गुरु विमुष, राम विमुख, सन्मुख विमुख, अज्ञानी, विचार, निर्णय, विचार, लोभीनर, काल, चेतावनी, मन, हठयोग, माया, कामीनर, निद्रा, सांच।

रेखता (१६) पृ० ४९८—६१० तक—गुरुदेव को अंग, भेषधारी, सरण, प्रेमप्रकाश, परिचय, विचार, सूरातण, सारग्राही, चेतावनी, असाधु, कामीनर, सांच, भेष, चांणक।

(१७) गुरु महिमा, नामप्रताप, शब्द प्रकाश, चेतावनी, मनखंडन।

(१८) शब्द समात पृ० ६११—६६६ तक—गुरु शिष्य गोष्टी, ठग की परीक्षा, जिंद परीक्षा, पंडित, समाधि, लक्ष्य—अलक्ष्य, साधलक्ष्य, वेज्ञुगति, काफरबोध।

गाने के पद

राग भैरव इत्यादि, गाने के भक्ति संबंधी पद, (१९) पृ० २६७—७३६ तक राग भैरव, रागललित, रागविभास, विलावल, जैजैवंती, रागआसा, गौड़—ध्वनि इत्यादि सहित, वसंत, काफी, आसावरी, कल्याण, कनड़ों, कनड़ा, राग वहाग, मंगल, पंजाब, राग गिरनारी, राग सुवा, सोरठ, मारु, जैतश्री, धनाश्री, राग केदारी, जोग धनाश्री, आरती।

(२०) अणभै विलास। पृ० ७३७—७५९ तक—अणभै विलास ग्रंथ, गुरु शिष्य संवाद, संग महातम, संग पारस, सतपुरुष, असत पुरुष, मुक्त जन परीक्षा, जिज्ञासा साधु लक्षण।

(२१) सुखनिवास—पृ० ७६०—७८७ तक—ग्रंथ सुखनिवास, दाताक्या, रचना, अभिमान, आया, मोह, सर्वज्ञ, उत्तम इत्यादि शब्दों की परिभाषाएं राम विमुख का निषेध, राम विमुख का लक्षण, अपारख, कपटी और कुबुद्धि।

(२२) पृ० ७८८—८१३ तक—दादसमो प्रकरण, डर क्यों, जतन क्या, जाल क्या, दुखदाई, विह्वल काल कब आवेगा ? । वैराग्य बरकत ठीक क्या, अशुद्ध व्यवहार।

(२३) पृ० ८१४—८३४ तक—सूरापण, जिज्ञासु, सबोध, आत्म प्रबोध, सूर कायर।

(२४) पृ० ८३५—८५९ तक—ग्रंथ विश्वास बोध, आत्मशोध भवितव्य और विश्वास निरूपण।

(२५) पृ ८६०—८८६ तक—ग्रंथ जिज्ञासुबोध, आत्म प्रबोध, गुरु स्तुति और ग्रंथ संख्या निरूपण।

(२६) पृ० ८८७—९१६ तक—विश्रामबोध, सुख संबोध, ग्रंथ संख्या निरूपण।

(२७) पृ० ९१७—१०७४ तक—राम रसायन ग्रंथ, गुरु शिष्य पारख निरूपण आनन्द प्रबोध सरणूं, स्मरण, ज्ञान धारण निरूपण, अकिल, धारक, लक्षित सकार स्पर्श प्रेम, अध्यात्म ज्ञान, भोगत सकार, अकिल विचार, चंचल तात सकार, विगति, सोनिकाज साल्ह्या, ऐसा साल्ह्या वाचिक तक सकार, असलाकी आशा मुखी, कुदिशा, दोइ आसै मिलै, सो भेष दरसन गति, रोम, तृष्ण, संतोष, मुतलब सकार, हंस्पात सकार, दया, उपदेश, चेतावनी हारबीत, अर्थात् माया मतलब हंस्पा लोभ खंडन और उपदेश चेतावनी, काम खंडन तिमिसंग, सुरापण, गुरु महिमा और संख्या निरूपण। रामचरण की वाणी संपूर्ण।

राम जनजी की वाणी।

(२८) पृ० १०७४—११८४ तक—स्तुति, ज्ञान प्रबोध, प्रकाशबोध निरूपण, साधु लक्षण, साधु संग, गुरुशिष्य पारख भक्ति योग अंग निरूपण, नाम महात्म्य वर्णन, वैराग्य विधि निरूपण, उत्तम भक्ति योग, अद्वैत ज्ञान, प्रलय निरूपण, युग, वर्तमान युग, धर्म, नाम और दृढ़ता, कुसंग त्याग, निज वैराग्य, गुरु महिमा निरूपण, ज्ञान प्रबोध ग्रंथ संपूर्ण।

(२९) पृ० ११८५—११९६ तक—ग्रंथ ध्यान वगीचो।

(३०) पृ० ११९७—१२६४ तक-सुमिरण सिद्धान्त, गुरु ध्यान की परिभाषा, स्मरण भेद, समता, मनजेर, मन उपदेश, राम गुरु से विनती, तीन गुणों से पार होने का साधन भक्ति, प्रीति, प्रगिभाव, उत्तम विचार, जगत अभाव चेतावनी, साधु लक्ष्य, उपदेश, जिज्ञासु गति, कुसंग, कुवधित सकार, फोकटक (करनी विन कथन), गुरुकृपा, शिष्य दीनता, सुमिरण सिद्धान्त पूर्ण।

(३१) पृ० १२६५—१८८८ तक—ग्रंथ श्रवंग सार—स्तुति, गुरुदेव स्तुति, विचार माला, संत स्तुति (पहला विधान), गुरु मिलाप महिमा, गुरुदेव की विशेषता, एकादश का प्रसंग (दूसरा विधान) गुरु लक्षण निरूपण (तीसरा विधान) गुरु कसैाटी, शिष्य शुद्धात्मा, गुरु सामर्थ्य, शिष्य अशुद्धता, कृतघ्नी, मनाधीन, शिष्य प्रतापीक, (चैाथा विधान-शिष्य परीक्षा), सहकाम भक्ति निरूपण (पान्चवा विधान) किसको किस रूप की भक्ति करनी चाहिए (छठा विधान)। निर्गुण निजमूल भक्ति निरूपण (सातवां विधान)। नवधा भक्ति वर्णन श्रवण, कीर्ति स्मरण पादसेवन, अर्चन, वंदन, दासभाव, साख्य भाव, नैवेद्य, आपा अर्पण किया उसका भेद (अठवां विधान)। विकार, सुमिरण नाम निरूपण, रामनाम की सर्वोच्चता, स्मरण टेक, पतिव्रत निरूपण (दशवां विधान) नाम महिमा निरूपण, (ग्यारहवां विधान)। सुमिरण नाम माहात्म्य निरूपण (बारहवां विधान) उत्तम भक्ति ज्ञान निरूपण (तेरहवां विधान)। बंध, मोक्ष, अशुभ वासना

निरूपण, (चौदहवां विधान)। अंग दूषण, वैराग्य निरूपण, (पंद्रहवां अध्याय)। अजाचोक वैराग्य, अजगरी भवरवृत्ति निरूपण, (सोलहवां विधान)। संन्यास योग, शुद्ध वैराग्य निरूपण (सतरहवां विधान), लक्ष्य अलक्ष्य वैराग्य वेष निरूपण (अट्ठारहवां विधान)। भेष की आड़ में भिक्षा मांगने वालों की गति, कदरज स्वरूप, निंदित धन से उत्पन्न पन्द्रह अनर्थों का वर्णन (बीसवां विधान) सतसंग महिमा निरूपण, साधु लक्षण निरूपण (इक्कीस व वाइसमो विधान)। सोत प्रसाध—महिमा निरूपण, जोव दया निरूपण, (तेईसवां विधान)। अधर्म कार्य, दास लक्षण (चौवोसवां विधान) राम विचार कुसंग त्याग निरूपण (पच्चोसवां विधान), कुसंग लक्षण निरूपण (छब्वीसवां विधान) परधन परत्याग, जोग, कर्म-धर्म निरूपण (सत्ताइसवां विधान)। काम खंडन निरूपण (अट्ठाइसवां विधान) शोल, सुधर्म निपरूण (उनतोसवां विधान)। माया खंडन आशा लोभ निरूपण (तोसवां विधान)। माया खंड तत अतत निरूपण (इकत्तीसवां विधान), चेतावनो काल को गति, गृह कूप का वर्णन, (बत्तीसवां विधान)। मन प्रसंग (तेतीसवां विधान)। बाहरी भ्रम, भूमि भेद निरूपण (चौतोसवां विधान), भ्रमभेद खंडन, मनसा तीरथ निरूपण (पैतीसवां विधान)। साधु महिमा निरूपण (छत्तीसवां विधान)। साधु पारख निरूपण (चौतोसवां विधान)। लक्ष्य अलक्ष्य पंडित परीक्षा निपरूण (अड़तीसवां विधान)। योगो लक्ष्य, अष्टांग योग, विचार परीक्षा, वमंक परीक्षा, शोल परीक्षा, संतोष परीक्षा, निरवैर परीक्षा, सहज परीक्षा, शून्य परीक्षा, समाधि, सिद्ध, अणिमादि के लक्षण, जोगी के गुण (उनतीसवां विधान—दर्शन लक्ष्य निरुपण)। रोजा वृत्त निषेध, भूत खंडन, महंत का लक्षण, राम नाम महिमा (चालीसवां विधान)। निज वृत्त भेद (इकतालीसवां विधान)। अवंग सार ग्रंथ संपूर्ण।

(३२) साधुवर दूल्हा राम जी के फुटकर शब्द।

पृ० १८८९—१९७१ तक स्तुति (निरंजन स्तुति) गुरुदेव स्तुति, साखी गुरु देव का अंग, स्मरण का अंग, नाम महात्म्य, नाम सामर्थ, विनती जोवन का अंग, सारग्राही का अंग, विश्वास का अंग, जन देह जीत का अंग, साधु संगति का अंग, कुसंगति का अंग, ज्ञानी अंग, अज्ञानी का अंग, निर्वासन का अंग, पतिव्रता का अंग, व्यभिचारिणी का अंग, सूरातन का अंग निश्चय का अंग, सती का अंग, वेहद का अंग, असती का अंग, मृतक का अंग, निर्पक्ष का अंग, टेक का अंग, रस अनरस का अंग, सकल का अंग, चंद्रायण गुरु देव का अंग, (गुरु देव का अंग संपूर्ण)। स्मरण, चन्द्रायण विनती का अंग जम कुजम का अंग, विरह का अंग, प्रेम प्रकाश, विचार, साध, परचा, पतिव्रता

व्यभिचारणी, विश्वास, अविश्वास, संतोष, साध संगति, कुसंगति, असाध का अंग, दया का अंग, ज्ञानी, टेक, उपदेश, अहंता, काल, चेतावनी, सांच, भरम विध्वंस, (सवैया गुरु देव का अंग) । स्मरण विनती, सत्संग, बरकत, विश्वास का अंग, चेतावनी का अंग, काल का अंग, (झूलना) गुरु देव का अंग गुरु महिमा, स्मरण, नाम महिमा, प्रेम प्रकाश, बरकत, निवृत्ति-प्रवृत्ति, साधु महिमा, साधु साषी भूत का अंग, सत संगति का अंग, उपदेश का अंग, मन का अंग, चेतावनी का अंग, काल का अंग, अकलि का अंग, बे अकलि का अंग, दया अदया, फुटकर, मन हरण और कुंडलिया इत्यादि ।

(३३) पृ० १९७२—१९८६ तक—ग्रंथ राम पदति, गुरुवन्दना, गुरु की मेध से समता, गुरु द्वारा ब्रह्मोपदेश वर्णन, रामनामोच्चार महिमा, शरीर की सजावट का खंडन ।

(३४) पृ० १९८७—२०१९ तक—ब्रह्म समाधिलीन योग ।

(३५) पृ० २०२०—२०५३ तक—नवल सागर—स्तुति, उपदेश, गुरुदेव का उपयोग, कलयुग निरूपण, नाम का निश्चय, नाम का प्रताप, रामनाम में प्रीति, भक्ति, सार असार विचार, भजन का प्रभाव ।

(३६) पृ० २०५४—२१३६ तक—यथार्थ बोधः—वंदना—जगन्नाथ को, रामचरण की महिमा, तोको ब्यौरा, विप्रलक्षण राजा लक्षण, आत्म कथा—अठारह से सत्रह की साल, ऐक ऐको विकत हाल ॥ देव करण तहां दरसण पायौ ॥ सुमिजन वचन मोद मन आयो ॥ पाखंड निषेध, जरणां मन गति, नारि लक्षण, काम गति, सन्मुख विमुख, प्रस्ताइक, विश्वास, अदलि, भक्ति, आखिरै लोभ करै सो गति, व्यभिचारिणी, हित पदार्थ, नव संध्या का लक्ष्य, चेतावनी, निंदक की चाल ।

(३७) पृ० २१३७—२१६७ तक—गोपाल कृत प्रहलाद चरित्र—हिरण्यकश्यप को सनकादि का श्राप, उसके पापों से पृथ्वी का कंपित होना, सुर असुरों में वैर होना, हिरण्यकश्यप का तपस्या को जाना, इन्द्र को उसकी स्त्री का हर लेना, नारद का आदेश, इन्द्र का कथन कि इसके गर्भ के बालक का वध किया जायगा, इसका नहीं । इस पर नारद का कथन की इसके गर्भ में भक्त है, ऐसा मत करो, इस पर इन्द्र का अविश्वास, नारद का उपदेश, साधु लक्षण, इन्द्र का उसकी स्त्री को नारद के स्थान में रखना, नारद का उसे उपदेश सुनाना । बच्चे को प्रबोध, हिरण्यकश्यप का वरदान लेकर घर लौटना, उसकी स्त्री का भी आगमन, प्रहलाद जन्म, पिता द्वारा उसका पढ़ने को भेजना, उसका भक्ति की ओर मन होना, पिता का क्रोध, भक्त को नाना प्रकार के कष्ट, नरसिंह अवतार, प्रहलाद का भक्ति वर मांगना, नरसिंह का तथास्तु कथन ।

(३८) पृ० २१६८—२१९९ तक—जगन्नाथ कृत, मोहोमरद राजा की कथा—नारद का भ्रम, परमात्मा द्वारा उसका निवारण, मोहोमरद नृप को कथा सुनना, साधुओं की बड़ाई, ईश्वर द्वारा स्वयं साधुओं का ध्यान करने का कथन, नारद का मोहोमरद नृप के दर्शन के लिये गमन, नारद के वहां पहुंचने पर मुनि का योगमाया उत्पन्न करना, और उसके मोहजित होने की परीक्षा, नारद का परिचय लेना और नृप के पुत्र का मृतक होना, दासी का उपस्थित होकर राजा के पास चलने की प्रार्थना, इस पर मुनि का उनके घर में शोक बताना, दासी द्वारा उसका खंडन, पुनः रानी का मुनि के पास आना और चलने की प्रार्थना और मोह खंडन के विषय में कुछ उदाहरण उपस्थित करना, मुनि का नृप के पास आना और पुत्र शोक के कथन में उदाहरण उपस्थित करना, राजा का मोह खंडन करना, सत्यादिक नृप की कथा सुनाना, चार भाइयों की कथा सुनाना, दो कुत्तों की कथा, एक कुम्भकार के पुत्र की कथाओं द्वारा पुत्र कलत्रादि का मोह खंडन, नारद की तृप्ति, नारद का उस लड़के की स्त्री के पास जाना, उसका शिष्टाचार, नारद का उसके पति के मृतक होने का प्रसंग छेड़ना, उसका ज्ञान कथन और सीतादि के उदाहरण देकर कर्म की प्रधानता बतलाना, नारद का नृप की वंदना करना और ईश्वर के पास आकर उनकी स्तुति करना।

(३९) पृ० २२००—२२०८ तक—राम सागर ग्रंथ, नैमषारण्यक तीर्थ में सौनिक का सब मुनियों से प्रश्न करना कि कहो हरि कैसे मिलते हैं ? सब का चुप रहना, नारद आगमन. सौनिक का नारद से भी वही प्रश्न करना, मुनि का शिव जी द्वारा सुना हुआ राम नाम का महत्त्व बताना, जो शिव जी ने कभी पारवती को सुनाया था।

(४०) पृ० २२०९—२२२० तक—कृष्ण उद्धव संवाद—कृष्ण का कथन कि श्राप के अनुसार यदुकुल का विनाश होना है, मैं भूमि के भार को उतारहो चुका अतः मैं भी अंतर्धान होऊंगा, तुम मोह मदादिक को त्याग ईश्वर भजन में संलग्न रहना, उद्धव का कथन कि महाराज यह मोहजाल क्योंकर दूर होगा ? इस पर कृष्ण का दत्तात्रेय और यदु का संवाद सुनाना, यदु का प्रश्न कि महाराज आप में इतना ज्ञान कैसे उत्पन्न हो गया, अवधूत का उत्तर कि मेरे बहुत से गुरु हैं—क्रमशः गुरुओं के २४ नामों को लेकर प्रथम आठ की कथा सुनाकर उनसे गुण ग्रहण करने का कथन (धरनी, पवन, गगन, पानी, अनल, चंद, रवि, कपोत)।

(४१) पृ० २२२०—२२२७ तक—सूकर, कूकर, अजगर, सागर, मधुकर, हस्ती, मधुमाखी, मधुहरा, पिंगला (वेश्या) सत्रह गुरुओं की कथा।

(४२) पृ० २२२८—२२३२ तक—कहर पंक्षी, बालक, सांप, सती, मकड़ी भृंगी कीट, चैाबीस गुरुग्रों को कथा सुना कर शरीर का नश्वर सिद्ध कर परमात्मा में स्नेह लगाने का वर्णन।

(४३) पृ० २२३३—पृ० २२४६ तक—भिक्षुक गीता कथन—भागवत के ग्राधार पर—एक ब्राह्मण का विरक्त होकर के भिक्षुक होना, लोगों का उसे तंग करना ग्रैार उसका ज्ञानोपदेश।

(४४) पृ० २२४७—२२५३ तक—ऐलव गीतव व्याख्यान। इन्द्र का उरवसी के विरह में दुखित होना, फिर ग्रपने ग्रज्ञान पर मोहित होकर ज्ञान उत्पन्न होना।

(४४) पृ० २२५४—२२६२ तक—जड़भरत को गाथा—राजा भरत का विरक्त होकर बन में चला जाना। वहां पर एक हिरण-शावक के साथ दया के संसर्ग से शरीर छोड़ कर मृग हो जाना, पश्चात मृग शरीर के त्यागने पर एक ब्राह्मण के यहां जन्म लेना, पिता के पढ़ाने लिखाने पर न पढ़ना, उनका नाम जड़ भरत पड़ना, भरत का देवी को वलि दिया जाना, देवी द्वारा भरत की स्तुति ग्रैार वलि को न ग्रहण करना, एक राजा का मोह दूर कर भरत का उसे ज्ञान देना ग्रंथ की समाप्ति।

No. 376. Sarasadāsajī kī Banī by Sarasadāsa of Vṛindāvana. Substance--Country-made paper. Leaves--8. Size--8 × 7 inches. Lines per page—48. Extent--336 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character--Nāgarī. Place of deposit—Babū Śyāma Kumara Nigama, Rāe Barelī.

Beginning—श्री कुंज विहारी जी। ग्रथ सरस दास जी की बानी लिष्यते ॥ कवित्त ॥ रसिक सिरमैार श्री हरिदास स्वामी ॥ विविधि वर माधुरी सिंधु में मगन मन वसत बृंदा विपुन वर सुधामी ॥ महल निजु टहल में महल पावै न कोऊ छत्र पतिरंक जिते करमकामी ॥ रसिक रस रीति की रीति सों प्रीति निति नैन रसना रसत नामनामी ॥ हदै कमल मधि सुख सेज राजत दोऊ ॥ रसिक सिर मैार श्री हरिदास स्वामी ॥ १ ॥

ग्रनन्य मति धनि श्री हरिदास स्वामी ॥

जमुन कलकूल कलकेलि कलकलप तरु तीर छवि भीर वसैं वर विश्रामी ॥ मंजु नव कुंज सुष पुंज गुंजै सुनत सरस ग्रनुराग गुनराग धामी ॥ पछि लछि लछि ग्रलछि लछैन सुलछ निरषि निरपेछ लता ललित नामी ॥ नैन पुतरीनि ऊपर सुष सेज कोवृत दोऊ ॥ ग्रनन्य मनि श्री हरिदास स्वामी ॥

End—मदन दवंज सुष पुंज गुंज अलि इंजन षेल बख्यो सुषदाई। भूषन वसन व्यसन न्यारे प्यारे मिलि करत केलि मन भाई॥ अंग अंग सौ संग रंग छवि उपजति मानौं सुरंग ओढ़नो दरंग उठाई॥ करत विहार विहारो विहारनि सरसदासि नेवत मुस न्याई॥ ३७॥ विमल पुलिनि मंडल मधि राजत नागरी किशोर मोर मुकुट भूषन दुति काछनो बनाई॥ नृतत रास रंग भरे उरपति रव सुलप लेन ताल सचित लाग डाट अति गति मन भाई॥ अपने अपने रंग गावति मिलिवत तान तरंग वह सुवख्यौ सनमुष सुष भृकुटी नैन नचाई॥ करन सैां कर जोरत हंसि हंसि रीझि उर लागे लटकत तन मन मगन सरस दासिनि सुषदाई॥ ३८

भूलें फूल डोल दोऊ फूल भरे।
फूल वसन फूस आभूषन हंसनि दसन ये फूल झरे।
फूल्यो फूल मनोज मोज रति कसि कसि अंगन चोज करे॥
अलिगुन गावै फूल बढ़ावै रीझि भीज सरस रीति ढरे॥ ३९॥
इति श्री सरसदास जी को बानी रस को संपूरन॥

Subject.—१—हरिदास जो के प्रति वंदना।
२—नागरीदास प्रति भक्ति वर्णन।
३—श्रीकृष्ण के भक्ति विषय के स्फुट पद।
४—सिद्धांत के कवित्त।
५—७—श्रीकृष्ण के कोमल भाव परम उज्वल शृंगार का वर्णन।
८—श्रीराधाकृष्ण का विलास वर्णन।

No. 377. Virahasāgara by Bābā Sarajudāsa of Kotawā (Bārā Bañkī). Substance—Country-made paper. Leaves—10. Size—8 × 6 inches. Lines per page—20. Extent—125 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance--New. Character--Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1938 or A. D. 1881. Place of deposit--Paragidāsa, Village Jadawāpur, Post Office Baranāpur, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—ऐसे घन नामी सुनो सतनामी अंतरजामी सत साईं॥ सब गुनलायक रुचि फलदायक प्रगट जन ताईं॥ बहु बालक साथे महिरज हाथे लावत माथे वंदि छोरा॥ पायन पैजनियां पहिरे चैातनियां सोहत करधनियां छत सोरा॥ सतगुरु अंगनाई वैठे यकठाईं षेलत साईं रंग गोला॥ अचल पसारी तकि महतारी सुनै नरनारी करि लीला॥ बालक अविगति रूप किरति अनूपा अघ हरना॥ प्रभु कीरति पावन सत मन भावन जग कलुष नसावन है तारन

तरना ॥ हरिजन कारन असुर संघारन पतित उधारन सत सामी ॥ संतन अभिलाषत कीरति भाषत जन प्रन राषत निहकामी ॥ सब बालक संगा चढ़े तुरंगा फिरत उमंगा कर कोड़ा ॥ जेहि दुषिया जानत सरनै आनत तेहि सनमानत दै घोड़ा ॥ करैं प्रतिपाला बकसि दुसाला दीनदयाला छिन माहीं ॥ भजि नाम रसाला भै मतवाला नैन कराला कछु भै नाहीं ॥

End—दोहा ॥ रोवैं जिव जंतू पंछी पसु संवरि संवरि गुनगाथ । आपु समान्यो सुन्य मा मोहि करि गयो सनाथ ॥ सोरठा ॥ सो मंडफ बनवाइ दीन्ह छोटानी दास तब । चरन कमल मन लाइ हिरदे मा विस्वास करि ॥ त्रोटक छंद ॥ संतन की दाया तव कहि गाया यह अरजी । सुनो नर नारी कहेउं पुकारी लै मरजी ॥ भक्तन पर दाया किहे रहें छाया अस परतापी रहे साईं । भै कृपा निधाना अंतर ध्याना अबहुं हरै तन अघ झाईं ॥ वह देषि ममाधी तरै अपराधी तजि मोहमदा ॥ बहु दोषी धाये दरसन पाये तरे तुरत रहे पाप लदा ॥ जे करि कामन धावै ते तुरतै फल पावै अस परतछ समाधी ॥ जे जगत भुलाने ते आइ तुलाने कटिगे तेहि भव व्याधी ॥ दोहा ॥ अबहुं तबहुं किरपा किहिनि ऐसे कृपा निधान । सरजू का यह दीजिये गुप्त भजे धरि ध्यान ॥ दोहा ॥ इन्दुदवन गुर साहेब भये प्रगट जगत धरि देहं । प्रभु सनमानि लघु तात तेहि दीजे नाम सनेह ॥ चौ० कोटवा धाम सत गुर मन भावन । अवर न टट वट छांह सुहावन ॥ कूप कुटी घन विटप सोहाये । मेला हाट देषि मन भाए । मंडप दरस पूरि अभिलाषा । पच्छिम द्वार बैठि तहं भाषा ॥ इति श्री विरह सागर बानी सरजू दास को संपूरन सुभमस्तु पौषमासे शुक्लपछे तिथौ ११ श्री संवत १९३८ जो प्रति देषा सो लिषा लेषक परमानंद कवि बसत सरैयां ग्राम । जो प्रति देषा सो लिषा सिद्ध करै श्री राम ॥ राम राम राम—

Subject—इस पुस्तक में बाबा जसकरन दास का मृत्यु काल वर्णन है। इसमें उनके गुणों का स्मरण करके विरह प्रगट किया गया है।

No. 378. Mahābhārata Aswamedha Pārva (Jaimini-purāṇa) by Saraju Rāma of Awadha. Substance--Country-made paper. Leaves--308. Size--$12\frac{1}{2} \times 5\frac{1}{2}$ inches. Lines per page--14. Extent--8,085 Anushṭupa Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1805 or A. D. 1748. Date of Manuscript—Samvat 1885 or A.D. 1828. Place of deposit—Paṇḍita Śyāma Bihārījī Miśra, Golāgañja, Lucknow.

Beginning—श्रीगणेशायनमः ॥ चंतज्जैलो लसति वारिद रम्य गात्रं, विद्युत प्रभावर विभूषितमम्बुजाक्षं। कंदर्प्प कोटि सुभगं व्रज सुंदरीणां, नेत्रोत्सवं भजतु नंदकिशोरमीशं ॥ १ ॥ मज्जै मुनो प्रभतिभिर्मुनिभिर्विचित्रं, माख्यान मद्‌भुत तरंग दितंजपूर्वं तद्भाषया सत्युराम प्रसिद्धिनामा, धर्मास्वमेध मिहरम्यतमं तनोति ॥ २ ॥ सोरठा—गुण गन ज्ञान निधान मंगल मय सुखमा सदन। कलि विष तूल कृसानु एक रदन करिवर वदन ॥ ३ ॥ जाहि अमंगल मूल सुमिरत गणपति गैारि सुत। जरहि व्याल जिमि तूल विघन व्याधि संकट सकल ॥ ४ ॥ छंद—नमो गैारिजा ज्ञान रूपं गनेसं। तमो मोह मज्ञान नासं दिनेसं ॥ नमो धूम्रकेतुं गनेसैक दंतं। नमो विघ्न छेदं धरं परसु हस्तं ॥ नमो बुध्यकांतं नमो गैारि पुत्रं। नमो निर्विकारं नमो चारु वक्र ॥ नमो बुध्य बुध्यं नमो संत रूपं। नमो ज्ञान गोपार सिध्यं सरूपं ॥ भजेहं गणेशं गुणं ज्ञान गेहं। नवोनार्थ वर्णं सुभं सुभ्र देहं ॥ करिन्द्राननं सोभितं इन्दु भालं। चतुर्वाहु कंठं चलं चारु मालं ॥

End—छंद—सुख पाइहै सुनि सुनत श्रोता जिन्हे प्रिय हरि जस अहो। परसिद्ध जैमुनि की कथा अति कूर कविता को कही ॥ वल बुद्धि विद्या होन हनि मति अज्ञ अैागुन मय महा। श्री गुरु कृपा यह चरित कछु निर्मित सो नियमित कर कहा ॥ दोहा—विशिष व्योम वसु बुध्य सुकुल अष्टमी फाग। पूरण भइ श्री गुरु कृपा कथा युधिष्ठिर राज ॥ (निर्माणकाल सं० १८०५ वि०)। इति श्री महाभारथ पुराणे अश्वमेधि पूर्वे सूत सैानिक संवादे जैमुनि पुराणे जज्ञ कृत्ते राजा युधिष्ठिर समाप्तं षट त्रिंशतमोऽध्यायः ॥ दोहा—वन रिपु ता रिपु तासु रिपू तारिपु रिपू असवार। सो तोरी रक्षा करै घरी घरी सब वार ॥ मिदं पुस्तकं लिख्यतं ललितादीन पाण्डे स्वयं संवत १८८५ वि० भाद्रमासे कृष्ण पक्षे पार्वणि त्रियोदश्यां चंद्रवासरे शुभम् ॥ तैलं रक्षं जलं रक्षं रक्षं शिथिल बंधनम्। मूर्ख हस्ते न दातव्यं मेते वदति पुस्तकम् ॥ राम राम राम ॥ इति ॥

Subject—पृ० १—५ तक प्रार्थना, मंगलाचरण, विष्णु, गणेश, देवी, शिववन्दना, वाणी, गुरु स्तुति वर्णन। पृ० ६—११ तक भीष्म, युधिष्ठिर अैार व्यास संवाद, युधिष्ठिर का वैराग्य होना, अैार व्यास का समाधान करना तथा उसके लिये विधि बतलाना। पृ० १२-१९ तक यज्ञ मंत्रणा करना कृष्ण आदि मिल कर पृ० २०-३१ तक। भीम अैार अर्जुन का धन अैार घोड़े के लिये यात्रा करना, जोवनास से मैत्री होना अैार घोड़ा लाना। पृ० ३२—३८ तक। यज्ञ की तय्यारी होना, जोवनास सम्मिलन अैार हस्तिनापुर आना। पृ० ३९-४७ तक। भीमसेन का द्वारका जाना अैार श्रीकृष्ण जी के साथ देवकी यशोदादि को लाना। पृ० ४८—५७ तक अनुसाल का षड्‌यंत्र रच कर युद्ध करने का प्रयत्न करना, अैार घोड़ा

चुराना, घोर युद्ध होना, वृषकेतु का अनुसाल को पकड़ना। पृ० ५८—६३ तक घोड़ा छोड़ना, अर्जुन, अनुसाल, जीवनाथ, वृषकेतु आदि का साथ होना पृ० ६३-७० तक मदुरा के राजा नीलध्वज के यहां जाना और उसका घोड़ा पकड़ना नील-ध्वज का युद्ध वर्णन, अर्जुन का अग्निदेव की स्तुति करना, अनल का नीलध्वज को कन्या से विवाह वर्णन पृ० ७१-७३ तक। नीलध्वज का युद्ध वर्णन बभ्रुवाहन को कथा। पृ० ७४—७८ तक। एक स्त्री को मुनियों का भोजन शूकर को देने से शापवश पत्थर हो जाना और प्रार्थना पर अर्जुन के पद छू कर तरने का वरदान देना, शिला से घोड़ का चिपकना, अर्जुन का छुड़ाना—पृ० ७९—८७ तक—घोड़ा का हंसध्वज के यहां पहुंचना, सुधन्वा के सत्य की परीक्षा तप्त कड़ाही में कूदना, द्विजों का समाधान होना पृ० ८७—१०० तक—सुधन्वा पांडव संग्राम वर्णन, वध होना। पृ० १००—१०७ तक सुरथ पांडव युद्ध वर्णनम् व वध होना, पृ० १०७—११० तक। एक सरोवर पर जा कर घोड़े का सिंह होना, अर्जुन को प्रार्थना पर फिर घोड़ा बन जाना वर्णन पृ० ११०—११४ तक। प्रमिला का घोड़ा पकड़ना, उसका युद्ध को प्रस्तुत होना, अर्जुन के हार की प्रतिज्ञा पर घोड़ा छोड़ना, पृ० ११४—१२० तक वेगन राक्षस से युद्ध व वध वर्णन और माया का नाश करना—पृ० १२०—१३६ तक—घोड़े का मनिपुर में आना अर्जुन का पुत्र बभ्रुवाहन राजा था, चित्रांगदा मा थी, बभ्रुवाहन का युद्ध वृषकेतु प्रद्युम्न आदि को युद्ध में हराना, अंत में अर्जुन का पुत्र मानना और बभ्रुवाहन का अपमान जो अर्जुन ने किया भूल जाना, पृ० १३७—१४० तक। लवकुश कथा वर्णन। पृ० १४१—१४८ तक जानकी वन गमन वर्णन। पृ० १४९—१५९ तक। लवकुश जन्म कथा वर्णन व विद्याध्ययन शिक्षा वर्णन। पृ० १६०—१७३ तक लवकुश का अश्व पकड़ना और शत्रुघ्न से युद्ध होना पृ० १७४—१८६ तक। लवकुश का लक्ष्मण, सुग्रीव अंगद विभीषण सब से युद्ध वर्णन। पृ० १८७—२०० तक लवकुश का भरत से युद्ध वर्णन। पृ० २०१—२१४ तक। लवकुश सीता का राम से मिलना, सब का जी उठना और सीता जी का अयोध्या में कुमारोंसहित आना, पृ० २१४—२२४ तक। अर्जुन और बभ्रुवाहन का युद्ध होना तथा अर्जुन का वध वर्णन। पृ० २२४-२३३ तक—चित्रांगदा का दुःखित होना और पाताल से अमृत लाने को कहना, बभ्रुवाहन का जाना और नागों से युद्ध होना—पृ० २३४—२४० तक। सिर का खो जाना, बभ्रुवाहन का सञ्जीवन रत्न लेकर आना कृष्ण का कुंती, भीम आदि समेत आना, अंत में दुःखित हो बभ्रुवाहन ने अपना शिर दे दिया तब श्रीकृष्ण ने सब को जीवित कर दिया। पृ० २४०—२४७ तक। ताम्रध्वज का घोड़ा पकड़ना, मयूरध्वज का सेना सहायतार्थ भेजना व अर्जुन का मूर्छित होना। पृ० २४८—२६० तक कृष्ण जी का विप्र भेष से मोरध्वज की

परीक्षा करना और वरदान देना और सत्कार पाना—पृ० २६१—२६७ तक। चंदेरी के चन्द्रहास राजा के यहां आना, घोड़े का तैर जाना, सेना का पीछे रह जाना, अर्जुन को नारद का मिलना, नारद का चन्द्रहास की कथा कहना और कुलिंद के यहां कुमार का आना—पृ० २६७—२७६ तक। चन्द्रहास की वीरता व उदारता का वर्णन। पृ० २७७—२८९ तक। चन्द्रहास की कथा व इतिहास तथा तप दर्शन पृ० २९०—२९४ तक घोड़ा का जयद्रथ के पुत्र के देश में जाना, अर्जुन का नाम सुनकर मर जाना, और कृष्ण का जिलाना वगदालभ्य का सम्मिलन वर्णन—पृ० २९५—३०३ तक—अश्वमेध यज्ञ में राजाओं का आना और सानन्द पूर्ण होना। पृ० ३०४—३०८ तक। वकदालभ्य को दान देना, सब को विदा करना, युधिष्ठिर का कृष्ण की स्तुति करना—विप्रों को दान देना—

No. 379 (*a*). Kavitta Ratnākara by Senāpāti. Substance--Country-made paper. Leaves--31. Size--10 × 7 inches. Lines per page--72. Extent—1,674 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character - Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1706 or A. D. 1649. Date of Manuscript—Samvat 1884 or A. D. 1827. Place of deposit— .

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ कवित्त रत्नाकर लिष्यते ॥ परम जोति जाको अनंत रहि रही निरंतर। आदि अंत अरु मध्य गगन दश दिशि वहि अंतर॥ गुण पुराण इत् साह वेद वंदीजन गावत। धरत ध्यान अनुवरन पार ब्रह्मादि न पावत। सेनापति आनंद घन रिद्धि सिद्धि मंगल करन। नायक अनेक ब्रह्मांड को एक राम संतन सरन॥ कवित्त॥ पाई जो कविन जल थल जप तप करि विद्या उर धरि परहरि रस रोसो हैं॥ ताकि कविताई को सुजस सुपञु चाहतु हैं सेनापति जानत जो अक्षर न ओसो है॥ पाय के परस जाके शिलाहू सचेत भई पायो वोध सार सारदाऊ को धरोसो है॥ और न भरोसो जिय परत परोसो ताही राम पद पंकज को पूरण भरोसो है॥ भूप सभा भूषन छिपायो पर दूषन को बोल एक दूषन कहेन देह पार के॥ राज महराजनि पूरे सकल कलानि सेनापति गुणषानि औरहू को गुणदाइ के॥ तुमही बताई कछु कीन्हीं कविताई तामे होइ जोगताई दुचिताई के सुभाइ कै॥ बुद्धि के बिनायकै गुसाई कबि नायके सो लोजिये वनाय कै कहत शिरनाइ के॥

End—अथ गूढ़ार्थ—ज्योतिस ताते पाइये संतति नीको होइ। सेनापति जो तप करै संतति पावै सोइ॥ सेनापति जो कामिनी बंधी कछू लषैन॥ कवि नव पाने कौल से ताही तीके नैन॥ सेनापति वर्न्यो तुरंग उरगदमन को भाइ। तौन

१८१—अश्वत्थामा को पकड़ लेना।

१८२—धृतराष्ट्र और गांधारी का युद्ध स्थल में आना, धृतराष्ट्र, गांधारी का युधिष्ठिर अर्जुन आदि के संवाद तथा गांधारी का विलाप वर्णन।

१८३—धृतराष्ट्र का भीम से मिलने की इच्छा करना और श्रीकृष्ण का भीम से न मिला कर धातु मूर्ति से मिलाना जिसे धृतराष्ट्र का चूर चूर कर देना।

१८४—युधिष्ठिर का सब का अंत्येष्ट कर्म करना। युधिष्ठिर का विलाप वर्णन।

१८५—युधिष्ठिर को भीष्म के पास लाना। भीष्म का युधिष्ठिर को ज्ञानोपदेश वर्णन, भीष्म का मरण वर्णन।

१८६—भीष्म का दाह कर्म करने का वर्णन, युधिष्ठिर का राज्य छत्र धारण करना। परीक्षित का जन्म वर्णन।

१८७—युधिष्ठिर के सुराज्य की कथा वर्णन।

१८८—१९०—कुंती, द्रौपदी, अर्जुन, भीम, नकुल, सहदेव और युधिष्ठिर का अपनी पूर्व इच्छा का वर्णन करना।

१९१—१९५—युधिष्ठिर का सुराज्य वर्णन, परीक्षित को राज्य देना, पांचों भाइयों और

१९६—द्रौपदी का हिमालय जाना वर्णन, चारों भाइयों सहित द्रौपदी का हिमालय में खपना और युधिष्ठिर का स्वर्ग जाना वर्णन।

१९७—ग्रन्थ की प्रशंसा वर्णन।

No. 424. Sākhī Dasa Pātaśāha kī by Swarūpa Dāsa of Punjāb? Substance--Country-made paper. Leaves--508. Size--13½ × 10½ inches. Lines per page--36. Extent--15,000 Anushṭup Ślokas. Appearance--Good. Written in Prose and Verse. Character--Gurumukhī. Date of manuscript--Samvat 1897 or A. D. 1890. Place of deposit--Sardāra Budhela Siṃha, Mohalla Gudadī Bāzār (Baharāich).

Beginning—ॐ सत गुरुप्रसाद ॥

दोहरा ॥ श्री सत गुरु प्रकास ॥ साखी जनम जग पावत नित नीत । महिमा प्रकास तिह नाम पर लिख पोथी कोनो मोत । १ नमो नमो परमातमा सतगुरु कृपा निधान । अघ दंडन मंडन भगत वंदन जगत महान । अथ राज जनक प्रसंग अनिक जावन नरक सों मुकाय सुरग पठवत भये । पर वचन भगत कीया प्रथम चरन कलुहरि भगत पायो पार होइ । सोरठा ॥ कोटि छिन वे जोव मुकताये नर को जनक । वर वचन भगत तेहि कीन तिहि ते हरि गुरु वपुधरा ॥

End—दोहरा-हे गुरु कृपानिधान दास सरूप विनती करै । गुरु चरनन मन ठानि हृदय नाम हर हर हरै ॥ ७१ ॥ अब दाजै मोहि दान जहि विधि वलि बामन कह्यो । हृदै बसो भगवान जेहि विधि वलि द्वारे रह्यो ॥ ७२ साखी सम्पूरण भई दसो पातसाह को पढ़न्ते सुनन्ते माख मुकति लहन्ते । श्री वाह गुरु मुख करो उचार । होइ दयाल कर लहु उधार । पोथी संपूरन संवत १८९७ विक्रमी असोज सुदी ९ ॥ इति ॥

Subject—साखी पहले मुहल्ले को गुरु नानक का वर्णन पृ० १ से १७९ तक । साखी दूसरे महल्ले को गुरु अंगद का वर्णन पृ० १८० से २०४ तक । साखी तीसरे महल्ले का अमरदास गुरु का वर्णन पृ० २०५—२५६ । साखी चैाथे मुहल्ले का गुरु राम का वर्णन पृ० २५७—२६५ तक । साखी पांचवे मोहल्ले की गुरु अर्जुन का वर्णन पृ० २६६-३०१ । शाखी छटवें मुहल्ले को गुरु हर गोविन्द का वर्णन पृ० ३०२—३४४ तक । साखी सातवें महल्ले का गुरु हरराम का वर्णन ३४५—३७८ । साखी गुरु हरिकृष्ण जी की आठवें महल्ल को ३७९—३८८ तक । नवां मुहल्ला गुरु तेग बहादुर का वर्णन पृष्ठ ३८९—४२७ तक । दसवां मुहल्ला गुरु गोविन्द सिंह जी का वर्णन पृ० ४२८ से ५०८ तक । इति ।

No. 425. Sāmudrika by Tejanātha of Sapahan Ganwañ. Substance—Country-made paper. Leaves—34. Lines per page—12. Extent—264 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old.

Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1892 or A. D. 1835. Place of deposit--Ṭhakura Maheśa Siṃha Village Kohalī Bechai Siṃha kā Purawā, Post Office Kesarganja, District Baharāich.

Beginning—श्री गणेशायनमः अथ सामुद्रिक लिष्यते ॥ शेरसाह बहु दिसि सुलताना अनूप ताहि अनुमान। शगड़ी देश विप्रजन ठाऊ। तेजनाथ बस सपहा गाऊं। भल नहिं अपन अस्तु करई। लोग हंसे निज पुन्यो हरई। गुन निर्गुन सब लोग कि भाषा। जस अपजस अपने ही राषा। दोहा भलमानुस पै जनिहि जस गुआह हमार। साधु सकल गोविंद कह दुर्गन गुन षयकार॥ तेजनाथ सामुद्रिक जानि। आश कर्ण ते कहा वषानी। जेहि जाने सबके सुष होई। सर्व जानि मानै सब कोई। लक्षण सब जहजस देष। नर नारी केरा करब विसेष। जानत कहि न ग्रंथ कर भेऊ। कहै तब जानै सब कोऊ। कहबे मंह भल बुझन हारा। अश मानुस बिरलै संसारा। दो० केउ केउ बात विचक्षण केउ के ग्रंथ पहिचान। गाल गोल रहत षन एक ग्रंथै रहै निदान॥

End—जेहि कामिनि मुष देत सुवेषा। विषम मोट पुनि विररै लेषा। संतत दुःख अरु सुख न ताके। लट्टु समान स्वेत दंत सुभ वाके। लंव श्रोठ पुनि होइ रोवारा। कामिनि निश्चै षाहि भतारा। पाकरि अरुनि कोट सम लेषा। चिकन रोम रहित शुभ देषा। पातर अरुन शुभग मनिआरा। से कामनि स्वामी सुखसारा। नक अंगार लामि हो याके कोपिनि कामनि कहिहु हु ताके। नाक अगार जिस लघु होई। तेहि पर दासी कहि हो सोई। चिपटी नाक विधवा तृष देषी। सुवा टोंट सुभदायक दोषी। ना अति छोटी ना वड़ि नासा। सम सुंदरि सोभी सुषवासा। पीत नयन तृअकज पिआरी। शोल रहित विधवा हो नारी। करंजी आंषि विविचंचल नारी। निश्चय कुलटा कहेउ विचारी। जाके हंसत गंडा हो षाला। सो स्वामी घर बसै न वाला। दुइज चांद सम भोहै जाके। सम नासा अंगुरी लघु ताके। कंत प्रीति तेहि ते अधिकाई। दिन दिन देह सपय अधिकई। इति सामुद्रिक सम्पूर्णम् लिखतं प्रताप सिंह संवत १८९२ ॥ शुभमस्तु ॥

Subject—सामुद्रिक में हस्त रेषा, पद रेखा नेत्र नाक सिर वाल, वाल आदि के द्वारा शुभ अशुभ फल वर्णन किए गये हैं।

No. 426. Kūṭa Kavitta by Thākura. Substance—Country-made paper. Leaves—6. Size—6 × 5 inches. Lines per page—13. Extent—40 Anushṭup Ślokas. Appear-

ance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1842 or A. D. 1785. Place of deposit—Ṭhākura Naunihāla Simha Kānthā, Post Office Kāṇtha, District Unāo.

Beginning—कूट कवित्त लिख्यते—तथा

हरि हित नामै ये वचन सुनि मोहन के दस रस भूषन संवारि चलु गेहरो। सुर अरि गुरु वर वाहन के अरि अरि तापत पिता कें रिपु दाहत है टेहरो॥ कैसे मन कैसे लगै अजहू यो मानतु प्यारो बेगिहो मिधारै की करै नानाम्र नेहरी। दई सेंवारी होतो वाम को कुमारी आज कूं सो छवि वान वेवर देहरो॥ १ अजैां चलु प्यारी तोहि तातें बोलैं खगपति पतिय कई वियोग मैान तेरे में जु आई री। दादुर के रिपु रिपु ताको पति वाको तात वाको अरि कारने निहोरिहैं पठाई री। रवि सुत रिपु ताके पतिय गोपाल लाल ताके सुत सुताको घरनि होति माई री॥ कब कोहैं आई मोहि दीजिये विराट सुत तरो मुख इंदु रिपु जोहत कन्हाई री॥ २ सवैया—अंबु तनै हित नेक रह्यौ तबतें तुम्हरे ढिग बैठी कुमारो। वारुनो औन पितु हग जाम गई निसि मैान फिरो अभिसारो। तो बसु भूप दिसान दई षग पाधिप की जननो करि हारी। जोहत ऐन सरोरुह नैन चलै मघवा रिपु जाहु तिहारो॥ ३

End—पास अहार जो सिंह मरै कबहूं न मरै खर के वह खाये। कागद धूप दिखाये गरै कबहूं न गलै जल मांहि सड़ाये। निसि आये से चन्द मलीन लगै कबहूं न मलीन लगै दिन आये। मानुष सुधारस पीये मरै कबहूं न मरै विष के वह खाये॥ मोन मरै जल के परसे कबहूं न मरै वह पावक लाये। फूल जू फूलै सिना महं कंज कबै नहिं फूलै तड़ाग लगाये। बोलत सर्द में कोकिल है कबहूं नहिं बोलै बसंत के आये। दोप प्रकास करै दिन में कबहूं न प्रकास करै निसि आये। ८ दादुर ग्रीषम बोलै कहूं नहिं बोलत हैं वरषा रितु आये। भानुहि राहु गहै कबहूं नहिं घेरत है निज अवसर पाये। भोजन खाये ते जोव मरै कबहूं न मरै बिन अन्नहिं खाये। ठाकुर चंद पताल उवै कबहूं न उवै जु अकासहि ठाये॥ ९

इति

Subject—इस पुस्तक में दृष्टि कूटक ९ कवित्त और सवैये हैं। जिनमें उलटी बात कही हुई जान पड़ती है जैसे—मोन मरै जल के परसे कबहूं न मरै वह पावक लाये।

No. 427. Dalela Prakāśa by Kavithāna Rāma of Naisawāra Daundia Kheda. Substance—Country-made paper. Leaves—28. Size—12 × 6 inches. Lines per page—60.

Extent--1050 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character--Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1848 or A. D. 1790. Paṇḍita Bipina Bihāri Miśra, Brajarāja Pustakālaya, Village Gandhaulī, Post Office Sidhaulī, District Sitapur.

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ छप्पै ॥ जै लंबोदर शंभु सुवन अंभोरुह लोचन। चर्चित चंदन चन्द्र माल वंदन रुचि रोचन ॥ मुष मंडाल गंडाल गंड मंडित श्रुति कुंडल। वृन्दारक वर वृन्द चरन वंदत आषंडल। वर अभय गदा अंकुश धरन विघ्न हरन मंगल करन। कवि थान नवासय सिद्धिवर एक दंत जै तुव सरन ॥ सरस्वती सुर मंडल मढ़त है आसन कवल अंग अंवर धवल मुष चंद से। धवल रंग नवल चढ़त है। ऐसी मातु भारती की आरती करत थान जाको जस विधि ऐसे पंडित पढ़त है। ताकी दया दीठि लाष पाषर निराषर के मुष ते मधुर मंजु आषर कढ़त है। गुरु देव छप्पै ॥ श्री गणेश गुरु देव ब्रह्म गुरु देव विधाता। रमा रमन गुरु देव देव गुरु शंकर दाता। भुक्ति मुक्ति गुण ज्ञान दान नर अंतरजामी। भव वंधन ते मुक्ति करन गुरु त्रिभुवन स्वामी। चरणारविंद रजशीश धरि नयन भरि जोरे करन ॥ कवि थान नमित धरि भूमि सिर जै जै जै गुरु तुव सरन ॥

End—कमल बद्ध दोहा—

वार भार धर सार कर हर
हर रर बर चार। पार तार जर
मार सर बर घर डर तर डार

अथ चौकी बद्ध।

न मान राषत दुग्रन को लै हाथ
कठिन कृपान न पाकृतमके
पंथ धरत दुलेल भूप सुजान।
न जासु गुन गन थाह पावत कहत
कवि यह बान न थाइ जाकी
मिलत शोभा शील मुष सनमानि॥
इति श्री कवि थान राम विरचिते
दलेल प्रकासे चित्र काव्य वर्णनो
नाम ११ दसो उल्लासः

Subject—श्रृंगार रस नायक नायका भेद व चित्र काव्य वर्णन।

No. 428. Samara Sāra Bhāsha, by Tīrtha Rāja. Substance—Country-made paper. Leaves—28. Size—8½ × 4½ inches. Lines per page—20. Extent—560 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Saṃvat 1807 or A. D. 1750. Date of manuscript—Samvat 1880 or A. D. 1823. Place of deposit—Paṇḍita Durgā Prasādajū Jigania, Pargana Hajoorpore, Police Station Hajoorpur, District Baharāich (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः। अथ समर सार विजयते लिख्यते॥ श्री गणपति पद कमल बिनु तू छिन छिन पद छीन। रंगो श्याम रंग में फिरत मोमन चुंबक दीन।

छप्पय॥ जय जय जय गुण रूप भूप पद कुल दल मंडन। भक्त हेतु तन धरत दोह दानव बल खंडन। करि करि विनय अनन्त सत्त चिन्तित उर धरि धरि। ताको सब व्रज नाम रूप पोवत दग भरि भरि। कहि राज कैान व्रजराज बिन भव बाधा संकट हरन। जय दीन बंधु गिरवर धरन राधा-वर बन्दैां चरन॥ पैरत निशि दिन विषय नद मो मन मोनन हाथ। प्रेम डोर वंशी बिना क्यों पावैं व्रजनाथ। मो करनो करि मोन मन तुम हर नोरद रूप। बरसत सब पर एक रस गिरवर सर वर कूप।

End—अथ आशीर्वाद॥ जैालैां काम तन को उदारता बखानै कवि जैा लैां मन सागर कीरति सुहाति है। जो लैां पंचतत्त्व है बिधाता के अखिल धन जैा लैां कमला को कला कलि में अघाति है॥ जो लैां बसुधा में धाम धाम राम राम रहें जैा लैां बाम बाम अंग भव के निभाति है। तो लैां श्री अचल सिंह धरणी में राज करै धरम धुरंधर पुरंदर को नाति है। ५२

इति श्री महाराज कुमार सिंहाज्ञया तीरथराज कृते समर विजये छाया पुरुष दर्शन नाम सप्तम प्रकाशः समाप्तः शुभमस्तु॥

सोरठा॥ श्री अरजुन नृप हेतु समर विजय भाषा लिखा।
वेला ग्राम निकेत पढ़ै वीर सुख सो लहै॥

दोहा॥ सर युग नग विधु मित शकै सावन वदि शनि रोज।
रामदीन भाषा लिख्यैा सो नीकै नृप तीज॥

Subject—प्रार्थना—राजवंश वर्णन पृ० १—३ तक। जयाजय वर्णन पृ० ४—७ तक। पंच स्वर वर्णन पृष्ट ८ से १० तक। भूवल साधना वर्णन पृ० ११—

१६। अष्टदल चक्र, प्रश्न विचार, जुवा विचार वर्णन पृ० १७—१९। कोट चक्र वर्णन पृ० २०—२३ तक। सर्वतो भद्र चक्र, सूर्य चन्द्र कला, जल छाया पुरुष विचार, आशीर्वाद पृ० २४ से २८ तक। इति।

No. 429(*a*). Gomata Sāra kī Samak Jnāna Chandrikā Nāma Tīkā, by Todara Mala of Sawāyī Jaipura. Substance—Country-made paper. Leaves—1,904. Size—13½ × 6½ inches. Lines per page—10. Extent—53,312 Anushṭup ślokas. Character—Nāgarī. Date of Composition—1818 Samvat or A.D. 1761. Date of manuscript—1826 Samvat or A.D. 1769. Place of deposit—Śri Jaina Mandira (Barā), Bārābankī (Oudh).

Beginning—श्री जिनायनमः। अथ श्री गोमठसार को समग्ज्ञान चंद्रिका नाम भाषा टीका लिप्यते ॥ दोहा ॥

वंदौं ज्ञानानंद कर। नेमिचंद गुनकंद ॥ माधव वंदित विमल पद। पुण्य पयोनिधिनंद ॥ १ ॥ दोष-दहन गुनगहन घन। अरि करि हरि अरहंत। स्वामि भूति रमनोर मन। जग नायक जयवंत ॥ २ ॥ सिद्ध शुद्ध साधित सहज। सुरस सुधारस धार ॥ समय सार शिव सर्वगत। नमत होहु सुषकार ॥ ३ ॥ जिन वानी विविध विध। वर्नत विश्व प्रमान ॥ ख्यात पद मुद्रित अहित हर। करहु सकल कल्यान ॥ ४ ॥ मैन मौन गन जैन जन। ग्यान ध्यान धन लीन ॥ मैन मान विनि दांन घन। रान हीन तन छीन ॥ ५ ॥ यह चित्रालंकार युक्त है। इह विधि मंगल करन तैं। सब विधि मंगल होत ॥ होत उदंगल दूरि सब। तम ज्यों भानु उद्योत ॥ ६ ॥ अथ मंगलाचरण कर श्री मद्गोमट्टसार द्वितीयनाम पंच संग्रह ग्रंथ ताकी देश भाषा मय टीका करने का उद्यम करो हौं। सो यह ग्रंथ समुद्र तैं असा है। जो सातिशय बुद्धिवल संयुक्त जीवनी करि भी जाका अवगाहन होना दुर्लभ है। और मैं मन्द बुद्धि हूं ॥ × × × ×

End—सवैया—अरहंत सिद्ध श्रुरि उपाध्याय साधु सर्व अर्थ के प्रकासी मंगलीक उपकारी है। तिन कौ स्वरूप जानि राग तैं भई है भक्ति तातैं काम कौंन मायस्तुत कौं उचारो है ॥ धन्य धन्य तुम तुम हो तें सब काज भयो कर जोर वारंवार वंदना हमारो है। मंगल कल्यान सुष ऐसो अब चाहत हौं हौंहु मेरो ऐसो दश्य जैसो तुम धारो है ॥ ६३ ॥ इति श्री महत् लब्धिसार वा क्षपणासार सहित गोमठ सार शास्त्र को समग्ज्ञान चन्द्रिका नामा भाषा टीका संपूर्ण ॥ १ ॥ वसु संवत फुनि एक धर युग रस वरस प्रमान। तिथि पड़िवा मंद वार दिन लिख्यो ग्रंथ हित आन ॥ भग्न प्रष्टोकरो ग्रोवा वधो दृष्टि रधो मुखं। कष्टे न

लिष्यते शास्त्रं यत्नेन परिचाल येत् ॥ २ ॥ यादृशं पुस्तकं दृष्ट्वा तादृशं लिष्यतं मया यदि शुद्धमशुद्धं वा मम दोषो न दीयते ॥ लिषितं सीताराम जती स्वेताम्बराम्नाय स्वर तरगच्छे लिषो मध्ये लषखेउ ॥ लिखायतं लाला मौजीराम जी अग्रवाल वंशे वास्तव्य नवाबगंजे श्री जिनालय मध्ये स्थापितं ॥ शुभं भवतु······· कल्याणमस्तु··············श्रीरस्तु····························· ··········

Subject—

(१) पृ० १ से पृ० ७१ तक; पीठिका।

मंगलचरण। गोमठसार पुस्तक की टीका करने और हिंदी में ग्रंथ लिखने का कारण। शास्त्र अभ्यास का आदेश। सम्यक्ज्ञान की परिभाषा। शास्त्र अध्ययन के लाभ। तीन प्रकार के अनुपयोगियों की सम्मतियां। शास्त्र के आदि में पंच परमेष्ठी की बंदना का विधान। संस्कृत टीकाकार का मुनीन्द्रादि की वंदना करना। जैनियों के अध्ययन योग्य ग्रंथों का कथन। शास्त्र अभ्यास के अंग। शास्त्र अध्ययन का समय मिलने की दुर्लभता का वर्णन। सूक्ष्म अनुक्रमणिका। संदृष्टि के अर्थ वा कहे हुए अर्थों की संदृष्टि जानने को इस भाषा टीका में जुदा ही संदृष्टि अधिकार वर्णन। मूल शास्त्र व टीका में जहां संदृष्टि वा अर्थ लिखा था वहां ही उन अर्थों का निरूपण कर के न लिखने का टीकाकार का संदृष्टि। अधिकार में वर्णन करने का कारण। टीका के परिचय के सम्बन्ध में कुछ उल्लेख। अधिकारों की सूची। लौकिक तथा अलौकिक गणित के सम्बन्ध में कुछ कथन। दोनों गणितों से सम्बन्धित परिभाषाओं का वर्णन तथा उनकी क्रियाएं और इसी के अंतर्गत शून्य परिकर्माष्टक का वर्णन।

(बीस प्ररूपणा)

(२) जीव कांड (१) प्रथम अधिकार पृ० ७२ से पृ० १७७ तक—गुणस्थानाधिकार। गुणस्थान का नाम, और सामान्य लक्षण, सम्यक्त चरित्र, अपेक्षा और दृष्टिकादि संभव से भावनिका निरूपण, मिथ्या दृष्टि आदि गुण स्थान निन्दा वर्णन, मिथ्या दृष्टि में पंच मिथ्यात्वादिका, सासादन में काल व स्वरूप का वर्णन, मिश्र में उसके स्वरूपादिक का, देश संयत विषय उसके स्वरूप का वर्णन, प्रमत्त का कथन में पन्द्रह व असी वा साढ़े सैंतीस हज़ार प्रमाद भेदनिका और वहां प्रसंग पाइ संख्या, प्रस्तार, परिवर्तन, नष्ट, समुद्दिष्ट कर, गूढ़, यंत्रों से अक्ष संचार विधान का कथन। अक्ष संचार विधान, अप्रमत्त के कथन में स्वस्थान और सातिशय दो भेद कह सातिशय अप्रमत्त के अधःकरण का कथन, उसके स्वरूप काल, परिलाभ, समय, समय सम्बन्धी परिणाम व एक एक समय में अनुकृष्टिविधान, वहां संभवतः—चार आवश्यक इत्यादि का विशेष वर्णन।

श्रेणी व्यवहार रूप गणित का कथन। उसमें सर्व धन, उत्तर धन, मुख भूमि, चय, गच्छ, इत्यादि संज्ञाओं का स्वरूप और प्रमाण लाने के लिये सूत्रों का वर्णन, अपूर्व करण का कथन में उसके स्वरूपादि का कथन, सूक्ष्म सांपराय का कथन में कर्म प्रकृतियों के अनुभाग अपेक्षा अविभाग प्रतिच्छेद, वर्ग, वर्गणा, स्पर्द्धका, गुणहानि, नाना, गुणहानिनिका, पूर्व पर्द्धक, अपूर्वस्पर्धक, बादर कृष्टि, सूक्ष्म, कृष्टिका वर्णन है। उपशांत कषाय, क्षणिकषाय कथन में उनके दृष्टान्त पूर्वक, स्वरूपका, संयोगी जिनको कथन में नव केवल लब्धि, आदिकका, अयोगी विषयक अलेश्यपना आदि का कथन। बारह गुण स्थाननिविषै गुण श्रेणी निर्जरा का कथन है। वहां द्रव्य का अपकर्षण करके उपरतनि स्थिति, गुण श्रेणी, आयाम और उदयावली विषय जैसे विवर्णित हुए है उनका व गुण श्रेणी आयाम के प्रमाण का निरूपण है। अंतर्मूहूर्त व भेदों का वर्णन। सिद्धिनिका वर्णन।

(२) दूसरा अधिकार पृ० १७८ से २१६ पृ० तक, जीव समास अधिकार।

जीव समास का अर्थ। होने का विधान, चौदह, गुण तीस वा सत्तावन वा चार सौ छः जीव समासों का वर्णन। चार प्रकार के जीव समास, उसीके जीव समास वर्णन करके वहां स्थान भेद में एक एक आदि उगणसि पर्यंत जीव स्थाननिका वा इनही के पर्याप्तादि भेद कर स्थाननिका वा अट्ठानवे वाच्यादिसै छः जीव समासनिका कथन, योनि भेद विषे शंखा वर्तादि तीन प्रकार योनिका, और सन्मूर्च्छनादि-जन्म भेद पूर्वक नव प्रकार योनि के स्वरूप वा स्वामित्त्व का, और चौरासी लाख योनियों का वर्णन। चार गतियों के अन्तर्गत सन्मूर्च्छनादि जन्म वा पुरुषादि वेद संभावै है उनका निरूपण। अवगाहना भेद में सूक्ष्म निगोद, अपर्याप्त आदि जीवों की जघन्य उत्कृष्ट शरीर की अवगाहना का विशेष वर्णन है। उसमें एकेन्द्रियादिक भी उत्कृष्ट अवगाहना कहने का प्रसंग पाकर गोलक्षेत्र, संख क्षेत्र, आयत चतुरस्र क्षेत्र का क्षेत्रफल करने का, और अवगाहनाविषय प्रदेशों की वृद्धि जानने के अर्थ अनंतभागादि चतुः स्थान पतित वृद्धि का अर इस प्रसंगतें दृष्टांत पूर्वक षटस्थान पतित अदि वृद्धि हानिका, सर्व अवगाहना भेद जानने के अर्थ मत्स्य रचना का वर्णन है। फिर कुल भेद विषयक एक सौ साढ़े सत्तानबे लाख कोडिकुलानि का वर्णन है।

(३) तीसरा अधिकार, पृ० २१७ से पृ० २५८ तक—पर्याप्त नामा अधिकार।

मान का वर्णन, मान के दो भेद, लौकिक, अलौकिक, द्रव्य मान के दो भेदो में संख्या, संख्या मान में संख्यात असंख्यात अनंत के इक्कीस भेदो का वर्णन है, संख्या के विशेष रूप और चौदह धाराओं का कथन है, उनमें द्विरूप वर्गधारा, द्विरूप घन धरा, द्विरूप घनाघन धारा के स्थान में जेपा जाते है उनका विशेष

वर्णन है। पणट्ठीवादाल, इकट्ठी का प्रमाण, वर्गशाला का अर्द्धच्छेदनिकास्वरूप, अविभाग प्रतिच्छेद का स्वरूप वा उक्तं च ताथा ग्रेकरि अर्द्ध छेदादि के प्रमाण होने का नियम, आनिकाय जीवों का प्रमाण निकालने का विधान। दूसरा उपमामान के पल्यआदि आठ मेसे वर्णन है। व्यवहार पल्य के रोयों की संख्या लाने को पर माराहुते लगाय अंगुलपर्यंत अनुक्रम का तीन, प्रकार के अंगुल का, जिस जिस अंगुलिका से जिसका प्रमाण वर्णन करते हैं उसका कथन, गोलगर्त के क्षेत्रफल लाने का विधान, उद्धार पल्य से द्वीप समुद्रो की संख्या लाना, अद्धा वल्य, से आयु आपि वर्णन करने का विधान। सागर की सार्थक संज्ञा जानने को लवण समुद्र का क्षेत्रफल इत्यादि का वर्णन है। सूच्यंगुल, प्रतदांगुल, घनांगुल, जगत श्रेणी, जगत् प्रतर जगत घन का प्रमाण लाने का विरलन आदि विधान का वर्णन है। पल्यादिक की वर्गशालाका। अर्द्ध पोछै पर्याप्ति प्ररुपणा। पर्य्याप्त, अपर्य्याप्त के लक्षण और छः पर्याप्ति के नाम, स्वरूप का, आरंभ संपूर्ण होने के काल का, स्वामित्त्व का वर्णन है। बहुरि लब्धि अपर्य्याप्त का लक्षण, उसके निरंतर क्षुद्रभवनिके प्रमाणादिक का वर्णन, नहो प्रमाण फल इच्छा रुप त्रैराशिक गणित का कथन, सयोगी जिनके अपर्य्याप्त वना संभव नेका, लब्धि अपर्याप्त निर्वृति अपर्य्याप्त पर्याप्त के संभव से गुण स्थानिका वर्णन है।

(४) चैाथा अधिकार, पृ० २५९ से पृ० २६१ तक—प्राणाधिकार।

प्राणों का लक्षण, भेद, कारण स्वामित्व का वर्णन है।

(५) पांचवां अधिकार, पृ० २६२ से पृ० २६३ तक—संज्ञाधिकार।

चार संज्ञाओं का स्वरूप, भेद, कारण और स्वामित्त्व का वर्णन है।

(६) छठां अधिकार पृ० २६४ से पृ० २८६ तक—मार्गणाधिकार। मार्गणा का, निरुक्ति का, चैादह भेदों का, सातर मार्ग लाके, अंतरालवा, प्रसंग वश तत्त्वार्थ सूत्र के अनुसार नाना जीव, एकजोव अपेक्षा गुणस्थान विषयक, और गुण स्थान की अपेक्षा लिये मार्गणानि विषै कालका, अंतर का कथन करके छठा गति मार्गणाधिकार है। उसमें गति के लक्षण का, भेदो का और चार भेदों के निरुक्ति लिये लक्षणों का, पांच प्रकार तिर्यंच, चार प्रकार के मनुष्यों का, सिद्धों का वर्णन है। फिर सामान्य नारकी, अदेमुरे सात पृथ्वियां के नारकी, पांच प्रकार के तिर्यंचा चार प्रकार के मनुष्य, व्यंतर ज्योतिषी भवनवासी सैाधर्मादिक के देव, सामान्य देवराशि इन जीवों की संख्या का वर्णन है। कटपय पुरस्थ वर्णै इत्यादि सूत्रों द्वारा ककारादि अक्षर रूप अंक वा बिंदो की संख्या का वर्णन है।

(७) सातवा इन्द्रिय मार्गणा अधिकार, पृ० २८७ से पृ० २९४ तक—

इन्द्रियों को निरुक्ति लिये लक्षण का, वन्धि उपयोग रूप भावेन्द्रियका वाह्य अभ्यंतर भेद लिये निवृत्ति उपकरण रूप द्रेवेन्द्रिय का, इन्द्रियों के स्वामी का उनके विषय भूतक्षेत्र का, सूर्य के चार क्षेत्रादि का, इन्द्रियों के आकार का अवगाहना का, और अतीन्द्रिय जीवानि का वर्णन है। एकेन्द्रियादि का उदाहरण रूप नाम नाम वाहु कर उनको सामान्य संख्या का वर्णन। विषेशपनै सामान्य एकेन्द्री, सूक्ष्म वादर एकेको, सामान्यत्रस, वे इन्द्रिय, ते इन्द्रिय, चैाइन्द्रिय, पंचो इन्द्रिय इन जीवों का प्रमाण और इनमें पर्य्याप्त अपर्याप्त जीवों का प्रमाण वर्णन है।

८—आठवां काम मार्गणा अधिकार—पृ० २९४ से ३१९ पृ० तक।

काम के लक्षण और भेदों का वर्णन, पंच स्थावरों के नाम, काम, कायिक जीवरूप भेद, और वाहर सूक्ष्म पता का लक्षणादि, शरीर को अवगाहना, वनस्पति के साधारण प्रत्येक भेदों का प्रत्येक सप्रतिष्ठित अप्रतिष्ठित भेदों का, उनको अवगाहना की, एक स्कंध में उनके शरीर का प्रमाण। योनोभूत, जीवों में जीव उपजने का वहां सप्रतिष्ठित अप्रतिष्ठित जानने को उनके लक्षण, साधारण वनस्पति निगोदरूप, उसमें जीवों के उगने, पर्य्याप्ति धरने, मरने के विधान का निगोद शरीर को उत्कृष्ट स्थिति का, स्कंध, अंडर पुलवी, आवास देह, जीव, इनके लक्षण और प्रमाण, नित्य निगोदादि के स्वरूप, त्रिस जीवन और उनके क्षेत्र का वर्णन। वनस्पतीवत् औरों के शरीर में सप्रतिष्ठित अप्रतिष्ठित पने का, स्थावर त्रस जीवों के आकार का, काय सहित काय रहित जीवों का वर्णन, अग्नि, पृथ्वी, अप, वात, प्रतिष्ठित अप्रतिष्ठित प्रत्येक साधारण वनस्पति जीवों की और उनमें सूक्ष्म वादर जीवों, उनमें भी पर्याप्त अपर्याप्त जीवों की संख्या का वर्णन। पृथ्वी इत्यादि जीवों की उत्कृष्ट आयु का वर्णन, त्रस जीवों का, उनमें पर्याप्त अपर्याप्त जीवों की संख्या का वर्णन है। वाहर अग्नि कायिक आदि को संख्या का विशेष निर्णय करने के लिये उनके अर्द्ध छंदादि का वर्णन। और दिवण छेदे णव हिद" इत्यादिक करण सूत्र का वर्णन।

९—योग मार्गणा अधिकार—पृ० ३२० से पृ० ३६५ तक—

योग के सामान्य लक्षण, सत्यादि चार चार प्रकार मन, वचन और योग का वर्णन, सत्य वचन का विशेष जान को दस प्रकार के सत्य का वर्णन, अनुभव वचन काके विशेष जानने के लिये आमंत्रण आदि भाषानिका, सत्यादिक भेद होने के कारण, केवली मन वचन योग संभव द्रव्य मन का आकारादि, काय योग के सात भेदों का वर्णन, औदारिकादिकों के निरुक्ति पूर्वक लक्षण, मिश्र

योग होने का विधान, आहारक शरीर होने का विशेषत्व, कार्माण योग के काल का वर्णन। युगवत् योगों को प्रवित्ति होने का विधान, योग रहित आत्मा का वर्णन। पंच शरीरों कर्मनो कर्म भेद, पंच शरीरों को वर्गणा वा समय प्रवद्ध विषै परमायरनिका, प्रमाण वा क्रम से सूक्ष्मपना वा उनको अवगाहना का वर्णन। विश्रसे पंचम स्वरूप, उनके परिमाणुओं के प्रमाण, कर्मनो कर्म का उत्कृष्ट संचय होने का काल और सामिग्री। औदारिक आदि पंच शरीरों का द्रव्य का वर्णन समय समय प्रवद्ध मात्र कह कर उनको उत्कृष्ट स्थिति उसमें संभवती गुणहानि, नाना गुणहानि अन्योन्याभ्यस्त राशि, दोगुण हानि का स्वरूप प्रमाण कह कर कारण सूत्रादिक से उसमें त्रयादिक का प्रमाण लाकर समय समय पर संबंधी निषेकों का प्रमाण कह एक समय में कितने परमाणु उदयरूप हो कर निर्जरै केते सत्ताविषै अवशेष रहै उनके जानने को अंक से दृष्टि को अपेक्षा, लिए त्रिकोण यंत्र का कथन। वैक्रियादिकों का उत्कृष्ट संचय किस के कैसे होय इसका वर्णन। योग मार्गणा में जीवों को संख्या वर्णन, वैक्रियकशक्ति का संयुक्त बादर पर्याप्त अग्नि कायिक, वात कायिक, पर्याप्त पंचेंद्रिय तिर्यंच मनुष्यों के प्रमाण का, भोग भूमिया आदि जीवों को पृथक विक्रिया, औरों के अपृथ विक्रिया हो उसका कथन, त्रियोगी, द्वियोगी, एक योगी जीवों का प्रमाण कहि त्रियोगों में आठ प्रकार मन वचन योगी और काम योगी जीवों का। द्वियोगियों में वचन काय योगियों का प्रमाण वर्णन। सत्य मनोयोग। दिवा सामान्य मन वचन काय योगों के काल का वर्णन। काय योगियों में सात प्रकार काय योगिनो का जुदा जुदा प्रमाण, औदारिक और रिकमिश्र कार्माण के जीवों को संख्या उत्कृष्ट पने युगवत् होने को अपेक्षा का वचन।

(१०) वेदमार्गण अधिकार—पृ० ३६६ से पृ० ३७० तक।

भाव द्रव्य भेद होने का विधान, उनके लक्षण, भावद्रव्य भेद समान व असमान होवे उसका वर्णन, वेदानिका कारण, दिखा कर ब्रह्मचर्य अंगीकार करने का वर्णन। तीनों वेदों को निरुक्ति के लिये लक्षण का अवेदी जीवों का वर्णन। संख्या के वर्णन में देवराशि कह उसमें स्त्री पुरुष वेदोनिका, तिर्यंचनि में द्रव्य स्त्री आदि का प्रमाण कह समस्त पुरुष स्त्री नपुंसक वेदोनिका प्रमाण वर्णन। सैनी पंचेन्द्रिय गर्भजा नपुंसक वेदी इत्यादि ग्यारह स्थानों में जीवों का प्रमाण वर्णन।

(११) ग्यारहवां कषायमार्गणा अधिकार—पृ० ३७१ से पृ० ३८८ तक।

कषायनिका निरुक्ती लिये लक्षण का, सम्यक्त्वादिक घात के रूप दूसरे अर्थ में अनुतानु बंधी आदि का निरुक्ति लिये लक्षण का वर्णन। कषायनि के एक, चार, सोलह असंख्यात लोकमात्र भेद कह क्रोधादिक की उत्कृष्टादि

चार प्रकार की शक्तियें का दृष्टान्त और फल की मुख्यता का वर्णन। पर्याप्त धरने के पहले समय कषाय होने का नियम है या नहीं इसका वर्णन। अकषाय जीवें का वर्णन, क्रोधादिक की शक्ति की अपेक्षा चार, लेश्या अपेक्षा चौदह आयुवंध अपेक्षा वोस भेद हैं। उनका और सब कषाय स्थानें पर प्रमाण कह उन भेदों में जितने जितने संभवैं उनका वर्णन। जीवें की संख्या के वर्णन में, तिर्यंच, मनुष्य गति में जुदा जुदा क्रोधी आदि जीवें का प्रमाण। उन गतें में क्रोधादिक का काल वर्णन है।

(१२) बारहवां, ज्ञानमार्गणा अधिकार। पृ० ३८९ से पृ० १४९९ तक।

ज्ञान का निरुक्ति पूर्वक लक्षण कह कर, उसके पांच भेद और क्षयोपशम के स्वरूप का वर्णन। तोन मिथ्या ज्ञानियें का, मिश्र ज्ञानियें का, तोन कुज्ञानियें के परिणामें के उदाहरण मतिज्ञान तथा उसके नामांतर। इन्द्रिय मन तें उपजने का और उसमें अवग्रहआदि होने का वर्णन, व्यंजन अर्थ के स्वरूप का, व्यंजन में नेत्र मन वा ईहादिक न पाये जांय उसका वर्णन, पहिले दर्शन होइ पीछे अवग्रहादि होने के क्रम का, अवग्रहादिकें का स्वरूप अर्थ व्यंजन के विषय भूतवहु वहुविधि आदि वारह भेदों का, तहां अनिवृत्ति विषै चारि प्रकारयतेक्ष प्रमाणगर्भित पना आदि का वर्णन। मतिज्ञान के एक, चार, चैावोस अट्ठाइस और इनस बारह गुने भेदों का वर्णन है। बहुरि श्रुति ज्ञान का वर्णन, उसम श्रुत ज्ञान का लक्षण, निरुक्ति आदि का अक्षररूप श्रुति ज्ञान के उदाहरण वा भेद वा प्रमाण का वर्णन। बहुरि भाव श्रुत ज्ञान अपेक्षा बोस भेदों का वर्णन। पहिल जघन्य रूप पर्याय ज्ञान का वर्णन विषै उसके स्वरूप का उसका आवरण जैसे उदय होवे उसका, यह जिसके होवे उसका दूसरा नाम लब्धि अक्षर है उसका वर्णन। यद्यपि समास ज्ञान का वर्णन, षट स्थान पतित वृद्धि का वर्णन। उसमें जघन्य ज्ञान के अविभाग प्रतिच्छेदनिका प्रमाण लाने कों प्रक्षेपक आदि का विधान, एक बार, दोवारा, आदि संकल धन लाने का विधान। साधिक जघन्य जहां दूना होवे उसका विधान, पर्याय समास में अनंत भाग आदि वृद्धि होने का प्रमाण इत्यादि का विशेष वर्णन। अक्षर आदि अठारह भेदों का क्रम से दो वर्णन है। अथाक्षिर के स्वरूप का, तोन प्रकार अक्षरें का, शास्त्रों के विषय भूत भावें के प्रमाण का, तोन प्रकार प्रदनिका, चैादह पूर्वोन वस्तु प्राभृतनामा अधिकाराने के प्रमाण का इत्यादि का वर्णन। बीस भेदों में अक्षर अनक्षर, श्रुत ज्ञान के अठारह दो भेदों का और पर्याय ज्ञान आदि को निरुक्ति लिये स्वरूप का वर्णन, द्रव्य श्रुत का वर्णन में द्वादशांग के पदनिको, प्रकोर्णक के अक्षरें को संख्याओं का, चासठ मूल अक्षरों को प्रक्रिया का। अयन उक्त सर्व अक्षरें का प्रमाण वा अक्षरें में प्रत्येक द्विसंयोगो आदि भंगों

करि तिस प्रमाण लाने का विधान, सर्व श्रुत के अक्षरों में अंगों के पद और प्रकोर्णकनि के अक्षरों के प्रमाण लाने का विधान इत्यादि का वर्णन है। आचार रांग आदि ग्यारह अंग, दृष्टि वाद अंग के पांच भेद, तिनमें परिकर्म के पांच भेद, तहां सूत्र और प्रथमानुयोग का एक भेद, पूर्व गत के चौदह भेद, चूलिका के पांच भेद, इन सबों के जुदा जुदा पदों का प्रमाण और इन में जो जो व्याख्यान है उनको सूचनिका का कथन। तोर्थंकर की दिव्यध्वनि होने का वर्णन। वर्द्धमान स्वामो के समय दस दस जोव अंतकृत केवलो और अनुत्तर गामो हुए उनका नाम, तोन सौ त्रेसठ कुवादिन के धारकवि में कई कुवादियों के नाम, सप्त भंग का विधान, अक्षरों के स्थान प्रयत्नादिक, बारह भाषा, आत्मा के जोवादि विशेषण इत्यादि अनेक कथन। सामयिक आदि चौदह प्रकोर्णकों का स्वरूप श्रुत ज्ञान की महिमा, अवधि ज्ञान का वर्णन, निरुक्ति पूर्वक स्वरूप कह कर उसके भव प्रताप, गुण प्रत्यय भेदों का, और वह भेद किस किस के हों कौन आत्म प्रदेशों से उपजें उसका, उसमें गुण प्रत्यय के छः भेदों का उनमें अनुगामो अननुगामो के तोन तोन भेदों का वर्णन, सामान्य पनैं अवधि के देशावधिपरमावधि, सर्वावधि भेदों का, उनमें भव प्रत्यय, गुण प्रत्यय के संभवपने का, यह किस किस के होवें, प्रतिपातो, अप्रतिपातो, विशेषका, इनके भेदों का प्रमाण का वर्णन। जघन्य देशावधि का विषय, भूत द्रव्य क्षेत्र काल भाव का वर्णन कर द्रव्य क्षेत्र काल भाव अपेक्षा, द्वितोयादि उत्कृष्ट पर्यंत क्रम से भेद होने का विधान द्रव्यादिक के प्रमाण का और सब भेदों के प्रमाण का वर्णन। ध्रुव, हार वर्ग वर्गला गुण कार इत्यादि का वर्णन, क्षेत्र काल अपेक्षा उस देशावधि के उगणोस कांडकनि का वर्णन है। बहुरि परमावधि के विषय भूत द्रव्य क्षेत्र-काल भाव अपेक्षा जघन्य से उत्कृष्ट पर्यंत क्रम से भेद होने का विधान, वहां द्रव्यादि का प्रमाण वा सर्व भेदों का प्रमाण। संकलित धन लाने और 'इच्छिदरासिच्छेदं'। इत्यादि दो करण सूत्रों का आदि अनेक वर्णन। सर्वावधि अभेद है। उसके विषय भूत द्रव्य क्षेत्र काल भाव का वर्णन, जघन्य देशावधि से सर्वावधि पर्यंत द्रव्य और भाव अपेक्षा भेदों की समानता का वर्णन। नरक में अवधिका और उसके विषय भूत क्षेत्र का वर्णन, मनुष्य तिर्यंच विषै जघन्य उत्कृष्ट अवधि होने का और देवो में भवनवासो, व्यंतर ज्योतिषो लोगों के अवधि गोचर क्षेत्र काल का सौधर्मादि द्विकनि विषै क्षेत्रादिका का, द्रव्य का भो वर्णन है। मनः पर्याय ज्ञान का वर्णन उसके स्वरूप दो भेद, ऋजुमति के तोन प्रकार, विपुल मति के छः प्रकार, मनः पर्यय जिनसे उपजतो हैं और जिनके होतो है उनका वर्णन। दो भेदों में विशेष है उसका, जोव से चिंतया हुआ द्रव्यादिक को जाने उसका और ऋजु मति का विषय भूत द्रव्य का और मनः पर्यय

संबंधी ध्रुवहार का और विपुलमति के जघन्य से उत्कृष्ट क्षेत्र पर्यंत द्रव्य अपेक्षा भेद होने का विधान, भेदों का प्रमाण, जघन्य उत्कृष्ट काल भाव का वर्णन, केवल ज्ञान सर्वज्ञ है उसका वर्णन। यहां जीवों की संख्या के वर्णन में मति श्रुति मनः पर्य्यय केवल अवधि ज्ञानी का और चारों गति संबंधी विभंग ज्ञानीनि का और कुमति कुश्रुति ज्ञानीनिका प्रमाण वर्णन।

१३—तेरहवां अधिकार—संयम मार्गणा—पृ० ५०० से पृ० ५०४ तक

संयम मार्गणा का स्वरूप। संयम के भेदों का निमित्त। संयम के भेदों का स्व-रूप। परिहार विशुद्धिका विशेष, ग्यारह प्रतिमा अट्ठाईस विषय इत्यादि का वर्णन। फिर यहां जीवों की संख्या को वर्णन में सामयिक छेदोपस्थापन, परि-हार, विशुद्धि, सूक्ष्म सांपराय, यथा ख्यात संयम धारी, संयतासंयत और असंयत जीवों के प्रमाण का वर्णन है।

(१४)—चौदहवां अधिकार—दर्शन मार्गणा—पृ० ५०५ से पृ० ५०६ तक।

दर्शन मार्गणा का स्वरूप, दर्शन भेदों के स्वरूप का वर्णन, जीवों की संख्या का वर्णन। शक्ति चक्षुर्दर्शनी, व्यक्त चक्षुर्दर्शनी निका और अवधि केवल अचक्षुर्दर्शनी का प्रमाण वर्णन।

(१५) पन्द्रहवां अधिकार—लेश्या मार्गणा अधिकार—पृ० ५०७ से पृ० ५५५ तक।

द्रव्यभाव से दो प्रकार लेश्या का निरुक्ति लिये लक्षण और उससे बंध होने का वर्णन है, फिर सोलह अधिकारों के नाम हैं। निर्देशाधिकार में छे लेश्यानि के नाम। वर्णाधिकार में द्रव्य लेश्यानि का कारण का और लक्षण का, छहों द्रव्यलेश्यानि के वर्ण के दृष्टांत का, जिनके जो जो द्रव्य लेश्या मिले उनका व्याख्यान है। प्रमाणाधिकार में कषायनि के उदय स्थाननि विषै संक्लेश विशुद्धि स्थाननि के प्रमाण का उनके संक्लेश विशुद्धि की हानि वृद्धि से अशुभ शुभ लेश्या होने के अनुक्रम का वर्णन। संक्रमणाधिकार विषयक स्वस्थान परस्थान संक्र-मण संक्लेश विशुद्धि का, वृद्धि हानि से जैसे संक्रमण होवे उसका, और संक्लेश विशुद्धि विषै जैसे लेश्या के स्थान होवें और तहां जैसे षट् स्थान पतित वृद्धि हानि संभवै उसका वर्णन। कर्माधिकार विषै छहो लेश्या वाले कार्य्य विषै जैसे प्रवर्त्तें उसके उदाहरण का वर्णन। लक्षणाधिकार विषै छहो लेश्या वाले निका लक्षण वर्णन है। गति अधिकार विषै लेश्यानि के छब्बीस अंश तिन विषै आठ मध्य अंश आयु बंधका कारण, आठ अपकर्ष कालों में हों उन अपकर्षनिका उदाहरण पूर्वक स्वरूप, यदि उनमें आयु न बंधे तो जहां बंधे उसका, सोपक्रमायुष्क. निरुपक्रमायुष्क जीवों के अपकर्षणरूप काल का, आयुबंधन, विधान व

गति आदि विशेष का वर्णन। अपकर्षन में आयु बंधने वाले जीवों का प्रमाण, लेश्यानि के अठारह अंश विषैं मारण हुए जिस जिस स्थान में उपजे उसका वर्णन। बहुरि स्वामी अधिकार विषैं भाव लेश्या की अपेक्षा सात नरकनि के नारकियों में मनुष्य तिर्यंच विषैं, वहां भी एकेन्द्रिय विकल त्रय विषैं असैनी पंचेन्द्री विषैं लब्धि अपर्याप्तक तिर्यंच मनुष्य भवनत्रिक देवसासादन वालों में, पर्याप्त, अपर्याप्त भोग भूमि या विषैं मिथ्या दृष्टि आदि गुण स्थानों में, पर्याप्त भवनत्रिक सौ धर्म द्विक आदि देवों में जो जो लेश्या मिले उनका वर्णन। उसमें असैनी के लेश्या निमित्त से गति में उपजने आदि का विशेष कथन। साधन अधिकार में द्रव्य लेश्या और भाव लेश्यानि के कारण। संख्याधिकार में द्रव्य क्षेत्र कालभाव मान कर कृष्णादि लेश्या वाले जीवों का प्रमाण वर्णन है। क्षेत्राधिकार में सामान्यपनैं स्वस्थान समुद्घात उपपाद अपेक्षा विशेष पनैं दो प्रकार स्वस्थान सात प्रकार समुद्घात, एक उपपाद इन दस स्थानों में संभव संस्थानियों की अपेक्षा कृष्णादिलेश्यानि का स्थान वर्णन अर्थात् क्षेत्र का वर्णन है। वहां प्रसंग वश विवक्षित लेश्या विषैं संभव संस्थान, उन जीवों के प्रमाण का केवल समुद्घात विषैं दंड कपाटादिक को, लोक के क्षेत्रफल का वर्णन, स्पर्शाधिकार में पूर्वोक्त सामान्य विशेष पनैं द्वारा लेश्यानि का वर्णन। तीन काल संबंधी क्षेत्र का वर्णन, मेरु से सहस्रार पर्यंत सर्वत्र पवन के सद्भाव का वर्णन। जंबूद्वीप समान लवण समुद्र के खंड, लवण के सदृश अन्य समुद्र के खंड करने का विधान। जलचर रहित समुद्रों का मिलाया हुआ क्षेत्रफल के प्रमाण का, देवादिक के उपजने गमन करने का वर्णन। काल अधिकार में कृष्णादि लेश्या जितने काल रहै उसका वर्णन। वहां प्रसंग या एकेन्द्री विकलेन्द्री विषैं उत्कृष्ट रहने के काल का वर्णन। भावाधिकार में छहो लेश्याओं में औदायिक भाव के सद्भाव का वर्णन। अल्प बहुत्व अधिकार में संख्या के अनुसार लेश्याओं में परस्पर अल्प बहुत्व का व्याख्यान है। इस प्रकार सोलह अधिकार कह कर लेश्या रहित जीवों का व्याख्यान है।

(१६) भव्य मार्गणा अधिकार—पृ० ५५६ से पृ० ५६७ तक।

भव्य अभव्य और भव्य अभव्य पने से रहित जीवों का स्वरूप। संख्या के कथन में भव्य और अभव्य जीवों का प्रमाण वर्णन। द्रव्य, क्षेत्र, काल, भवभाव-रूप पंच परिवर्तननि के स्वरूप का, अथवा जिस क्रम से परिवर्तन होवे उसका वर्णन, परिवर्त्तनों के काल, अनादि से जैसे जैसे परिवर्त्तन हुए उनके प्रमाण का वर्णन है। उसमें गृहीतादि पुद्गलों के स्वरूप संदृष्टि वाला वर्णन। योग संस्थानादिक का वर्णन।

(१७) सत्रहवां सम्यक्त्व मार्गणाअधिकार—पृ० ५६८ से ६१६ तक

सम्यक्त का स्वरूप, सराग वीतराग के भेदों का वर्णन, षट, द्रव्य, नौ पदार्थ श्रद्धान रूप लक्षण। षट द्रव्य का वर्णन में सात अधिकारों का कथन। उसमें नाम अधिकार में द्रव्य एक या दो भेदों का वर्णन, जीव अजीव के दो भेद। पुद्गल का निरुक्ति लिये लक्षण। पुद्गल परमाणु के आकार का वर्णन पूर्वक रूपी अरूपी अजीव द्रव्य का कथन, उपलक्षणानुवादाधिकार छहो द्रव्यनि के लक्षणों का वर्णन, उसमें गति आदि क्रिया जीव पुद्गल हैं। उसका कारण धर्मादिक है उनका दृष्टांत पूर्वक वर्णन। वर्तनाहेतुत्व काल के लक्षण का दृष्टांत पूर्वक वर्णन मुख्य काल के निश्चय होने का, काल के धर्मादिक के कारण पाने का वर्णन। समय आवली और व्यवहार काल के भेदों का वर्णन, उसमें प्रसंगवश प्रदेश के प्रमाण का, अंतर्मुहूर्त के भेदों का, व्यवहार काल जानने को निमित्त का वर्णन व्यवहार काल के अतीत अन्तर्गत वर्तमान भेदों के प्रमाण व्यवहार निश्चय काल का स्वरूप स्थिति अधिकार में सर्व अपने पर्यायनिका समुदाय रूप अवस्थान का वर्णन, क्षेत्राधिकार में जीवादिक जितना क्षेत्र रोकें उनका वर्णन। प्रसंगवश तीन प्रकार अधार व जीव के समुद्घातादि क्षेत्र का वासंकोच विस्तार शक्ति का पुद्गलादिकों की अवगाहन शक्ति का वा लोक के स्वरूप का वर्णन। संख्याधिकार में जीव द्रव्याधिक और उनके प्रकाशों का वर्णन, द्रव्य क्षेत्र काल भाव मान का वर्णन है। फिर स्थान स्वरूपाधिकार विषैं द्रव्यों का वा द्रव्य के प्रदेशों के चल अचल पने का वर्णन। अनुवर्गणादि ते इस पुद्गल वर्गणों का वर्णन। उन वर्गणों में जितने जितने परिमाणु मिलें उनके आहारादिक वर्गणा से जो जो कार्य नियमें उनका जघन्य, उत्कृष्ट प्रत्येकादि वर्गणा जहां मिले उसका वर्णन। पुद्गल के स्थूल आदि छै भेद —स्कंध, प्रदेश देश इन तीन भेदों का वर्णन है। फल अधिकार में धर्मादिक, का गति आदि साधन रूप उपकार, जीवों के परस्पर उपकार, पुद्गलों का कर्मादिक वा सुखादिक उपकार, प्रश्नोत्तर सहित उनका वर्णन। कर्मादिक के पुद्गल हो हैं। कर्मादिक जिस जिस वर्ग, से उपजें उनका वर्णन, स्निग्ध रूप के गुणों के अंशों से पुद्गल का संबंध। षट् द्रव्य का वर्णन, काल बिना, पंचास्तिकाय, नव पदार्थ जीव अजीव का षट् द्रव्यो में वर्णन। उपशम क्षपक श्रेणी वाले निरंतर अष्टसमयों में जितने जितने हैं। युगपत बोधिक बुद्धि आदि जीव जितने हों उनका वर्णन, सकल संयमियों के प्रमाण का वर्णन। सात नरक के नारकी भवनत्रिक सौधर्म द्विकादिक देव, तिर्यंच मनुष्य यह जितने जितने मिथ्यादृष्टि आदि गुण स्थानों विषै पाये जावैं उनका वर्णन, गुण स्थाननि विषैं पुण्य जीव पाप जीवों का भेद वर्णन। फिर पुद्गलीक द्रव्य पुण्य पाप का वर्णन, आस्रवबंध संवर निर्जरा मोक्ष रूप पुद्गल का प्रमाण वर्णन। षट् द्रव्यादिक का स्वरूप कह कर उनके श्रद्धान

रूप सम्यकत्त्व के भेदों का वर्णन, क्षायिक क्षम्यकत्त्व के भेदों का वर्णन। क्षायिक सम्यक्त्त्व होने के कारण के स्वरूप का वर्णन, उसको पाने से जितने भवों में मुक्ति होइ उसका वर्णन, उपशम, समाकु का स्वरूप, कारण पंच लब्धि आदि सामिग्री का जिसकर उपशम, सम्यक्त्त्व होने उसका वर्णन, प्रसंगवश अयु बंध हुए पीछे सम्यकत्त्व व्रत होने न होने का वर्णन। सासादन मिश्र मिथ्या रुचि का वर्णन है जीवों को संख्या के वर्णन में क्षायिक उपशम, वेदक सम्यग्दृष्टि, सासादन, मिश्र जीवों का प्रमाण, नव पदार्थों का प्रमाण। वहां जीव और अजीव में पुद्गल धर्म, अधर्म अकाश, काल और पुण्य पाप रूप जीव और आस्रव संवर निर्जरा बंध मोक्ष इनके प्रमाण का निरूपण।

(१८) अठारहवां संज्ञा मार्गण अधिकार—पृ० ६१७ से पृ० ६१८ तक।

संज्ञा का स्वरूप, संज्ञी, असंज्ञी जीवों के लक्षण का वर्णन, और यहां संख्या के वर्णन में संज्ञी, असंज्ञी जीवों के प्रमाण का वर्णन।

(१९) उन्नीसवां अहार मार्गणा अधिकार—पृ० ६१९ से पृ० ६२१ तक

अहार का स्वरूप और निरुक्ति और आहारक जिनके होवें उनका जहां प्रसंग है यहां सात समुद्घातीन के नाम व समुद्घात के स्वरूप का और आहारक, अनाहारक के काल का वर्णन। आहारक जीवों का प्रमाण वर्णन है वहां प्रसंग-वश प्रक्षेप योगोद्धृति मिश्रपिंड इत्यादि सूत्र कटि मिश्र के व्यवहार का कथन।

(२०) बीसवां, उपयोग अधिकार में—पृ० ६२१ से ६२२ तक

उपयोग के लक्षण, साकार, अनाकार भेद, उपयोग है सो व्याप्ति अव्याप्ति असंभवी दोष रहित जीव का लक्षण है उसका वर्णन, केवल ज्ञान केवल दर्शन बिना साकार अनाकार उपयोगों का काल अंतरमहूर्त मात्र है उसका वर्णन, जीवों का संख्या साकारोपयोग विषैं ज्ञान मार्गणावत् और अनाकारोपयोग विषैं दर्शना मार्गणावत् का वर्णन।

(२१) इक्कीसवां ओघादेश योग निरूपण अधिकार—पृ० ६२३ से ६३७ तक।

गति आदि मार्गणाभेदों में यथा संभव गुण स्थान और जीव समासों का वर्णन, द्वितीयोपशम सम्यकत्व विषैं पर्याप्त अपर्याप्त अपेक्षा गुण,स्थानों का विशेष वर्णन। गुण स्थानों में संभव तेजा जो व समास पर्याप्ति प्राण संज्ञा चौदह मार्गणा के भेद उपयोग तिनका वर्णन। मार्गणा व उपयोग के स्वरूप का भी कुछ वर्णन, योग भव्य मार्गणानि के भेदनिका व सम्यकत्व मार्गणा विषैं प्रथम द्वितीयोपशम सम्यकत्व का इत्यादि का विशेष वर्णन, गति आदि कई मार्गणानि विषैं पर्याप्त अपर्याप्त अपेक्षा कथन।

(२२) बाईसवां अधिकार आलाप—पृ० ६३८ से ७५१ तक।

आलाप अधिकार में मंगलाचरण कर सामान्य पर्याप्त, अपर्याप्त कर तीन अलाप, अनवृति करण में पांच भागों को अपेक्षा पांच अलाप उनका गुण स्थान चौदह मार्गणा के भेदों में यथा संभव कथन है। उसमें गति मार्गणा विषै विशेष कथन है। गुण स्थान मार्गणास्थान में गुणस्थानादि बीस प्ररूपणा यथा संभव अलापति को अपेक्षा निरूपण करनी। वहां पर्याप्त अपर्याप्त एकेन्द्रियादि जीवों के संभव से पर्याप्ति प्राण जीव सामासादिक का कुछ वर्णन कर यथा योग्य सर्व प्ररूपण जानने का उपदेश है। बहुरि उनके जानने का मंत्रों द्वारा कथन। पहिले मंत्रों विषयक जैसे अनुक्रम हैं वह समस्या है वा विशेष है सो कथन। एक एक रचना विषै बीस बीस प्ररूपण का कथन स्वरूप छह से चउदह मंत्रों को रचना है उसमें कोई रचना समान जान बहुत रचनाओं को एक रचना है। फिर मन पर्यय ज्ञानादिक में एक होवे अन्य न होवे उसका वर्णन। उपशम श्रेणी से उतर, मरण हुए उपजने का, सिद्धानि विषयक संभवसो प्ररूपणानिका निक्षेपादिक प्ररूपणा जानने के उपदेश का वर्णन है। फिर आशीर्वाद। टीकाकार के वचन

"जीव काण्ड नामा महाअधिकार"

संपूर्ण

(२) अजीव कांड नामा महाअधिकार (पृ० से पृ० तक)

(१) प्रथम अधिकार—पृ० ७५३ से ७८१ तक।

समुत्कीर्तन अधिकार में-मंगलाचरण, प्रतिज्ञा, प्रतिज्ञा का स्वरूप, जीव कर्म का संबंध, उनका अस्तित्व, दृष्टांत पूर्वक कर्म परमाणु का ग्रहण, बंध उदय, सत्वरूप कर्म परमाणु, का प्रमाण, ज्ञान वर्णादिक आप मूल प्रकृतियों के नाम। घाती अघाती भेद उनके कार्य। क्रम संभवने का वर्णन, दृष्टांत निरुक्ति लिये इनके स्वरूप का वर्णन, इनको उत्तर प्रकृति का कथन, पंच निद्रा तीन दर्शन मोह होने के विधान, पंचशरीरों पंद्र भंगनिका विवक्षित संहनन वाले देव नरक गति में जहां उपजैं उनका वर्णन, कर्म भूमि स्त्रियों के तीन संहनन आतान, प्रकृति के स्वरूप स्वामित्व। मतिज्ञान, वर्णादि उत्तर प्रकृति के निरुक्ति लिए स्वरूप का वर्णन। प्रसंगवश अभव्य के केवल ज्ञान के सद्भाव विषै प्रश्नोत्तर। सात धात, सात उपधातु। अभेद विविक्षा जो प्रकृति गर्भित हो उसका वर्णन, बंध उदय संज्ञा रूप जितनी प्रकृतियां हैं उनका वर्णन। घातिया में सर्वघाती देश घाती प्रकृतियां का वर्णन, सब प्रकृतियों में प्रशस्त अप्रशस्त विषैं का वर्णन, प्रसंगवश संशय विपर्यय अनध्यवसाय का वर्णन। तीन प्रकार के श्रोताओं का कथन, प्रकृति के चार निक्षेप नामादि निक्षेप का स्वरूप कह नाम निक्षेप का और

तदाकार अतदाकार रूप दो प्रकार स्थापना निक्षेप का और आगमनो आगम रूप दो प्रकार द्रव्य निक्षेप का जो आगम के ज्ञायक तद्व्यति रिक्तारूप तीन प्रकार भूत, भावी वर्तमान रूप ज्ञापक शरीर के तीन भेदों का कथन च्युत च्यावित्यक्त रूप भूत शरीर के तीन भेदों का व्यक्त के भक्त प्रतिज्ञा इंगिनी प्रायोपगमन रूप भेद भक्ति प्रतिज्ञा उत्कृष्ण मध्य, जघन्य रूप तीन प्रकार तद्व्यति रिक्त नोआगम द्रव्यके कर्मनो कर्म भेदों का फिर भाव निक्षेप के आगमनों आगम भेदों का वर्णन। मूल प्रकृतिनि विषैं इन कहि उत्तर प्रकृति विषैं वर्णन हैं। और नो आगा-भाव कर समुच्चय रूप वर्णन है।

(२) दूसरा अधिकार—बंध उदय सत्त्वयुकस्तव नामा अधिकार—पृ० ७८५ से ९६८ तक

नमस्कार पूर्वक प्रतिज्ञा कर स्तवनादिक का लक्षण वर्णन बहुरि। बंध व्याख्यान विषैं बंध के प्रकृति स्थिति अनुभाग प्रदेश रूप भेदों का और तिन विषै उत्कृष्ट अनुत्कृष्ट जघन्य अजघन्य पनै का, इन विषैं भोलादि जनादि ध्रुव अध्रुव संभवने का वर्णन। प्रकृति बंध का कथन विषय गुण स्थाननि विषै प्रकृति बंध के नियम का, तहां भी तीर्थंकर प्रकृति बंधन के विशेष का, और गुण स्थानों विषैं व्युच्छिति बंध अबंध प्रकृतियों का, जहां भी व्युच्छित्ति के स्वरूप दिखावने कौं द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिक, नयकी अपेक्षा का गति आदि मार्गणा के भेदों के विषैं सामान्य पनै संभव से गुणस्थान, अथोव्युच्छित्ति बंध अबंध प्रकृतियों के विशेष का, मूल उत्तर प्रकृतिनि विषैं संभवते सादितैं, आदि देकर बंध का, वहां अध्रुव प्रकृतियों में सप्रतिपक्ष निःप्रतिपक्ष प्रकृतिनिका, निरंतर बंध होने के काल का वर्णन। स्थिति बंध के वर्णन में मूल उत्तर प्रकृतियों के उत्कृष्ट स्थिति बंधका और उत्कृष्ट स्थिति बंध संज्ञक पंचेंद्रियकैं हो होय उसका और जिस परिणाम में वा जिस जीव के जिस प्रकृति का उत्कृष्ट स्थिति बंध होय उसका, वहां प्रसंग या उत्कृष्ट ईषत् मध्यम संक्लेश परिणामों के स्वरूप दिखाने को अनु-कृष्टि आदि विधान का और मूल उत्तर प्रकृतियों के जघन्य स्थिति बंध के प्रमाण का जघन्य स्थिति बंध जिसके होय उसका वर्णन। एकेन्द्री बेइन्द्री तेइन्द्री चौइन्द्री असंज्ञी संज्ञी पंचेन्द्री जीवों के मोहादिक की उत्कृष्ट जघन्य स्थिति के प्रमाण, प्रसंग पाइनिन के अबाधा के काल भेद कंदकनिके प्रमाण, भेद प्रमाण, गुणित कांडक प्रमाण को उत्कृष्ट स्थिति विषैं ऊपरौं जघन्य स्थिति कर प्रमाण होने का वर्णन है। बहुरि एकेंद्रियादि जीवों के स्थिति भेदों को स्थापन करि तहां चौदह जीव समासनि विषैं जघन्य उत्कृष्ट स्थिति बंध और अबाधा और भेदों के प्रमाण का और तिनने जानने का विधान वर्णन है। वहां प्रकृतियां का जघन्य स्थिति बंध तिनके होइ उसका, और जघन्य आदि स्थिति बंध विषयक सादि नें आदि देकर

संभवपन को और विशुद्ध संक्लेश परिणामों से जैसे जघन्य उत्कृष्ट स्थिति बंध होय उसका, अबाधा के लक्षण, मोहादिक की अबाधा के काल का वर्णन, आयु की अबाधा के विशेष का तहां प्रसंग पाकर देव नारकी भोग भूमियां कर्म भूमियों के आयु बंध होने के समय का, उदीर्णा अपेक्षा, अबाधा काल के प्रमाण का प्रसंग पाकर अचला वली, उदया वलि उपरितन स्थिति विषय कर्म परमाणु खिरने का उदीर्णा के स्वरूप का, आयु या अन्य कर्मनि के निषेकनि के स्वरूप का अंक संदृष्टि निषेकनि पूर्वक विषैं द्रव्य प्रमाण का तहां गुण हानि आदि का वर्णन है। बहुरि अनभाग बंध का व्याख्यान विषैं प्रकृतियों का अनुभाग जैसे संक्लेश विशुद्धि परिणाम निकरि बंधै है उसका और जिस प्रकृति का जाके तीव्र वा जघन्य अनुभाग बंधै है उसका वहां प्रसंग पाकर अपरिवर्तन मान, परिवर्त मानमध्य परिणामनि के स्वरूपादि का और उत्कृष्टादि अनुभाग बंध विषै सादिनें आदि देकर भेदों के संभवपने का वर्णन बहुरि घातियानि विषैं लातुदारु अस्थि शैल भाग रूप अनुभाग का तहां देश घाति या स्पर्द्धकनिका मिथ्यात्व विषैं विशेष है उसका वर्णन, जिन प्रकृतियों विषैं जेते प्रकार अनुभाग प्रवर्तै उसका वर्णन। अघातियानि विषैं प्रशस्त प्रकृतियों का गुड़ खंड शर्करा अमृत रूप अप्रशस्त प्रकृतियों का, निंबकांजीर विष हलाहल रूप अनुभाग का और इन प्रकृतियों के तीन तीन प्रकार अनुभाग प्रवर्तै उसका वर्णन। प्रदेश बंध का कथन विषैं एक क्षेत्र अनेक क्षेत्र संबंधी वा तहां कर्म रूप होने को योग्य अयोग्यरूप, तिन विषैं भी जीव के ग्रहण की अपेक्षा सादि अनादि रूप पुद्गलों का प्रमाणादिक कह तहां जिन पुद्गलों को समय प्रबद्ध में ग्रहै उसका वर्णन। ग्रहे अर्थात् परमाणु के प्रमाण उनको आठ या सात मूल प्रकृतियों में जैसे विभाग है उनका हीनाधिक विभाग होने का कारण। उत्तर प्रकृतियों में विभाग का अनुक्रम, ज्ञानावरण, दर्शनावरण, अंतराय में सर्वघाती, देशघाती द्रव्य का विभाग, मति ज्ञानावरणादि प्रकृति में सर्वघाती, देशघाती स्पर्द्धकनिका, उसमें अनुभाग संबंधी नाना गुण हानि, अन्योन्याभ्यस्त द्रव्य स्थिति गुण हानि का प्रमाण कह कर उसमें वर्गणा का प्रमाण ला उसमें जहां देशघाती, सर्वघातीपना पाया जाय उसका वर्णन। चार घातिया कर्मों का उत्तर प्रकृतियों में कर्मप्रमाणुओं के विभाग का वर्णन, संज्वलन और नोकषाय में विशेषत्व। नोकषाय के युगपत् बंध। उनके निरंतर बंधने का काल। अंतराय की प्रकृतियों में सर्वघातीपना न होने का वर्णन। युगपत नाम कर्म की तेइस आदि प्रकृति बंधे उनका विभाग। वेदनीयादिक की एक एक ही प्रकृति बंध इनसे इसमें जहां कहीं जरूत बंध इससे वहां विभाग न होने का वर्णन। मूल उत्तर प्रकृतियों का उत्कृष्टादि प्रदेश बंध में सादि इत्यादि भेद संभवने का वर्णन। जिस प्रकृति का उत्कृष्ट जघन्य प्रदेश बंध जिसके हो उसका वर्णन। स्तोक सा एक जीव के युगपत् जितनी जितनी

प्रकृत बंधै उनका वर्णन। योगनिका का कथन। उपपाद एकांत वृद्धि परिणाम रूप होगनि के स्वरूपादि का वर्णन। योगनि अविभाग प्रतिच्छेदन वर्ग वर्गणा स्पर्द्धक गुण हानि नाना गुण हानि स्थाननि के स्वरूप प्रमाण विधान का योग शक्ति व प्रदेश अपेक्षा विशेष वर्णन है। योगनिका जघन्य स्थान से लेकर स्थाननि में वृद्धि के अनुक्रम तक वर्णन। सूक्ष्म निगोदिया लब्धि अपर्याप्तक का जघन्य उपपाद योग स्थान से लेकर ८४ स्थाननिका, वात्र बोच में जिनका स्थानो (स्वामी) न मिले उनका, उनमें गुणकार के अनुक्रम का, जघन्य स्थान से उत्कृष्ट स्थान के गुण कार का वर्णन। तोन प्रकार योग निरंतर जितने काल प्रवर्तें उनका पर्य्याप्त त्रस संबंधो परिणाम-योग स्थानों में जितने जितने योग स्थान, दो आदि आठ समय पर्यंत निरंतर प्रवर्तें उनके प्रमाण लाने को कालयव मध्य रचना। पर्य्याप्त त्रस संबंधो परिणाम योग स्थाननि में जितने जितने जोव मिलें तिनके प्रमाण जानने को गुण हानि आदि विशेषता युक्त जोव यव मध्य रचना का और योग स्थानों से जितना जितना प्रदेश बंध हो उसका, उसका जघन्य से उत्कृष्ट स्थान पर्यंत बंधने क्रम का वीचि वीचि जितने अविभाग प्रतिच्छेद हों उनका वर्णन है। चार प्रकार बंध के कारणों का कथन। योग स्थानादिक के अल्प बहुत्व का वर्णन। योग स्थान श्रेणी के असंख्यातवां भाग मात्र उनका वर्णन। असंख्यात लोक गुने कर्म प्रकृतियों के भेदों के वर्णन में मतिज्ञानादिक के भेद। क्षेत्र अपेक्षा अनुपूर्वी के भेदों का कथन। उनसे असंख्यात गुने कर्म स्थिति के भेदों का वर्णन में मतिज्ञानादिक के भेद। क्षेत्र अपेक्षा अनुपूर्वी के भेदों का कथन। उनसे असंख्यात गुने कर्म स्थिति के भेदों का वर्णन, उनमें एक एक प्रकृति की जन्याद उत्कृष्ट पर्यंत स्थिति भेदों का कथन है। उनसे असंख्यात गुने स्थिति बंधाध्यवसायनिका वर्णन, द्रव्य स्थिति गुण हानि निषेक त्रयादिक की स्थिति बंध का कारण परिणामों का स्तोकसा। फिर उनसे असंख्यात लोक गुने अनुभाग बंधाध्यवसाय स्थाननि का वर्णन। उसके अन्तर्गत द्रव्य स्थिति गुण हान्यादिक अनुभाग का कारण परिणामों का स्तोकसा कथन। उनमे अनंत गुने कर्म प्रदेशों का वर्णन। द्रव्य स्थिति गुण हानि नाना गुण हानि त्रय निषेकों का अंक संदृष्टि वा अर्थ करि कथन। एक समय मे समय प्रबद्ध मात्र पुद्गल बंधै, एक एक निषेक मिल कर समय प्रबद्ध मात्र हो निर्जरैं ऐसे होते स्पर्द्ध गुण हानि गुणित समय प्रबद्ध मात्र सत्त्व रहै उसका विधान जानने के लिये त्रिकोण पेत्र की रचना। उदय के वर्णन मे उदय प्रकृतियों का नियम। गुण स्थानों व्युच्छित्त उदय, अनुदय प्रकृतियों का वर्णन। उदीरणामे विशेष कह गुण स्थानों में व्युच्छिति उदीर्णा अनुदीर्णा रूप प्रकृतियों का वर्णन। मार्गण में उदय प्रकृतियों का कह गति आदि मार्गणा के भेदों में संभव संगुण स्थानों को अपेक्षा लिये व्युच्छित्ति

उदय अनुदय प्रकृतियों का वर्णन। सत्त्व के कथन में तीर्थंकर आहारक की सत्ता का, मिथ्या दृष्ट्यादि विषै विशेष और आयु बंध हुए पीछे सम्यक्त्व व्रत होने का विशेषत्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व होने का विशेष कह मिथ्या दृष्टि आदि सात गुण स्थानों में सत्त्व प्रकृतियों का वर्णन। ऊपर क्षयक श्रेणी अपेक्षा व्युच्छित्ति सत्त्व असत्त्व प्रकृतियों का वर्णन है। मिथ्या दृष्टि आदि गुण स्थानों सत्त्व असत्त्व प्रकृतियों का वर्णन। उपशम श्रेणी विषै इकीस मोह प्रकृति उपशमावने का क्रम। सत्त्व प्रकृतियों का कथन। मार्गणा में सत्ता असत्ता प्रकृतियों का नियम। गति आदि मार्गणा के भेदों में यथा संभव गुण स्थानों की अपेक्षा लिये व्युच्छित्ति सत्त्व असत्त्व प्रकृतियों का वर्णन है। इन्द्रिय काय मार्गणा में प्रकृतियों की उद्वेलना का इत्यादि अनेक वर्णन।

(३) तीसरा अधिकार—विशेष सत्ता—पृ० ९६९ से पृ० ९८९ तक।

एक जीव को एक काल प्रकृति मिलै उनके प्रमाण की अपेक्षा स्थान स्थान में प्रकृति वदलने की अपक्षा भंग उनका वर्णन। नमस्कार पूर्वक प्रतिज्ञा कर स्थान भंगों का स्वरूप कर गुण स्थानों में सामान्यवत प्रकृतियों का वर्णन करके विशेष वर्णनों में मिथ्या दृष्टायादि गुण स्थानों में जितने जितने स्थान अथवा भंग हों उन को कह कर जुदा जुदा कथन में उनका विधान वा प्राकृतिक घटने बंधने बदलने के विशेष का बद्धायु अवद्धायु अपेक्षा वर्णन है। मिथ्या दृष्टि में तीर्थंकर सत्ता वाले के नरकायु ही का सत्व हो उसका वर्णन। एकेन्द्रिय आदिक के उद्वेलन्य का और सासादन में आहार सत्ता के विशेष का मिश्र में अनंतानुबंधी रहित सत्व स्थान जैसे संभवै उसका असंयत में मनुष्यायु तीर्थंकर सहित एक सौ अड़-तीस प्रकृति की सत्तावाले के एक वा दो वा तीन ही कल्याण कहीं उनका अपूर्व करणादि विषै उपशमक क्षपक श्रेणी अपेक्षा का इत्यादि अनेक वर्णन है। वहुरि आचार्यों के मत जो विशेषत्त्व है। उसके कथन पर उसकी अपेक्षा की कथन है।

(४) चौथा अधिकार—त्रिचूलिका पृ० ९९० से पृ० १००४ तक।

नौ प्रश्नों द्वारा चूलिका का व्याख्यान। पहिले तीन प्रश्न करना और उनके उत्तर में जिन प्रकृतियों की उदय व्युच्छित्ति से पहिले वंधु व्युच्छित्ति युगपत् हुई उसका वर्णन, फिर तीन प्रश्न कर के उनके उत्तर में जितना अपना उदय होते ही बंधु हो उनका और जिनका अन्य प्रकृतियों का उदय होते ही बंध होने उनका वर्णन। फिर तीसरा तीन प्रश्न कर तिनके उत्तर में जिनका निरंतर बंध हो उनका और जिनका सांतर बंध हो उनका और जिनका सांतर निरंतर बंध हो उनका कथन। यहां तीर्थंकरादि प्रकृति निरंतर बंधी जैसे उसका और सप्रतिपक्ष निष्प्र-तिपक्ष अवस्था में सांतर निरंतर बंध जैसे संभव है उसका वर्णन है। दूसरी पंच

भाग हार चूलिका का व्याख्यान में मंगलाचरण कर उद्वेलन विध्यात अधः प्रवृत गुण संक्रम सर्व संक्रम इन पांच भाग हारन के नाम स्वरूप भाग हार जिन जिन प्रकृतियों में गुण स्थानों में संभवें ताकर वर्णन। सर्व संक्रम भाग हार गुण संक्रम भागहार उत्कर्षण वा अपकर्षण भागहार अधःप्रवृत्त भागहार योगों में गुणाकार, स्थिति में नाना गुणहानि पल्य के अर्द्धच्छेद पल्य का वर्गमूल स्थिति विषैं गुण हानि आयाम, स्थिति विषै अन्योन्यभ्यस्त राशि, पल्य कर्म की उत्कृष्ट स्थिति, विध्यात संक्रम भागहार, उद्वेलन भागहार अनुमान विषै नाना गुणहानि, दाे गुणहानि, अन्योन्याभ्यस्त इनका प्रमाण पूर्वक अल्प बहुत्व का कथन। तीसरी दश करण चूलिका के व्याख्यान में वंधन उत्कर्षण, २ संक्रम, ३ अपकर्षण ४ उदीर्ण, ५ सत्व ६ उदय ७ उपशम ८ निधत्ति ९ निःकांचना, १० इन दश करणानि के नाम स्वरूप जिन जिन प्रकृतियों या गुण स्थानों में जैसे जैसे समवें उनका वर्णन।

(५) फिर पांचवां बंध उदय सत्व सहित स्थान समुत्कीर्थन नया अधिकार पृ० १००५ से पृ० ११५३।

मंगलाचरण, एक जीव के युगपत् संभवती बंधादिक प्रकृतियों का प्रमाण रूप स्थान या वहां प्रकृतियों के बदलने से हुए भंगनि का वर्णन। मूल प्रकृत के वंध स्थान। भुजा कारादि वंध विशेष का, भुजाकार अल्प तर अवस्थित अब कतंव्य रूप वंध विशेषों का स्वरूप का वर्णन। मूल पद्धति के उदय स्थान उदीर्णा स्थान, सत्व स्थानों का वर्णन । उत्तर प्रकृतियों के कथन में दर्शनावर्ण मोहनीय नाम की प्रकृति विशेष है तहां दर्शना वरण के वंध स्थानों का वर्णन। गुण स्थान अपेक्षा भुजा कारादि विशेष संभन का दर्शनावरण के गुण स्थान वंध स्थान उदय स्थान सत्व स्थान मोहनीय के वंध स्थान। प्रकृतियां नाम जानने को ध्रुवबंधी प्रकृत का, कूट रचना आदि का। प्रकृति बदलने से हुए भंगियों बंध स्थानों में संभव से भुजा करादि विशेषों का भुजा करादि के लक्षण सामान्य अवक्तव्य भंगियों की संख्या, भुजा कारादि संभवन का विधान, गुण स्थान में चढ़ना उतरना, इत्यादि का विशेषत्व। मोह के उदय स्थान। उनकी प्रकृति का विधान। संख्या। मिलाई हुई संख्या। गुण स्थान में संभव से उपयोग, योग, संयम, लेश्या, सम्यक्त्व उनकी अपेक्षा । मोह स्थान का प्रकृतियों का विधान संख्या आदि का अनंतानुबंधी रहित उदय स्थान। मिथ्यादृष्टि की अपर्याप्त अवस्था में न पाइये इत्यादि विशेष वर्णन, मोह सत्व स्थाननिका वर्णन का आ तहां प्रकृति घटने का और वह स्थान गुण स्थानों में जैसे संभवें उनका, और अनिवृत्ति करण में उसका वर्णन। नाम कर्म का कथन में आधार भूत इकतालीस जीव पद चौतीस कर्म पदों का व्याख्यान कर नाम के वंध स्थान का और वे गुण स्थानों में जैसे संभवे उनका और वे जिस जिस कर्म पद सहित वंध हैं उसका

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ श्री जानकी वल्लभो विजयते ॥ बानि विनायक अंब रवि गुरु हरु रमा रमेस। सुमिरि करहु सब काज सुभ मंगल देस बिदेस ॥ १ ॥ गुर सर सइ सिंधुर वदन ससि सुरसरि सुरगाइ। सुमिरि चलहु मग मुदित मन होइहि सुकृत सहाइ ॥ २ ॥ गिरा गौरि गुर गणप हनु मंगल मंगल

मूल । सुमिरत करतल सिद्ध सब होइ ईसु अनुकूल ॥ ३ ॥ भरत भारती रिपुदवनु गुरु गनेस बुध बारु । सुमिरत सुलभ सुधरम फल विद्या विनय विचारु ॥ ४ ॥ सुर गुर गुर सिय रामुगन राइ गिरा उर आनि । जो कछु करिय सो होइ सुभ खुलहि सुमंगल खानि ॥ ५ ॥ सुक सुमिरि गुरु सारदा गनपुलषन हनुमान । काज विचारेहु जो करहु दिन दिन बड़ कल्यान ॥ ६ ॥

End—हनूमान सानुज भरत राम सीय उर आनि । लषनु सुमिरि तुलसी कहत सगुन विचारु वखानि ॥ ५ ॥ जो जेहि काजहि अनुहरइ सो दोहा जव होइ । सगुन समय सब सत्य फल कहब राम गति गोइ ॥ ६ ॥ गुन विश्वास विचित्र भनि सगुन मनोहर हारु । तुलसी रघुवर भगत उर विलसत विमल विचारु ॥ ७ ॥

इति श्री तुलसीदास कृतैा सगुण मालायाः सप्तमः सर्गः ॥ ७ ॥ सुभमस्तु ॥ संवत १८५६ ॥ आश्वने शुक्ल पक्षे द्वादसी गुरु वासरे लोषोतं राम वकस कायथ सोनारपुरा मध्ये ॥

सर्ग							सप्तक							दोहा						
१	२	३	४	५	६	७	१	२	३	४	५	६	७	१	२	३	*४	५	६	७

दोहा—कमल बीज सत अष्ट गनि तीन पुष्टि कर लेव ।
पुनि गुनि दिन गुनि धातु गुनि सगुन सत्य कहि देव ॥

इति ।

Subject—प्रथम सप्तक—देवों को स्तुति आदि वर्णन । पृ०—१
द्वितीय सप्तक—दशरथ राज सुख कथन, पुत्र जन्म वर्णन पृ० २—३
(३) राम आदि भाइयों को बाल कोडा, अहिल्या तारण पृ० ३—४
(४) सीय स्वयंवर वर्णन
(५) विवाह वर्णन } पृ० ४—५,
(७) अवध आनंद वर्णन पृ० ६ ।

(१) राम वन गमन वर्णन, ग्रामवासियों से सम्मिलन, प्रेमभाव वर्णन । (२) सुमंत्र विलास, दशरथ स्वर्गगमन वर्णन पृ० ७—१० । (३) नय चरित्र वर्णन । (४) भरत का पितृ कर्म करना । राम के पास जाना ओर लोटना, (५) चित्रकूट में साधु समाज वर्णन । (६) राम का पंचवटी वास । (७) मुनि यज्ञ, गृद्ध भेट कथन, पृ० १०—१३ । (१) दंडक वर्णन । सूर्पणखा को नाक काटना, राक्षस वध वर्णन । (२) मारीच मृगरूप गमन । (३) सीता हरण, राम विलाप, गृद्ध युद्ध-तरन ।

(४) चारोवंधु का स्मरण फल। पृ० १४—१६। (५) राम हनुमान भेंट और सुग्रीव मिलन। (६) बालि वध, सीय शोधार्थ सेना, (७) सीयशोधन पृ० १७—१९। (१) रामअवतार वर्णन। (२) संस्कार वर्णन चारो वंधु के। (३) राम के कारण अवध आनंद कथन। सीता जन्म, राम महिमा कथन। पृ० २०—२२। (५) विश्वामित्र का राम लक्ष्मण को प्राप्त करना। (६) मख रक्षा अहिल्या तारण। जनकपुर गमन। (७) धनुष भंग पृ० २३—२४ (१) राम नाम महिमा कथन। (२) हनुमान का लंका में जाना। (३) हनुमान सीता संवाद। (४) हनुमान भरत, शत्रुहन प्रशंसा वर्णन आदि। (५) अक्षवध, लंका-दहन, पृ० २५—२८, (६) विभीषण-राम भेंट। (७) रावण रावण युद्ध। इति पंचम सर्ग। (१) राक्षस-वध, सीताराम-भेंट, अवध गमन। (२) राम लक्ष्मण का माता गुरु आदि से भेंट। (३) भालु, कपि, राक्षसों की बिदाई—पृ० २९—३२। (४) अयोध्या में राजसुख वर्णन। (५) मृत बालक का जीवन वर्णन। (६) सीय त्याग, राम यज्ञ वर्णन। (७) लव कुश जन्म, सभा में यश-वर्णन, सीता का भूमि प्रवेश कथन—पृ० ३२-३६। (१) राम-राज्य सुख वर्णन (२) ग्रहों का फल। (३) रामपंचायतन-वर्णन (४) रामराज में कर्म-फल वर्णन। (५) बुरे भाग्य का फलना। (६) मंथरा और केकई का वर्णन, दुष्टता कथन। (७) सब देवों की प्रार्थना। चक्र व विधि सगनौती कथन। पृ० ३७—४२ तक।

इति।


No. 432(*i*2). Rāma Śalākā, by Goswāmī Tulasī Dāsa of Rājāpura. Substance—Country-made paper. Leaves—36. Size—4½ × 4 inches. Lines per page—20. Extent—400 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1265 Fasli or A.D. 1848. Place of deposit—Pāṇḍita Ajodhyā Prasāda Miśra, Kālail, post office Chilwaliyā, district Baharāich.

NOTE—(1) शेष सब विवरण No. 422 (j) (1) पर लिखा गया है।

No. 432(*j*2). Rāma Śalākā, by Goswāmī Tulasī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—40. Size—8½ × 6 inches. Lines per page—18. Extent—405 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Rāmanātha Lāla, Kāśī.

No. 432(*l*2). Rāma Śalākā, by Goswāmi Tulasī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—58. Size—8 × 4 inches. Lines per page—14. Extent--406 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1910 Samvat or A.D. 1853. Place of deposit--Paṇḍitā Lālatā Prasāda, village Paṇḍitapurwā, post office Sisaiyā, district Baharāich (Oudh).

Beginning—



No. 432(*m*2). Rāma Mukātāwalī, by Goswāmi Tulasī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—58. Size—7 × 5 inches. Lines per page—14. Extent--254 Anushṭup ślokas. Appearance—New. Character--Nāgarī. Date of manuscript—1726 Samvat or A.D. 1669. Place of deposit—Paṇḍita Govinda Rāmājī, village Amahat Purawā Gajādhar Towārī, post office Sultāṇpur, district Sultāṇpur (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ श्री मते रामानुजायनमः अथ राम मुक्तावली लिष्यते । सोरठा । बुझि देषि सब कोय ॥ राम नाम सम मंत्र नहिं ॥ बुधजन लेहु विलोय ॥ निर्गुण शगुन विचारि कै ॥ दोहा ॥ रूप कहैा निर्गुण कर सुनहु शंत मन माह । निगम कहै तेहि छाह जा सोहहि सबर्त्रा नाह ॥ २ ॥ चैापाई ॥ आषर मधुर मनोहर दोऊ ॥ वरन विलोचन जन जिय जोऊ ॥ प्रथमहि निर्गुण रूप अनूपा । केवल जोतिन दूसर रूपा ॥ नहिं तव पांच तत्त्व गुन तीनी ॥ नहिं तव शिष्टि विधाता कीन्हीं ॥ नहि तव इन्दु तरनि परगासा । नहि तव पावक नीर निवासा ॥ नहि तव नषत रजनि उजिआरा ॥ नहिं तव येकैा सकल पसारा ॥ नहिं तव वारिज सुत परवेसा । नहिं तव विस्नुन देव महेसा ॥ नहिं तव गननायक न सुरेसू । नहि तव गुरु सिष कर उपदेसू ॥ देव तरनि नहि रवि सुत भयऊ इंदु सुता नहि संगम कियऊ ॥ नहिं तब परसठि तीरथ पूजा । नहिं तव देव दनुज नहिं

दूजा ॥ दोहा ॥ तुलसी कहा विसेषते तब कछु कित्तम नाहि । निर्गुण रूप अरूप हरि रहहि निरंतर माहि ॥ ३ ॥

End—जब देषा कलि सब कर नाचा । तब मै पवन तनै यह जाचा ॥ कासीपुरी संभु अस्थाना । तहं मोहि आइ मिले हनुमाना ॥ का मागहु तुम राम सेवक । जाको विभै देव के देवक ॥ तब मैं कहा सुनहु सुरनायक । करहु क्रिपा मोपर सुखदायक ॥ सो पथ कहहु जो रामहि पावैा । विनु प्रियास भवत्रास नसावैा ॥ तब अस हुकुम पवन सुत दीन्हा । वेद पुरान सास्त्र मत चीन्हा ॥ करहु राम मुक्तावलिजाई । सो सुनि पढ़ि नर पाय पराई ॥ तबहि राम मुक्तावलि भयऊ ॥ जब मोहि पवन सुवन वल दयऊ ॥ जोई मंत्र विरंचि हरि संभु रहे लवलाय । सोई राम मुक्तावली निगम कहो जेहि गाइ ॥ ४३ ॥ ऐसो नाम बुध देषिहैा ग्रंथन कह कहु होय ॥ पवन तनै की राधना पायो सकल विलोय ॥ ४४ ॥ जो पढ़ै दिन अेा राति । चित दै के बहु भांति ॥ बह सुनि नार जो कोय । सो राम पद कह होय ॥ मुनि है जो हिय धरि ध्यान । सो पावै पद निर्वान ॥ ताकह कलुष जो होय । तेहि अंग रहै न सोय ॥ × × × × × दो० ॥ सब पुरान कर जीव यह कलि यो जो इतिहास । निगुन सगुन जो अजपा प्रगटेउ तुलसीदास ॥ ७५ ॥ इति श्री राम मुक्तावली श्री गोसाईं तुलसीदास क्रित चरित्र सिव मानसे संपूर्न सुभमस्तु शिद्धिरस्तु ॥ मिति अगहन सुदि जन्मराति मंगलवार । लिषित भवानी बकस पंडित जो प्रति देषा सो लिषा मम दोषो न दीयते ॥ सुभस्थाने डोगर सुनार के पुरवा ।

Subject—(१) पृ० १—७ तक सृष्टि निरूपण (२) पृ० ८—१० तक—भृगु द्वारा त्रिदेव परीक्षा । (३) पृ० ११—१३ तक—राम भेंट के साधन, सगुण, निर्गुण वर्णन । (४) पृ० १४—१५ तक—नवधा भक्ति वर्णन । (५) पृ० १६—२३ तक—कलयुग में रामनाम महिमा । (६) पृ० २४—३६ तक—तीन प्रकार के पुरुषों के लक्षण । (७) पृ० ३७—४६ तक—शास्त्र मत शरीर का रूपक नगर के साथ सादृश्य, अजपा जाप के भेद । (८) पृ० ४७—५४ तक नाम जपने का नियम, फल । (९) पृ० ५४—कलियुग में उत्पन्न हुए नृपों में निर्वाण पदाधिकारी । (१०) ग्रंथ—पाठ—महात्म्य, पृ० ५७ तक पृ० ५८ में रामनाम महिमा के दो कवित्त ॥

No. 432(*u*2). Rāma Muktāwalī, by Tulasi Dāsajī. Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size—9 × 7 inches. Lines per page—24. Extent—300 Anushṭup ślokas. Appearance--Old. Character--Nāgarī. Date of manuscript--1884

Samvat or A. D. 1827. Place of deposit--Paṇḍita Maṇgala-deva, village Rewalī, post office Baharāich. district Baharāich (Oudh).

No. 432(o2). Rāmāyaṇa (Bālakāṇḍa), by Goswāmi Tulasī Dāsa. Substance--Country-made paper. Leaves--864. Size--8 × 6½ inches. Lines per page--17. Extent—7,344 Anushṭup ślokas. Appearance--New. Character--Nāgarī. Date of manuscript--1903 Samvat or A.D. 1846. Place of deposit—Ṭhākura Bindhyābakhsha Siṃhajī, village Tikarā, post office Dhanaulī, district Bārābaṇkī (Oudh).

Beginning—श्रीगणेशायनमः गुरुनारायणाय अतुलित बलधामं स्वर्ण शैलाव देहं दनुजवन कृशानं ज्ञाननामाग्र गण्यं सकल गुणनिधानं वानराणांधीशं रघुपति वरदूतं श्रात जातं नमामि ॥ १ ॥ मनोजवं मारुततुल्य वेगं जितेन्द्रिय बुद्धिमतां वरेष्टं ॥ वातात्मजं वानर यूथ मुख्यं श्री रामदूतं शरणं प्रपद्यं ॥ २ ॥ उल्लिंघ सिंधो सलिलं सलीलयः शोकं वन्हि जनकात्मजाया ॥ अदायते नैव ददाह लंका नमामितं प्राजलि राजनेयम् ॥ ३ ॥ गोः पदं कृतवारोशं मसको कृत राक्षसं ॥ रामायन महं माला रत्नं वन्दे निलात्मजं ॥ ४ ॥ वीर हनुमते नमः ॥ श्रीगणेशाय-नमः श्रीगुरुशरण ॥ वर्णान मर्थ संघानां रसानां छंदसामपि ॥ मंगलानांच क र्त्तारौ वन्दे वाणी विनायकै ॥ भवानी शंकरो वन्दे श्रद्धा विश्वास रूपिणो ॥ जिह्वा विना न पश्यंति सिद्धि स्वांतस्थमीश्वरे ॥ २ ॥ वंदे बोधमयं नित्यं गुरुं शंकर रुपिणं ॥ जामाशितो हि वक्रोपि चन्द्रः सर्वत्र वन्दिते ॥ ३ ॥ सीताराम गुणग्राम पुण्यारण्य विहारिणै, वन्दे विशुद्ध विज्ञानैा कवीश्वर कपीश्वरैा ॥४ ॥

End—सोरठा—भ श्वरि सुखधाम अतिसुख अति निर्मल सुख शिवपुरी तहां देव विश्राम सो महिमा वरनैा कहा ॥ दोहा ॥ कहे सुने समुझै सकल सो प्रभु गुनगण गान । सीता पति रघुकुल तिलक सदा करहि कल्यान ॥ सोरठा—सिय रघुबीर विवाह जो सप्रेम गावहिं सुनहिं ॥ तेन कह सदा उछाह मंगलयेतन रामजस ॥ दोहा ॥ कठिन काल कलिमल अमित, साधन कछैा न होइ ॥ ऐह विचार विश्वास करि सुमिरहि बुध जन सोइ ॥ सोरठा—मनहरि पद अनुराग करहि त्याग नाना कपट । महामोह निसु जागु, सोवत वीते काल बहु ॥ इति श्री रामचरित्रे कलिकलुषविध्वंसने विमल वैराग्य संपादिनो तुलसीकृत वालकांड रामायण संपूर्ण शुभमस्तु कल्याण मस्तु मिति पैाषमासे कृष्णपक्षे पंचम्यां सोम वासरे संवत १९०३ शाके १७६८ ॥ दसखत अजीत सिंह ॥ वास टिकरा ॥ पठनार्थ बलदेव बक्श सिंह ॥

Subject—(१) पृ० १—१७७ तक—हनूमान जी की वंदना, वाणी तथा विनायक की वंदना, भवानी शंकर की वंदना, गुरु की वंदना, कवीश्वर तथा कपीश्वर की वंदना, सीता की वंदना, रामायण की प्रस्तावना। गणेशजी की वंदना, तथा महिमा नारायण, शिव, गुरु के कमल चरण की वंदना, चरणरज की बड़ाई पद नख की शक्ति का वर्णन। सज्जन विनय, साधु चरित विसदता तथा उसके फल। खल वंदना, संगति का प्रभाव, देव दनुजादि सभी की बंदना। विविध विरान वर्णन के साथ ग्रन्थचतुष्ठय भक्त तथा अभक्त जनों का स्थान। कविकी दीनता स्वमुखते, व्यास इत्यादि कवि जन की वंदना, कविता का वास्तविक रूप। चारों वेदों को वंदना, विप्र, सारद सरितादि वंदना, कथा का फल, अवधपुरी की वंदना, राम के माता पिता की बंदना, भरत हनुमानादि रामायण के अन्यपात्रों की वंदना। रामनाम महिमा, रामायण की कथा प्रथम किसने किससे कही, रामायण की कथा अपने गुरु से सुनने का वर्णन। राम गुणानुवाद विषदना, रामायण निर्माण काल। संवत सोरह सै इकतीसा। करत कथा हरि पद धरि सीसा। भौम नौमी वार मधु मासा॥ अवधपुरी यह चरित प्रकासा॥ इस ग्रंथ के रामचरित मानस नाम रखने का कारण, कथा की विषदता का वर्णन, त्रिविधि श्रोता वर्णन, सूक्ष्म में कथाओं की गणना, शंकर विप्र की कथा, कलयुग की दशा उसमें वर्णाश्रमादि की दुर्व्यवस्था का वर्णन, कलयुग के गुण वर्णन, हनूमान तथा तुलसीदास जी का मिलन, भारद्वाज, याज्ञवल्क संवाद, शिव तथा सती का संवाद, पारवती का जन्म, षट मुख जन्म, त्रिपुरा दनुज जन्म, गणेश का जन्म, रामसर शिव पारवती का संवाद, रामचंद्र के भजन की महिमा, राम के अवतारादि लेने का वर्णन।

(२) पृ० १७८—६५० तक—जालंधर की कथा, नारद मोह वर्णन, मनुसत्तरूपा की तपस्या, भानुप्रताप की कथा, मंदोदरी का जन्म, देवासुर संग्राम, रावण-जन्म, रावण लंका प्रवेश, मेघनाद तपस्या, अहिरावन का जन्म, इन्द्र-मेघनाद संवाद, मेघनाद का विवाह, राजादलीप की कथा, राजारघु की कथा, राजाअज की कथा, रावन-नारद संवाद, मनुसत्तरूपा का जन्म, सुमंत-मेघनाद (संग्राम) नेमाहित की कथा, दशरथ-कौशल्या का विवाह। सुमंत का विवाह, दशरथ-खरदूषण का संग्राम, केकई-सुमित्रा का विवाह, जानकी का जन्म, रावन चरित्र, वालि-सुग्रीव का जन्म, अंबरीष की कथा, लोमपाद राजा की कथा, श्रीरामचन्द्रजी की कथा जन्म, रघुवंशियों का वंश वर्णन, विश्वामित्र की कथा, ताड़ुका की कथा, सोनभद्र नदी की कथा, परशुराम का जन्म, गैतम-इन्द्र संवाद, राजानहुष की कथा, भस्मासुर की कथा,

अंजनी तपस्या, अंजनी विवाह, महावीर जन्म, महावीर-कुंभज संवाद, बलि-वावन संवाद, राजसागर का विवाह।

(३) पृ० ६५१—६८४ तक—सगर को यज्ञ, अश्वभाम का राज्य, दलीप का राज्य, भागीरथ को कथा, नारद-ब्रह्मा का संवाद, रावन की कथा, गंगा जी की चारो धाराओं की कथा, जनक-विश्वामित्र संवाद। कुलकारी की कथा, परशु-राम संवाद, जनक तपस्या, धनुहा की कथा, श्रीरामजानुकी विवाह।

No. 432(*p*2). Rāmāyaṇa (Kishkindhākāṇda), by Tulasī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—60. Size—10 × 5 inches. Lines per page—10. Extent—600 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1880 Samvat or A.D. 1823. Place of deposit—Pāṇḍita Bisambhara Nātha Pāthaka, village Tikariyā Pura Gangadhar, post office Gauriganj (Sultāṇpur).

Beginning—श्रीगणेशायनमः ॥ श्री सरस्वत्यैनमः श्री गुरुभ्यांनमः ॥ अथ किष्किंधा कांड प्रारंभ ॥ श्री गुरुचरण सरोज रज निजमन मुकुर सुधारि बरणौ रघुपती विमल जस जे दायक फल चारी ॥ चौपाई ॥ सुनहुं उमव विनिधी गुण-धामा। पंपासार ते चले श्री रामाः। अनुज समेत तहां चली आये। जहां प्रकशिक मुनि ध्यान लगाये ॥ पूछा मुनहि नया पद माथा। जदपि सब जानत रघुनाथा ॥ सुनो प्रीय वचन मुनीस प्रवीना। भाग्य सराहि हरीष अति कीना ॥ कर जोरी तब प्रीति दोढाई ॥ प्रेम मोद न हृदय समाई ॥ तदपि सुनौ तुम्ह कुल देवा ॥ राम चहहि निज सुजस गवावा ॥ मुनि सौ कह प्रभु तुम को अहहुं ॥ कठिन तपस्या केहि नित करहूं ॥ सुनत वचन मुनि भये सुषारी ॥ नयन खोलि प्रभु निकट निहारी ॥

दोहा ॥

नील जलज तन जटा शीर कटी तुनीर मुनी चिरा।
अरुण नयन शर चाप कर हरण भक्त भये भीरा ॥

End—दोहाः—भव भेषज रघुनाथ जस सुनत जे नर नारि ॥ तिन कर सकल मनोरथ सिद्धि करहि तृपुरारि ॥ नील तत तन श्याम कोम कोटि सोभा अधिक ॥ सुनत तासु गुण ग्राम। जासु नाम षग अघ वधिक ॥ ५२ ॥ इति श्री रामचरित्र मानसे सकल कलिकलुष विध्वंसने ॥ × × × ॥ चतुर्थ कांड सोपान किष्किधा कांड सोपान ॥ संवत १८८० शाके १७४५ आश्विनि शुक्ल पक्ष सप्तमी ॥ लिषितं रामचन्द्र रघुनाथ श्री पढ़ेरपुरकर।

Subject—तुलसी कृत रामायण एक कांड । विषय उसी के अनुसार है ।

No. 432(*q*2). Rāmāyaṇa, Uttar, Sundar and Kishkindhā Kandas, by Tulasī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—300. Size—9 × 6 inches. Lines per page—15. Extent—1,650 Anushṭup ślokās. Incomplete. Appearance—Old. Character—Kaithī. Date of manuscript—1855 Samvat or A.D. 1798. Place of deposit—Paṇḍitā Sambhunāthajī, village Bāboorī, post office Aliganja Bazar, Sultāṇpura (Oudh).

Beginning—आरण्यकांड पृ० ४३ अन्तिमः—

छन्द—कपि संगन सैन संघारी निशि नारी सीतहिं आनी हैः त्रैलोक पावन सु सुर मुनि नारद आदि वखानी है ? जास कहत गावत सुनत समुझत प्रभु पदन समाई हैः रघुवीर पथ पंथीराज मधुकर दास तुलसी गाई हैः भै। भेषज रघुनाथ जस कहहि सुनहि नर नारि ॥ तिन्ह कर सुफल मनोरथ सिद्धि करहिं त्रिपुरारी ॥ दोहाः बुधी वीसाष राषी उर मानस कहा सभग्यानः तुलसी सो नार अकृत तनमा यहो पद नीर मानः इती श्री माह पाथी किष्किंधा कांड रामाएन कीत गोसाई तुलसीदास जी कथ संपुरनंग सुभमस्तु समायतः जो परती देषा सो लीषा मम दोषो न दीयते पंडीत जन सन वीनतीः मोरी टुटल अछर वाचव सभजोरी सन १२०६ संवतः १८५५

End—उत्तर कांड—प्रथम पृष्टः—श्री गनेसाग्रोपनमह भवानी जीय सहाइः पोथी उत्तर कांड लीषाः दोहाः श्री गुरुचरन सरोजः रजनीज मन मुकुर सुधारीः वरनो रघुपती वीमल जस, जो दाएेक फलचारीः चैापाईः—सीता लषन सहित भगवाना ॥ चले सकल सुरसाजि वेयाना ॥ पहुप वेयान तहा चली आया ॥ दंडक वन जहां परम सुहावा ॥ जहां करी मुनन्हि केर संतोषा । चला-वेवान तहाते चोषा ॥ अंतरीछ सो चला उड़ाइ ॥ अंजावलीपुर पहुंचे आइ ॥ अंजावली देषा हनुमाना ॥ जनम भुमी माता असथाना ॥ जाइ द्वार ठाढ़ प्रभु भयेउः ॥ हनुमान तब भीतर गयेउः ॥

Subject—(१) आरण्यकांड—८६ पृष्ट ।

(२) सुन्दरकांड—१३० पृष्ट

(३) उत्तरकांड—८४ पृष्ट

No. 432(*r*2). Rāmāyaṇa Uttara Kāṇḍa, by Tulasī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—150. Size—9 ×

4½ inches. Lines per page—8. Extent—862 Anushṭup ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1837 Samvat or A.D. 1780. Place of deposit—Paṇḍitā Bhawānī Bakhśa, village Ulara, post office Musāfirakhānā, district Sultānpur (Oudh).

Beginning—आदि के पृष्ट नष्ट हो गये हैं।

× × × ×

× × × ×

पृ० १४—यह संशय प्रभु देइ चुकाई। आजु सैानक सरहेहु गोशाई॥ दो०॥ भरत अनुज के वचन सुनि लोन्ह शुचि कर सांसु॥ विरह दवा के धूम हिय उमगिनयन बह आंसु॥ सोरठा॥ तिमि पर पंवहि जोशु दून कहेउ कछु वचन हठि सिय मनसा पिय सोऊ सो तुम्हो करनोय अव॥ ६१॥

End—छन्द—पक्ष तानि समय चुकानि गगन ब्रह्म वानी भई॥ द्वापर परितोखे मुनि मन पोखे तव तुम कुवि भार पलई॥ प्रभु मनु सेवा पूयिसु देवा गति पावन तव तोहि दई॥ गुसार महानम प्रभु जो आतम नियकर पोरि प्रसंसकई॥ पूनिक मज्जन पाय निखंडन गगन जो बानी ब्रह्म भई॥ फल चारि दाता अभिष्ट अधाना मज्जन सरजू पुन्यलई॥ कवि मुदित वधावा तुलसी गावा मन अति मोद अनन्द भरे॥ यह चरित यो गावहि हरिपद पावहि युगल लोक परलोक करै॥ दो०॥ तुलसीदास सतसंग करु यै चाहसि सुख लोक॥ रसना राम कहहु निति यै यह चहसि विसोक॥ १८५॥ इति लवकुसी संपूर्ण संवत् १८३७॥ वोधई कायस्थ लिखित॥

Subject—लंका विजय के पश्चात् प्रवध आगमन होने पर श्री सीता जी का वनोवास होना, लवकुशजन्म, अश्वमेध यज्ञ। अश्व का लवकुश द्वारा वंधन, लवकुश और रामदल से युद्ध।

No. 432(s2). Uttara Kāṇda (Rāmāyaṇa), by Goswāmī Tulasī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—107. Size—10½ × 6½ inches. Lines per page—28. Extent—1,498 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1897 Samvat or A.D. 1840. Place of deposit—Śaṅkara Prasāda, post office Chāndapura, district Rāe Barelī.

Beginning—श्री गणेशायनमः॥ अथ उत्तर काण्ड लिख्यते॥ श्लोक॥ केको कंठाभनीलं सुरवर विलसद्विप्रयादाभ्र चिन्हं॥ शोभाढ्यं पीतवस्त्र

सरसिज नयनं सर्वदा सुप्रसन्नं ॥ पाणौनाराच चापं कपि निकर युतं बंधुता सेव्य मानं ॥ नैामीड्यं जानकीशं रघुवर मनिशं पुष्पकारूढ़ रामं ॥ १ ॥ कौशलेंद्र पद्द कंज मंजुलोकोमलाब्जमहेस वंदितै ॥ जानकी कर सरोज ललितै चिन्तकस्य मनभृङ्गणैा ॥ कुंद इंदु वर गैार सुन्दरं ॥ अंविका पतिमभोष्ठ सिद्धिदं ॥ कारुणोक कलकंज लोचनं नैामिशंकर मनंग मोचनं । दोहा ॥ रहा एक दिन अवधिकर ॥ अति आरत पुर लोग ॥ जहं तहं सोचहिं नारि नर ॥ कृशतन राम वियोग ॥ दोहा ॥ शकुन होंहि सुन्दर सकल ॥ मन प्रसन्न सबकेर ॥ प्रभु आगमन जनावजनु ॥ नगर रम्य चहुंफेर ॥ दोहा ॥ कैाशिल्यादि मातु सब ॥ मन अनंद अस होई । आये प्रभु सिय अनुज युत ॥ कहन चहत असकोई ॥

End—सुंदर सुजान कृपानिधान अनाथ पर कर प्रोति जो ॥ सो एक राम अकाम हित निर्वाण पद सम आन को ॥ जाको कृपा लवलेश तें मतिमंद तुलसी दास हूं ॥ पायैा परम विश्राम राम समान प्रभु नाहीं कहूं ॥ दोहा ॥ मोसम दीन न दीन हित तुम समान रघुवीर ॥ अस विचारि रघुवंश मणि हरहु विषम भव-भीर ॥ दोहा ॥ कामहि नारि पियारि जिमि लोभहि प्रिय जिमि दाम ॥ ऐसे होइ के लागहुं तुलसी के मन राम ॥ इति श्री रामचरित मानसे सकल कलिकलुष ॥ विध्वंसने विमल वैराग्य संम्पादिनो नाम सप्त सोपान शुभ मस्तु सिद्धिरस्तु ग्रंथ ॥ उत्तरकांड ससकृत अक्षर मोतोन प्रति मिलाय कै सोधि के लोषा ॥ दसषत लोकनाथ गुरु शिववकस दास कायस्थ कै पुत्र ॥ गाधिनगर ॥ श्री शुभ संमत १८९७ भाद्र शुक्ल ३ ।

No. 432(*t*2). Sākhī Goswāmī Tulasī Dāsa kī, by Tulasī Dasa. Substance--Country-made paper. Leaves--126. Size --9 × 5 inches. Lines per page--8. Extent--630 Anushṭup ślokas. Appearance--Old. Character--Nāgarī. Date of manuscript--1868 Samvat or A. D. 1811. Place of deposit--Paṇḍitā Govinda Rāmajī, Purwa Gajādhara Tewarī, village Amahat, district Sultānpura.

Beginning—श्री गनेसायनमः ॥ श्रीमते रामानुजाय नम : ॥ राम सीता अथ मन को परिकर्न लिष्यते साषो गोसांई तुलसीदास जी की ॥ दोहा ॥ तुलसी मन पूरवहि सानि सिवासर ध्यावे ॥ पछिम दिसि आवै नहीं कैसे थिति पावै ॥ १ ॥ पछिम वसै जु प्रान पति हरन अनंत अघत्रास ॥ तुलसी ताहि विसारि मन पूरब करै प्रकास ॥ २ ॥ षिन नैनो षिन नासिका षिन स्रवनो चलि जाय ॥ षिन तुलसी रसना लुबुधि सकल स्वाद रस षाय ॥

End—मह देषै वांबु समजोइ ॥ वीचे वसै ज्यैा भुभ्रंगा जोइ ॥ तुलसी बिना भगति निहिकाम ॥ तहा न राचै येकैा जाम ॥ १७ ॥ सदां उदासी नाही नेह ॥ कहा ग्रेह कहा दिग्य देह ॥ तुलसी राम भजि रहै सो न्यारा ॥ त्यागै कोकट प्रपंच पसारा ॥ १८ ॥ तुलसी ग्रैसा सती जब होइ जनी जनन का संगी सोइ ॥ मनुवा ग्राहि ह्वै ग्रसवार पहुंचै वेगि मोछि दरवार ॥१९॥ इति श्री सती जनको परिकरण संपूरन ॥ मिति पूस सुदि ॥ ४ ॥ संवत् १८६८ ।

Subject—(१) पृ० १—२८ तक १३० छन्दें में—मनका प्रकरण ।
(२) पृ० २९—४४ तक—७३ छन्दें में—योगका प्रकरण ।
(३) पृ० ४५—५२ तक—३७ छंदें में—साखी प्रकरण ।
(४) पृ० ५३—७२ तक—१०३ छन्दें में—गुरु प्रकरण ।
(५) पृ० ७३—८८ तक—७६ छन्दें में—सुमिरण प्रकरण ।
(६) पृ० ७७—९० तक—१३ छन्दें में—ज्ञान प्रकरण ।
(७) पृ० ९१—१०३ तक—६१ छन्दें में—परचैा प्रकरण ।
(८) पृ० १०४—११३ तक—५३ छन्दें में—चेतावनी प्रकरण ।
(९) पृ० ११४—१२१ तक—३७ छन्दें में—सत्संग प्रकरण ।
(१०) पृ० १२२—१२६ तक—१९ छन्दें में—सतीजन प्रकरण ।

No. 432(*u*2). Saptāka, by Tulsasī Dāsa. Substance--Country-made paper. Leaves--48. Size--7 × 5½ inches. Lines per page--14. Extent--504 Anushṭup ślokas. Incomplete. Appearance--Old. Character--Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍitā Raghunandana Prasādajī, village Tilawaya, post office Suratganja, district Bārābaṇkī (Oudh).

Beginning—ग्रथ तृतीय सप्तक ॥ भूप भवन भाइन्ह सहित रघुवर बाल विनोद ॥ सुमिरत सब कल्यान जग पग पग मंगल मोद ॥ १ ॥ करन वेध्र चूड़ा कर कन श्री रघुवीर उवीत ॥ समय सुफल कल्यान मय मंजुल मंगल गीत ॥ २ ॥ भरत शत्रुसूदन लषन सहित सुमिरु रघुनाथ ॥ करहु सुमिरि सुजस बड़ मिलहि सु मंगल साथ ॥ ३ ॥ मुनि मषपाल कृपाल प्रभु चरन कमल उर ग्रानि ॥ तजहु सोच संकट मिटहि सत्य सगुन जय जानि ॥ ४ ॥ राम लषन कैासिक सहित सुरहु करहु पयान ॥ लच्छि लाभ जय जगत जसु मंगल सगुन प्रमान ॥ ५ ॥ हानि मीचु दारिद दुरित ग्रादि ग्रंत गत वीच ॥ राम विमुष ग्रघ ग्रापने गयो निसाचर नीच ॥ ६ ॥ सिला शाप मोचन चरन सुमिरहु तुलसी दास ॥ तजहु सोच संकट मिटहिं पुजहि मन की ग्रास ॥ ७ ॥ इति तृतीय सप्तक समाप्त ॥

End—सुधा सिन्धु सुर तरु सुमन सुफल सुहावन बात ॥ तुलसी सीतापति भक्ति सगुन सुमंगल तात ॥ १ ॥ सिद्ध समागम संपदा सदन सपीस सुवास ॥ सीतानाथ प्रसाद सुभ सगुन सुमंगल वास ॥ २ ॥ कौशिल्या कल्यान मय सुमिरि बार तप नाम ॥ सगुन सुमंगल काज क्रियाकरी असि राम ॥ ३ ॥ सुवन लषन रिपु सुदन पावहि पति पद प्रेम ॥ सुमिरि सुमित्रा नाम जग जोति अलेहि सुनाम

× × × × ×

राम वाम दित जानुको लषण दाहिनो वोर ॥ ध्यान सकल कल्यान मय तुलसी सुरतरु तोर ॥ ७ ॥

Subject—(१) पृ० १ नष्ट। पृ० २—८ तक—प्रथम सर्ग। प्रथम सप्तक और द्वितीय सप्तक नष्ट। तीसरा सप्तक—राजा दशरथ का शिकार को जाना तथा उनको शाप लगना, पुत्र यज्ञ तथा राम जन्म। चौथा सप्तक—कर्णवेध चूण कर्मादि संस्कार, मुनि मख रक्षा, सिला शाप मोचन। पंचम सप्तक—सिया स्वयंवर तथा विवाह। षष्ट सप्तक—विवाह के पश्चात् अवध आगमन। सप्तम सप्तक—राजप्रासाद तथा नगर में प्रसन्नता।

(२) पृ० ८—१५ तक—द्वितीय सर्ग। प्रथम सप्तक—राम वन गमन, द्वितीय सप्तक—अवध में शोक तथा मार्ग निवासियों का दर्शनों से मुग्ध होना। तृतीय सप्तक—भरत शत्रुहन आगमन, राजा का दाह संस्कार, षष्ट सप्तक—मंदाकिनी पर निवास, सीता को वस्त्र प्राप्त होना। काक-कुचाल, विराध-वध, सरभंग देह त्याग तथा मुनियों से मिलन। सप्तम-सप्तक—राम पंचवटी निवास।

(३) पृ० १६—२२ तक—तृतीय सर्ग। प्रथम सप्तक—दंडक वन निवास, सूर्पणखा कुकृत्य, खरदूषण वध, द्वितीय सप्तक-सूर्पणखा को रावण से शिकायत। तृतीय सप्तक—सीताहरण। चतुर्थ सप्तक पंचम सप्तक—सुग्रीव मिलाप तथा बालि वध। षष्ट तथा सप्तम सप्तक—सीता को हनुमान का मुद्रिका देना और उनकी सुधि लाना।

(४) पृ० २३—३० तक—चतुर्थ सर्ग। राम जन्मादि तथा राम बाल केलि वर्णन—राजा का दान देना चारो भाइयों के नाम जपने के फल। मुनि मख रक्षा करने का वर्णन। धनुष भंग तथा विवाह।

(५) पृ० ३१—३८ तक—पंचम सर्ग-राम नामादि के कुछ-पुत्रादि उत्पत्ति-फलों का वर्णन। सुरसा कपि संवाद, त्रिजटा स्वप्न, हनुमान का मुद्रा डालना, रावन का बाग विनाश। चारों भाइयों के स्मरण के पृथक पृथक फल। लंका दहन, हनुमान का राम के पास पहुंचना, युद्ध का वर्णन तथा कुछ कुफलों का वर्णन।

(६) पृ० ३९—४५ तक—षष्ट सर्ग। राक्षसों का नष्ट होना, बन्दरों का जीवित करना, सीता को राम के पास लाना। सीता को अग्नि परीक्षा, राम का

जानकी को अनुराग दिखाना। राज्याभिषेक। सुरों का प्रसन्नता प्रकाश। विभीषण को राज्य देना। राम के दर्वाजे पर मृतक बालक के ब्राह्मण पिता का आगमन, बालक का जीवित होना। रामराज्य का सुख। सीता को कलंक, सीता का परित्याग, राम का पछताना, वाल्मीकि आश्रम में लवकुश का जन्म।

(७) पृ० ४६—४८—सप्तम सर्ग। प्रथम तथा द्वि० स०-राम इत्यादि रामायण के पात्रों के स्मरण के फल। शेष पांच सप्तक लुप्त हो गये हैं।

No. 432(*v*2). Sata Pancha Chaupāī, by Tulasī Dāsa of Rājāpura. Substance—New paper. Leaves—10. Size—7 × 5 inches. Lines per page—12. Extent—105 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Place of deposit—Lālā Tulasī Rāma Nigama, Rāe Barelī.

Beginning—श्री जानकी वल्लभायनमः ॥ अथ सतपंच चैापाई लिष्यते ॥ संभू मनु सतिरूप दरस समे बालकांड दोहा। नील सरोरुह नील मनि नील नीरधर स्याम। लाजै तन सोभा निरषि कोटि कोटि सत काम ॥ चैापाई ॥ सरद मयंक वदन छवि सीवा, चारु कपोल चिवुक दर ग्रीवा। अधर अरुन सुंदर रद नासा, विधुकर निकर विनिंदित हासा। नै। अम्बुज अंम्बक छवि नीके, चितवन ललित भावती जी के, भृकुटी मनोज चाप छवि हारी, तिलक ललाट पटल दुतिकारी, कुंडल मकर मकुट सिर भ्राजा, कुटिल केस जनु मधुप समाजा, उर श्रीवत्स रुचिर वनमाला, पदिक हार भूषन मनि जाला,

End—ललित कपोल मनोहर नासा सकल सुषद ससिकर सम हासा ९९
नीलकंज लोचन भी मोचन भ्राजत माल तिलक गैारोचन १००
बिकट भृकुटी सम श्रवन सोहाये कुंचित कच मेचक छबि छाये १०१
पीत झीन भूंगुली तन सोही किलकनि चितवनि भावत मोही १०२
नृप रासि नृप अजिर विहारी नाचत निज प्रतिविम्ब निहारी १०३
मोसन करै विविधि विधि कीडा वरनत चरित होत मोहि वीडा १०४
किलकत मोहि धरन जव धावें चलैां भागि तव पूप देषावैं १०५

दोहा ॥ आवत निकट हंसै प्रभु भाजत रुदन कराहिं
जाहुं समीप गहन पद फिरि फिरि चितै पराहिं
सतपंच चैापाई मनोहर जानि जो नर उर धरै
दारुन अविद्या पंच जनित विकार श्री रघुवर हरै इति
सतपंच चैापाई संपूरन सुभमस्तु श्री सीताराम श्रीराम श्रीराम।

Subject—श्री सीताराम की नख शिख वर्णन ।

मुख शोभा वर्णन पृ० १—२ तक

कपोल ,,

चिवुक ,,

ग्रीवा ,,

अधर ,,

दंत ,,

नासा ,,

भृकुटी ,,

तिलक ,,

कुंडल ,,

केश ,,

उर ,,

कंधा ,,

बाहु ,,

कर भुज दंडा ,,

कटि ,,

पद ,,

नैन ,,

शोभा वर्णन ,,

शंभु मनु सतरूप समय

अथ जन्म समय—

राम लक्ष्मण को छवि वर्णन नख शिख—२—३ तक

जनकपुर देखने के समय राम लक्ष्मण को नख शिख को शोभा वर्णन पृ० ३-५। विवाह समय को शोभा वर्णन पृ० ५—६। तक कोहबर समय की शोभा पृ० ६—७। भरत मिलाप समय शोभा पृ० ७। शिव मिलाप समय को शोभा पृ० ७। विभीषण मिलाप समय पृ० ८। लंकाकांड कुंभकर्ण वचन उत्तरकांड भरत मिलाप समय पृ० ८—१० तक काकभुसंडि दरस समय। शत पंच चौपाई पढ़ने से अविद्या और पंच विकारों से रहित होना।

No. 432(*w*2). Surajapurāna, by Tulasī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—17. Size—14 × 4 inches. Lines per page—16. Extent—170 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1875 Samvat or A.D. 1818. Place of deposit—Paṇḍita Rāma Autāra,

village Panḍitapurwā, post office Rasiyā, district Baharāich (Oudh).

Beginning—श्रीगणेशायनमः ॥ श्रीसूर्यायनमः अथ सूर्य कथा लिख्यते ॥ दोहा ॥ एक शमय गिरिजा सहित संभु रहे कैलास । उपजी अति अनुराग दृढ़ सूर्य कथा प्रगास ॥ दोहा ॥ आदि भवानी संकरहि पूछे प्रेम दिढ़ाइ । सूर्य प्रताप जो काज है सो मोहि कहो बुझाइ ॥ दोहा ॥ श्री सूर्य की महिमा संकरहि वर्णे लीन्ह । कोटिन विप्र जिवांइ के दान सो वरन कै दीन्ह ॥ दो० ॥ प्रथमै सूर्य मनाइ कै सिंधु कीन्ह प्रनाम । अरघ दीन्ह कर जोरि कै वर्णय लाग्यो नाम ॥ चो० ॥ श्री सूर्य देवता सुमिरों तुम्हहो । सुमिरत ग्यान बुद्धि दे मोही ॥ जोति स्वरूप आदित बलवाना । तेज प्रताप तुम्ह अग्नि समाना । तुम्ह आदित परमेश्वर स्वामी । अलष निरंजन अंतरजामी ॥ वरणि न जाइ जोति कर लीला धरम धुरंधर परम सुसीला ॥ जोतिकला चहुंओर विराजे जगमग कानन कुंडल छाजै । स्वेत बरन छवि तुरंग सवारी ग्यान निधान धर्म व्रतधारी ॥ परम पुनीत आदित अविनासी । अछे अजीत सब घट घट वासी ॥

End—दक्षिण दिसि है कासी प्रयागा तहवां बहइ सरस्वती गंगा । दो० ॥ दक्षिण दिसि पुनीति है सुनहु उमा मनलाइ । आगिल अर्थ जस होइ है तस मैं कहो बुझाइ ॥ कलो के वीते वीत सब जाई । मानुष का तन मानुष पाई । तब अवतार प्रभु लेहैं अकलंकी । मानुस तन होइहि जिमि पंकी । दक्षिण दिसि तब उदइहहि जाई ॥ अति हित कथा कहैं समुझाई ॥ धर्म कथा होइहिं दिनराती । नेम धर्म करि है बहु भांती ॥ विप्र बवाइ आप तव षइ हैं निस दिन कथा सूर्य की गइ है ॥ दक्षिण दिसि रवि लेई निवासा । धर्म कथा तहं होइ प्रकासा । मिथ्या वचन कोउ नहिं भषि हैं । निस दिन टेक सूर्य पर रषि है । धर्म विचार सूर्य तब करि हैं । द्वादस कला जोति तहं उइ है ॥ दोहा ॥ द्वादस कला होइ उइहि रवि तहं जाइ ॥ जन्म जन्म को पातक हत्या कहत सुनत सब जाइ । सोरठा ॥ उमासंभु के संपदा यह भपावे । सूर्य को पढ़े सुनै मन लावे । पावै पद निर्माण इति श्री सूर्यपुराण लिषितं बस्तीराम मिश्रस्म शुभं भूयात संवत १८७५ समै पोष १५ दिन भृगुवासरे ॥ राम राम राम राम राम ।

Subject—सूर्य की कथा और उसकी महिमा मय उदाहरण यथा-सूर्य भगवान का व्रत करने से अंधे को नेत्र, कोढ़ी को सुन्दर काया, निर्धन को धन और बिना पुत्र वाले का पुत्र प्राप्ति होती है ।

No. 432(x2). Surajapurāna, by Tulasī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves 22. Size—7 × 4½ inches. Lines per page—20. Extent—275 Anushṭup ślokas. Appearance—

Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1906 Samvat or A.D. 1899. Place ot deposit—Hazārī Lāla, post office Rahua, district Rāe Barelī.

Beginning—श्रों श्रीगणेशायनमः ॥ श्रों श्री सुरुज जी सहाये नमः श्री हनुमान जी सहाये नमः ॥ श्री सुरसती जी सहाये नमः श्री तेतीस कोटी देवता जो सहाये नमः ॥ श्री गुरु जी सहाये नमः ॥ श्री सुरुज पुरान लीषते ॥ दोहा ॥ वंदों चरननि उर धरी भगति प्रेम लवलीन । महिमा अगम अपार है साहेब ग्यान प्रवीन ॥ वंदों चरन जोरी कर श्रीपती गौरी गनेस । तुलसीदास करी वरनो वरानैा कथा दिनेस ॥ चौपाई ॥ श्री सुरुज देवता सुमिरैा ताही । सुमीरत ग्यान बुधी देह मोही ॥ जोती सरूप आदीत बलवाना ॥ तेज प्रताप न अंगीनी समाना ॥ तुम आदीन प्रमेस्वर स्यामी ॥ अलष नीरंजन अंत्रजामी ॥ दरनीन जाइ जोति के लीला ॥ धरम धुरंधर प्रम सीसीला ॥ जोतिकला चहुंवोर विराजै ॥ जगमग कानन कुंडल छाजै ॥ नील वरन छवी तुरंग असवारी ॥ ग्यान नीधान धरम व्रतधारी ॥ प्रेम पुनीत आदीत प्रवीनासी ॥ अजै अनादी सकल घटवासी ॥

End—अथवा पीपर वटतर गायैा । व्रत करै रविनाम कहायो । रोग सकल तन के सब जाही ॥ तेज मान रवि प्रवेश कराही ॥ पुत्र पउत्र संपदा ते पावही ॥ सो विसेष करी स्तुती अस गावही ॥ दिन दिन भगती करै अधीकाई ॥ तेहि पर आदित रहहि सहाई ॥ सुर दुरलभ जग विविधी भोग करी ॥ अंत अवस्था सुर मुनी तन धरी ॥ रीषी पुरवास ताही कर होई ॥ रवि के भगती जानै जो कोई ॥ दोहा ॥ येह इतिहास पुनित अती ऊमहि कहा समुझाई । व्रत कीये नामहि लीये सो रीषी लोकहि जाई ॥ इति श्री पदुम पुराने ॥ श्री सुरुज महातमे ॥ उमा महेस संवादे पुजा पाठ असथाने वरनैा नाम दवादसमा अध्याय ॥ १२ ॥ इति श्री सुरुज महातमे मेहा पुराने ॥ सुरुजा व्रत विधान वरनो नाम ॥ दवादस ॥ मा अध्याये ॥ इति श्री सुरुज पुरान संपुरन समप्त ॥ सुभ मस्तु ॥ रामा राम राम सदसहइ लीषतं गंगादिन । तेवारि जो प्रति देष सो लिषा ॥ संवत १९०६ महीने कुआर सुकल पक्षा तीथी १ पंचीमी ॥ दिन सुकवर

No. 432(y2). Surajapurāṇa, by Tulasī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—52. Size 9 × 6 inches. Lines per page—8. Extent—25 Anushṭup ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1907 Samvat or A.D. 1850. Place of deposit—Śrimati Mahantā Lakshaman Dāsī, Kuti Bābā Jhāmadāsajī, post office Keśaraganja, district Sultāṇpur.

No. 432(*z*2). Surajapurāna, by Tulasī Dāsa. Substance--Country-made paper. Leaves--25. Size--9 × 8 inches. Lines per page--28. Extent--270 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character--Nāgarī. Date of manuscript--1925 Samvat or A.D. 1868. Place of deposit--Ṭhākura Rāmdaura, village Mithaurā, post office Keśarganja, district Baharāich (Oudh).

No. 432(*a*3). Tulasi Satsaī, by Tulaśī Dāsajī Goswāmī. Substance—Country-made paper. Leaves – 31. Size—14 × 6 inches. Lines per page—50. Extent—902 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1830 Samvat or A. D. 1779. Place of deposit—Rāma Śhaṇkara Bājpaī, village Bahorī ka Bājpai kā Purawā, post office Sisaia, district Bahrāich.

Beginning—श्री गणेशाय नमः॥ नमो नमो श्री राम प्रभु परमातम परधाम। जेहि सुमिरत सिध होत हैं तुलसी जनमन काम॥ १॥ राम वाम दिसि जानकी लखन दाहिनी ओर। ध्यान सकल कल्यान कर तुलसी सुर तरु तोर॥ २॥ परम पुरुष परधाम वर जापर अपर न आन। तुलसी सो समुझत सुनत राम सोई निर्बान॥ ३॥ सकल सुषद गुन जासु सो राम कामना हीन। सकल काम प्रद सर्व हित तुलसी कहहिं प्रवीन॥ ४॥ जाके रोम रोम प्रति अमित अमित ब्रह्मन्ड। सो देषत तुलसी प्रगट अमल सु अचल प्रचंड॥ ५॥ जगत जननि श्री जानकी जनक राम सुभ रूप। जासु कृपा आति अघ हरनि करनि विवेक अनूप॥ ६ तात मातु पर जासु के तासु न लेस कलेस। ते तुलसी तजि जात किमि तजि घर जन परदेस॥ ७॥ पिता विवेक निधान वर मातु दया जुत नेह। तासु सुवन किमि पाइ है अनत अटन तजि गेह॥ ८॥ बुद्धि विमै गति हीन सिसु सुपथ कुपथ गत जान। जननि जनक तेहि किमि तजें तुलसी सरिस अजान॥ ९॥ मात तात सिय राम रुष बुधि विवेक परमान। हरत अषिल अघ तरुन तर तव तुलसी कछु जान॥ १०॥ जिन ने उदभव वर विभवब्रह्मादिक संसार। सुगति तासु तिनकी कृपा तुलसी वदहि विचार॥

End—पीत सगाई सकल विधि वनिज उपाय अनेक। कल वल छल कलि मल मलिन डहकत एकहि एक॥ दंभ सहित कलि धर्म सब छल समेत व्योहार। स्वारथ सहित सनेह सब रुचि अनुहरत अचार॥ धातु वंधो निरुपाधि वर सद गुरु लाभ सुमीत। दंभ दरस कलि काल मह पोथिन सुनष सुनीति॥ फोरहि मूरख सिल सदन लागे अटुक पहार। कायर कूर कपूत कलि घर घर सरिस उहार॥

जो जगदीस तौ अति भलो ज्यों महीस तौं भाग। जन्म जन्म तुलसी चाहत राम चरन अनुराग ॥ का भाषा का संस्कृत विभव चाहिये सांच। काम जो आवे कामरो काले करिय कमाच ॥ वरन विसद मुक्ता सरिस अर्थ सूत्र सम तूल। सतसैइया जगवर विसद गुन सोभा सुख मूल ॥ वर माला वाला समति उर धारै जुत नेह। सुख सोभा सरसाय नित लहै राम पति गेह ॥ भूप कहहि लघु गुनिन कहं गुनी कहैं लघु भूप। महि गिरि गत दोऊ लखत जिमि तुलसी स्व स्वरूप ॥ दोहा ॥ चारु विचारु चलु परि हरि वाद विवाद। सुकृत सीम स्वारथ अवधि परमारथ मरजाद ॥ इति श्री मद्गोस्वाई तुलसी दास विरचितायां सप्त शतिकायां राजनीति प्रस्ताव वरननो नाम सप्तम, सर्गः लिखतं कालिका प्रसाद कायस्थ संवत १८३६ गुंजौली मध्ये ॥ श्री राम श्री राम श्री राम

Subject—राम की महिमा संत लक्षण राज नीति आदि के ७०० दोहे।

No. 432(*b* 3). Dohāwalī "Tulsī Satsaī", by Tulasī Dāsa. Substance—Country-made old paper. Leaves—106. Size—10 × 5 inches. Lines per page—8. Extent—931 Anushṭup ślokas. Appearance—Very nice. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1893 Samvat or A. D. 1836. Place of deposit—Ṭhākura Vishwanātha Siṃha Tālukedāra, village Agesar, post office-Tirsundī, district Sultānpur (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥ अथ श्री गोसाई तुलसी दास जी कृत दोहावली सतसई लिष्यते ॥ गुर गनपति गिरजा रोषै ॥ गौरा कपीश अहीस ॥ वंदि वरन दोहावली। कृपा करहु अज ईस ॥ १ ॥ आइ सकल सद्गुन सुमतिः ॥ बैठहु उर स्थान ॥ करहु दया मति विमल हैः ॥ कहौं गुन गान ॥ २ ॥ तासु सुजस को कहि सकेः जेहि उर राम निवास ॥ तेहि हनुमंतहि नाई सीरः ॥ भाषा ललित प्रकास ॥ ३ ॥ संसकीर्त के अर्थ को तुलसी शक संजोग ॥ यम वारा भाया वोना ॥ हरि हे न लाग भोग ॥ ४ ॥ का भाषा का संसकृत ॥ प्रेम चाहिये सांचः ॥ काम जो आये कामरो ॥ काले करै कू मांच ॥ ५ ॥ मंगल मनि मर्जाद मनिः ॥ सकल धर्म मनि धीर ॥ लाल हयमनि भूप आनद मनि रघुवीर ॥ ६ ॥ × ×

End—तुलसी वीरही वापुरी अपने भवन मझार पंथ नीहारै राम की पल पल वारंवार ॥ ६९६ ॥ कब मिलि हौ कब भेंटि हौ कब देषौं वोई पाई ॥ जिन पाइन्ह ते वीछुरे वहु दीन गए वीहाई ॥ ६९७ ॥ जीय में जीकर लगि रही नीस वासर नीत सोई ॥ राम मीलन के कारने रही पपीहा होई ॥ ६९८ ॥ ज्यौं मछली जल कों चहै चातक घन को प्यास ॥ त्यों वीर हारि दरस कौं तलपि तरसाई

॥ ६९९ ॥ छुतो नेह कागद होय हुतो लषा यन टांक ॥ श्रांच धगे उघ सो सुवस से हुंउ कैसो श्रांक ॥ ७०० ॥ इति श्री राम दोहावली सतसई ग्रन्थ समाप्त ॥ शंवत ॥ १८९३ ॥ माघा ॥

× × × × × ×

No. 432(*c* 3). Vinaya Patrikā, by Goswāmi Tulasīdās of Rājāpura. Substance—Old paper. Leaves—280. Size—8 × 6 inches. Lines per page—11. Extent—1,950 Anushṭup ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Nāgarī Prachārīnī Sabhā, Kāśī.

Beginning—······ म चरण रति ॥ तुलसीदास प्रभुहरै भेद मति ॥ ७ ॥ देव बड़े दाता बड़े शंकर बड़े भोरे । किये दूरि दुःख सवनि के जिन जिन कर जोरे । सेवा सुमिरण, पूजिवो पाता खता थारे । गाउं बसो बामदेव मैं कबहूं न नहोरे ॥ अधि भैातिक वाधा भई ते किंकर हैं तेरे । वेगि विलोकन वरजिये करतूति कठोरे ॥ तुलसी दनि हंध्यैा चहै सठ शाक महोरे ॥ ८ ॥

End—कह्यो विन रहिना परत कहे राम रसना रटत ॥ तुम से सुसाहिब की वोट जाइ खोटो खरैा कालकी कर्म की हू सासति सहत ॥ विचार सार पैयत हू न कछू सकल बड़ाई सब कहो ते लहत ॥ नाथ की महिमा सुनि समुझि अपनी वोर हेरि हारि हृदय दहत । पषन सुसेवकन सुतीयन प्रभु श्राप मा बापु तुही साची तुलसी कहत ॥ मेरी तो थारो है सुधरैगी विगरैऊं वलि राम रावरे सो रही राचरी चहत ॥ २६६ ॥

दीनवंधु दूरि कियो दीन कें दूसरो शरण । श्रापको भलो है सब श्रापनो कैा कोऊ—

Subject—इस ग्रंथ में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीता, हनुमान, शिव, पार्वती, शारद, आदि देवताओं की पाप मोचनार्थ श्रैार रक्षार्थ स्तुति प्रार्थना की गयी है । यह ग्रंथ छप चुका है ।

No. 432(*d* 3). Vistāra Rāmāyaṇ (Bāla Kāṇḍa), by Tulasīdāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—197. Size—8 × 6 inches. Lines per page—48. Extent—7,056 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1925 Samvat or A. D. 1868. Place of deposit—Viśwanātha Library, Maheśwara Siṃhajī, Rais, village Dikawliyā, post office Biswāṇ, district Sitāpur (Oudh).

Beginning—श्री गणेसायनमः अथ बालकांड लिष्यते। श्लोक॥ वरणानामर्थ संघानां छंदसामपि मंगलानांच कर्तारौ वंदे वाणी विनयकौ॥ भवानी संकरौ वंदे श्रद्धा विश्वासरुपिणौ याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तः स्थमीश्वरम्॥ वंदे बोधमयं नित्यं गुरुं संकर रुपिणौ यमा श्रितोहि वक्रोपि चंद्रः सर्वत्र वंदिते सीता राम गुणग्रामं पुण्यारन्य विहारिणौ॥ उद्भव स्थिति संहार कारिणी क्लेस हारिणी॥ सर्वस्त्रेय करी सीता नतोहं रामवल्लभां॥ नाना पुराण निगमागम संमतं यद्रामायणे निगदितं क्वचिदन्यतोपि॥ स्वान्तःसुखाय तुलसी रघुनाथ गाथा भाषा निबंध मति मंजुल मातनोति॥ सोरठा॥ जेहि सुमिरत सिधिहोइ गननायक करिवर वदन॥ करहु अनुग्रह सोइ बुद्धि रासि सुभगुन सदन। मूक होइ बाचालु पंगु चढ़े गिरिवर गहन॥ जासु कृपा सुदयाल द्रवौ सकल कलिमल दहन॥ नील सरोरुह स्याम तरुण अरुण वारिज नयन॥ करहु सो मम उर धाम सदा क्षीरसागर सयन॥

End—वामदेव रघुकुल गुरु ग्यानी। बहुरि गाधिसुत कथा वषानी॥ सुनि मुनि सुजस मनहि मनुराऊ। वरनत आपन पुन्य प्रभाऊ। बहुरे लोग रजायसु पाई। सुतन समेत नृपति गृह आई॥ जहं तहं राम सुजस सबगावा। सुजस पुनीत लोक तिहुछावा॥ आये राम व्याहि घर जवते। वसै अनंद अवधपुर तवते॥ प्रभु विवाह जसभयो उछाहू। सकहि न वरनि गिरा अहिराऊ॥ कविकुल जीवन पावन वानी। राम सिया सब मंगल खानी॥ तेहिते मैं कछु कहा वषानी। करन पुनीत हेत निजवानी॥ छंद॥ निज गिरा पावन करन कारन राम जस तुलसी कहा। रघुवीर चरित अपार वारिध पार कवि कैसे लहा॥ उपवीत व्याह उछाह मंगल सुनि सो सादर गावहीं॥ वैदेहि राम प्रसाद ते नर सर्वदा सुष पावहीं॥ सोरठा॥ सिय रघुवीर विवाह जे स प्रेम गावहिं सुनहिं तिनकह सदा उछाह मंगलायतन राम जस॥ इति श्री राम चरित्रे सकल कलि कलषु विध्वंसने विमल वैराग संपादिनो नाम प्रथमो सोपान समाप्त सुभंभूयात इति श्री मोहन लाल शुक्ल गोधनी अस्थान संवत १९२५ मार्ग मासे कृश्न पक्षे तिथौ एकादस्याम भैामवासरे॥

No. 434. Swarodaya, by Udaya Chanda Chaube of Agrā. Substance—Country-made paper. Leaves—36. Size—7 × 5 inches. Lines per page—17. Extent—270 Anushṭup ślokas. Incomplete. Appearance—Old and damaged. Character—Nāgarī. Date of composition—1830 Samvat or A.D. 1773. Date of manuscript—1834 Samvat or A. D. 1777. Place of

deposit—Paṇḍit Badarī Nāthaji Bhaṭṭa, Professor, Lucknow University, Lucknow.

Beginning—कहत हैां सुनि चित्तदै गिरिजा, सहो ॥ ८२ पहिले………
नके सात दिन सूझै न भोहैं जानि हो। पांच दिन………हि लै नदो से तारिका रामा
…………दिन तीन तना सांझ सूझै एक दिन रसना रहो ॥ यह काल चक्र विचार
के सु………पै शिवा सों मैं कहो ॥ ८३ यह परम………म गुप्त मारग दियै। तोहि
बताइ कै। चारैा पदारथ कैां प्रगट जो कल्प वृक्ष……जाइकै ॥ यह सुनत गिरिजा
अति मुदित ह्वै जोरि कर अस्तुति करो। असान वि…………कैा संभु के चरनन
परी ॥ ग्रंथ स्वरोदय कियो मैं कछु संक्षेप बनाइ। सकल सुकवि विनतो करैां लीजै
तोहि अपनाइ ॥ ८५ (अप) नोहो यह जा (निकै)………यहै विचारि। भूलो होंउ
जहां (तहां) लीजो सुकवि सुधारि ॥ ८६

End—जेठे पीतंबर दास। बहु गुनन कीन्ह प्रकास ॥
सुत जासु नंद किसोर। गुन लसत जिनमें कोरि ॥ २०२
तिनके सुदूलह राइ। हरि भक्त सुद्ध सुभाइ ॥
भए जासु दैालत राय। जग में लसत अभिराम ॥
लघु खेमचंद विलास। पुनि नाम व T लाल ॥
गुन लसत जिनमें वृद्ध। अेा जगत मांझ प्रसिद्ध ॥
जाके सुद्दै सुत जान। छोटो खरग मनि मान ॥
जेठो उदै है चंद। जिन कियो है यह छंद ॥

संवत् १८३४ ज्येष्ट कृष्ण एकादसो ११ चन्द्र वासरै लिषो छ राम ॥ मिश्र उदैचंद जो लिषावित ॥ परोपकारार्थम् ॥ श्रो स्तुम् श्री शुभम ॥ श्रो ॥ इति

Subject—ग्रंथ बहुत ही अपूर्ण अेार दोमक का खाया हुआ है १८ पृष्ट में केवल ३ पृष्ट शेष हैं।

No.435(*a*). Rasa Chandrodaya, by Udai Nātha (Kavīndra). Substance—Country-made paper. Leaves—19. Size—10 × 6 inches. Lines per page—50. Extent—832 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of maunscript—1913 Samvat or A. D. 1856. Place of deposit—Paṇḍita Awadheṣajī Pāṇde, village Khambhariha Pandenkī, post office Barhapurā, district Baharāich (Oudh).

Beginning—अथ धीरा ज्येष्टा को उदाहरण ॥ दोऊ एक ठैार जहां बैठी हैं जलजमुषी प्यारो तहां आयो धीरताई तकि नेह को। नेह सरसाई निरसाई

न छपाई छपै समताई सुलह को। कहुक ज्यों मेह को भनत कवींद्र रंग भेद हो मैं अंग द्युति एक रंग देषि परे दुहुन को॥ देह को पोरो सारो है के लाल एक वहराई पहिराई लाल सारो लाल सारो जासो नेह को॥ अथ अधीरा जेस्टा कनिष्टा॥ दोऊ सिर साजैं राजै चित्रित महल मध्य वाग को बनक जहां जोहै जोहै जाल सों॥ भनत कवीन्द्र तहां कामहू ते अभिराम आये सरसाये स्याम सुषमा विशाल सों॥ लाल वारो वेदी वाल वारो अलमेटे पट घूंघट के लागे ते उचटि परी भाल सों॥ आरसी संवारि कै निहारि देन लागो यक नेह लागो तो लगि लपटि लागो लाल सों॥ धोरा अधीरा॥ धीरज अधीरज को नीरज नयन दोऊ एक ठौर बैठो आयो तितही रंगीनो है॥ पंचमो वसन्त की हैं सुमन गुलाबो यह ईश पै चढायवे कह्यो अबहीं नवीनो है॥ भनत कवीन्द्र कंत ऐसो मत कीनो है जोरि अंक अंक सों मरोरि कुच प्यारे लाल तो लैां वाल दूजो को अरि रस लीनो है॥

End—अथ साक्षाद्दर्शनं॥ यथा॥ केसरि की पोरि भाल गरे धरे गुंज माल लाल कर लकुट मुकुट सीस सोह्यो है॥ पीत पट फेंटा कटि पेंठा को को कसेरी जहां निकसै री तहां ऐसो भांति मोह्यो है॥ भनत कवीन्द्र गेह आंगन सोहात है न देषे बिना आंगन में औरै रंग रोह्यो है॥ काहू सो कहैं। तो हैां मैं लोक में न लहैां वाहि टोना डारि सांवरे ढोटैाना मन मोह्यो है॥ पीतम के पट में लिख्यो चित्र निहारि छको तिय मोद मढ़ाये॥ ता पल मे पल लागत ही सपने सुष तो अपने पिय पाये। बाल के आनंद बाढ़त ही परतीत भई कछु लाल के आये॥ यों एक बार सितासित में बढ़ी जाति बिहार बिचार के न्हाये॥ शरद मयंक यो कलंक भरो पिय बिन दरद करद समदेत हिय हूलकै॥ सैाति को सहेली बाय पाय कै अकेली आय बिरह दवारो वारि देति फूंकि फूलि कै॥ सुष के समाज साज दुषदाई लेष राज तापे ताप ताय तन अतन अतूलि के॥ ऐसो पोर भीर समय आयो नाह वीर तीर के लै कैान वोर भोरे भाव तेसा भूलि के॥

इतो श्री कवि कुल कुमदानंद वर्धने श्री गोपीजन वल्लभ रहस्ये उदयनाथ (कवीन्द्र) विरचिते काव्य चन्द्रोदय समाप्तः

Subject—नायक नायका भेद और हाव भाव वर्णन।

No. 435(*b*). Rasa Chandrodaya, by Ravīndra Udai Nātha of Bānapura. Substance—Country-made paper. Lines—11. Size—9 × 6½ inches. Lines per page—18. Extent—225 Anushṭup ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Navanihāla Simha Seṇgāra, Kantha, Unāo.

Beginning—श्री गणेशाय नमः ॥ अथ दुलह कवि के पिता कविन्द कवि कालिदासात्मज कृतो रस चन्द्रोदय ॥ लिष्यते ॥ मंगलाचरन वानी को ॥ कवित्त ग्रंथ परिपूरन के तूरन विघनहार मुकता के चूरन जवाहिर जुवान के। परा अपरा के वैषरो मध्यमाके प्रतिमा के भेद संधी अनुबंधी कवितान के ॥ भनत कविद दि प्रति नये जये कढ़े न्यारे न्यारे पुनि होइ रस के विधान के। वानी के वरन जुग परेते चतुर मुष होत हैं चतुर मुख वानी के समान के ॥ १

End-अथ भावो अस्थान भाव संका संकेता अनुसयना लक्षन ॥ दोहा ॥ जाके थान अभाव की संका उर सरसाइ। सो अनुसयना दूसरी कहत सकल कविराइ ॥ ६७ ॥ कवित्त ॥ बीच करि वल्लि को मालती औ मल्लिका की एला को लवंग को अनेक क्यारी न्यारी है। चंपक को चन्दन को मौलसिरी वृंदन की वलित लतानि मों मिलित साख सारी है ॥ भनत कविंदा मति षेद करै मृग नैनी तेरे हेत लीनी हम षवरि अगारी है। गह गही गुलवारी सुन्दर सुमन वारी तेरे सासुरे में सुनी कैधौ फुलवारी है ॥ ६८ ॥

No. 436. Sagun Vilāsa, by Udai Nātha of (Naimishāra) Sītāpura. Substance--Country-made paper. Leaves—13. Size--6 × 4 inches. Lines per page--26. Extent--270 Anushṭup ślokas. Appearance--Old. Character--Nāgarī. Date of composition--1841 Samvat or A. D. 1884. Date of manuscript—Samvat 1924 or A. D. 1867. Place of deposit —Thakura Rāma Siṃha, village Raghunāthapura, post office Biswāṇ, district Sītāpur (Oudh).

Beginning—श्री गणेशाय नमः ॥ अथ सगुनावली लिष्यते ॥ चौ० ॥ गुर पद सुमिरौं दोउ कर जोरी। देव बुद्धि में करौं निहोरी ॥ दो० ॥ जगत जननि गिरजहि सुमिरि वार वार सिर नाइ। राघहु प्रन जन जानिकै जेहिते संसय जाइ ॥ सिद्धि सदन गणपति चरण जो ध्यावै मन लाइ। फल चारिउ नर लहे सो अपदा कोटि नसाइ ॥ अमल सरोरुह गुरु चरन ध्याइय सब तजि काम। राम दाहिने होहिं जेहि नित प्रति हित जेहि नाम ॥ नौमी हरहि करौ सिर नाई मंगल रूप सुमंगल दाई ॥ करहु सिद्धि शिव सगुन विलासा निज जन जानि पुरवहु ममआसा ॥ पुनि सुमिरौं मैं हरि सिर नाई ॥ करु आपन संत सुषदाई। गति लप अलष वरनि नहिं जाई। हर सारद नारद नहिं पाई ॥ फन सहस्र जानहिं नहिं भेवा। अमित प्रभाव अंत गुन देवा। द्रौपदी आरत वेत पुकारी। वसन वाढ़ि प्रभु तुरत उवारी ॥

End—राहु वलो जाइ सरस स्थाई प्रतिकूल । लोग करै पुनि नीक है वाम अंग मों सूल ॥ केतु कला चंचल वसै तुव मन अस्थिर नाहि पुरहि वेध मालिक मरस केहि विधि संसै जाहि ॥ जोगिन वल वड़देव है भू वल वलहि समान । जतन करहु रचि सुभट सब सुनु प्रच्छक दै कान ॥ नगन काल के मुषहि मों प्रच्छक रचना साजु । वेध विचारि होम करु तबतव पूरन काजु सिद्धि सयाने समुझि ले भ्राता घायल तोर होइ पराजय रिपु सयन छूटि जाय एक घोर ॥ विश्नु ध्यान जेहि करहिं नर जे कारज हित होइ । उदयनाथ हरि भक्ति विन सुष नहिं पावै कोइ ॥ इति श्री उदयनाथ विरिचितायां सगुन विलास समाप्त ॥ श्री संवत् १९२४ शाके १७८९ कातिक मासे कृष्ण पक्षे, तिथैा चतुर्थ यां गुरु वासरे लिष्यते इदं पुस्तकं वल्दव पंडित पैदापुर ग्रामे निवासितः राम राम राम "सगुन विलास पोथी लिषो सब सगुनन का सारु ताहि विचारिय परषिये सगुन अगुन विस्तार ॥ सगुन अगुन विस्तार जानि पोथी में लिजै जैसा निकसै हाल जानि पुनि तैसा किजै । कह पंडित सुविचार जानि मन में निज कोथी । सगुनन का सब सार नाम सगुनन को पोथी ॥

Subject—इस पुस्तक में कार्य के सिद्धि होने न होने के प्रश्नोत्तर हैं ॥

No. 437. Alif Nāmā, by Bajhana Śāha, Bārābaṇkī. Substance—English paper. Leaves—7. Size—$8\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—20. Extent—85 Anushṭup ślokas. Appearance—New. Character—Persian. Place of deposit—Chetana Śāha Sāhiba, Awaliyāpur, post office Safdarganj, Bārābankī (Oudh).

Beginning—अलिफ एक बहुरंगो सांई । हर घट में वासो परछाई ॥ जहं देखते तहै रूप है न्यारा । ऐसा है बहुरंगो प्यारा । बुझन कहैं तो क्या कहैं कुछ नहीं कहने की वात ! समुद समायों बुंद में अचिरज बड़ा दिखात ॥ वे बिनु गुरु कोइ भेद न पावे । धरती से अकास लों धावै ॥ पहिले प्रीति गुरु से कीजै । प्रेम नगर में तव पद दीजै ॥ बिनु गुरु वजहन लेत है जो कोई बसन रंगाइ ॥ यो निज कर तुम जानियो दोउ ग्रोट से जाइ ॥ ते तब जाग तिरावनि अइहै । जब यह बैरिन दुविधा जैहै ॥ यही तो मन में कपट की हाटी । जिन सब खेल किया है माटी ॥ जामन के मन ही में रहे । श्रोर तै तें का बंधं तार ॥ बुझहन माह अवही मिले तनिक न लागै वार । से सावित है ध्यान जो लागे ॥ आपुहि आप भरम सब भागै ॥ अजप जाप तू जपरे भाइ ॥ छूटि जाहि दर्पन की काई ॥ बुझहन कहैं तूं जाप कर वैठि रहु ध्यान लगाइ ॥ सुरति निरति दोऊ रखैा बिरथा सांस न जाहि ॥ जीम

जुगत मैं ग्रौर बतैहैां । जो तोहीं ग्रकला करि पैहों ॥ ग्रवहीं वह संगी नहिं छूटै दिन दिन दुपहर पड़ा लूटै ॥ कहने को तो पांच हैं हैं वह पूरे तीस । इनहीं कारन ना मिलै ग्रबहो लों जगदीस ॥ हे हदभर यह भूल है तेरी ॥ एकौ बात न माने मेरी ॥ ग्रब तक तू ऐसा हो जाता ॥ जैसे कोइ भला मदमाता ॥ कहां गई वह बुधि तेरी कहां गया था चेत ॥ ऐसो काया पाय के हरि सों किया न हेत ॥ खे खाविंद का कहीं है न्यारा ॥ मूंदि देखि तैं दसहु दुग्रारा ॥ सुनि परिहै ग्रनहद का वाजा ॥ परजा से होइ जैहो राजा ॥ सभो तार तन में वजैं मन में मचे हैं राग । बुभ्फहन जाको सुनि परैं वाके वड़े हैं भाग ॥ दाल दया जो मन में राखे । प्रेम का रस कैसे ना चाखे ॥ विनु मधु पिये होइ मतवारा ॥ निस वासर बु करै नजारा ॥ बुभ्फहन जगत में ग्राइ के करिये ना तू मान ॥ दया धर्म नहिं छांड़िये जब लग घट मां प्रान ॥ ज़ाल ज़ौ फल जब लों नहि ग्रावै । कितनैां चहै कोइ मन भटकावै ॥ हिरदैं लगि न प्रेम को गांसो ॥ कैसे कै मिलहि कहो ग्रविनासी ॥ जब लों तन नाहीं जरै ग्रै मन नाहीं मरि जाइ ॥ बुभ्फहन मूरति स्याम की तब लैां कहा दिखाइ ॥ रे रियाज़ मैं ऐसा खोला ॥ जैसन कुछ मंसूर था बोला ॥ सो सब सुनै रहै तू पोरा ॥ ग्रानि परी मति लै गये चोरा ॥ लाज का काजर तैं ग्रपने नैनन नहिं डारे धोइ ॥ बुभ्फहन कैहै कैसे भला दरस पिया का लेइ ॥ ज़े ज़र देख जु भूला रहिये ॥ सबहो वैस ग्रकारथ जैहै ॥ प्रेम बटो का मद पिउ चोखा ॥ मिटि जैहै मन का सब धोखा ॥ हों मे क्या काहि ग्राये हियां कियो का ग्राइ ॥ झूठी माया देखि के कै सो रहे भुलाइ ॥ सीन सहज का सीख लै लटका । काहे फिरत है इत उत भटका ॥ सोचन कर ग्रवही हे सवेरा ॥ तिरकुटी कोट करि दे डेरा ।

End—फ़े फरमान तलब का ऐहै । का मुख लैकर वहां को जैहै ॥ वा दिन का कछु सोच न कीने ॥ हरि का नाम कबहु नहिं लीने ॥ ग्रागे तो कबहूं ना सुने सो ग्रबहू कहत हैं टेर ॥ इक दिन फिर पछिताइगा जो चिरियां चुनि हैं खेत ॥ काफ कैान तेरा है झूठा ॥ ग्रैार ढंग से ऊहै ग्रनूठा ॥ सुनत रहे साधुन की वानी ॥ तिहूं पै ग्रबलैं भये न ग्यानी ॥ जो मति का हीना भयो तो वाको कैान हवाल । ग्रागे का सोचत नहीं ग्रो पीछे को पछतात ॥ काफ़ करम उन बड़ा है कीना । मानुष जनम जो ऐसा दीना ॥ ग्रापु छिपाना तोइ उघारा ॥ यो तो मन मे सोच गंवारा ॥ वाको बदला एक है जो मैं देहुं बताइ ॥ हरि हेरा जो चाहिये पहिले ग्रापु हिराइ ॥ लाम लोभ को छोड़ि दै वातें ॥ जो मैं कहैां सीख लै घातैं ॥ ऐसा लागत पिया जु तेरा । जैसा चांद को चहत चकोरा ॥ जो तू प्रेम के रंग में तन मन लेत रंगाइ ॥ देखि तो पहिले जोर में लाभ किधर को जाइ ॥ मीम मुहब्बत चाहिये मन में । घर में रहे चहै रहै

वन में ॥ गले पड़े जो प्रेम की फांसी ॥ कहां का अजुध्या कहां की कासी ॥ जाके हिरदै राजत है बुझहन प्रेम का वान ॥ छूट जाइ सब तर मां आइ जाइ सब ग्यान ॥ नून नहीं दूजा कोइ जग में। आपुहि आप रहत है सब में ॥ हित चित से सुनि ले यह बैना ॥ खुलि जैहैं तेरे हिया के नैना ॥ बुझहन कहैं तू बुझि ले अबहीं है यह बूझ ॥ यक दिन याही बूझ से होइ जइहै सब सूझ ॥ वाउ वही इक यार है तेरा ॥ तिहि का गलिन किया नहि फेरा ॥ दुरजन थे सो मौत बनाए ॥ समझा नहिं मोरे समझाये ॥ मैं तो कहौं चतुर है तू है बड़ा नदान ॥ कितनौं मैं समुझावत रहौं किहे न एको कान ॥ हे हादी ऐसा तू पावे । उनहूं से न अपना नेह लगाये ॥ देही सोच है मोहे कारी । देखो कहां गति होइ तिहारी ॥ हियां के हारे हार हैं हियहि के जीते जीत। बुझहन कहैं तू मान ले करि साहब सों प्रीति ॥ ये यारी हरि से अब करना । ये अक्षर हिरदै विच धरना । वनत वनत वनि जैहै ऐसा ॥ कोई दिन मंसूर था जैसा ।

बुझहन अक्षर ऐसे कहे साधुन के हथियार ।

बिरहा के मैदान में पति के राखन हार ॥

(१) पृ० १ से पृ० ३ तक —ईश्वर के हर घट में रहने का वर्णन, गुरु महिमा, अजपा जाप का महत्व, ५ इन्द्रियां और उनके पंचीकरण हो कर पूरे ३० हो जाने के कारण ईश्वर भजन में विघ्न होने का वर्णन, उत्तम मानवी काया पाकर ईश्वर भजन न करने पर घृणा । ईश्वर का अपने ही में होने का वर्णन । दया की महत्ता । मान का खंडन । बिना मन मारे ईश्वर मिलने का कथन । प्रिय दर्शन का मार्ग । झूठी माया में भूलने का वर्णन । त्रिकुटी में ध्यान रखने का आदेश ।

(४) पृ० ३ से पृ० ६ तक—संसार के माया में भूलने का वर्णन । साधु के लिये संतोष का उपदेश । किसी से न मांगने और आसन पर दृढ़ रहने का वर्णन । नबी का नाम लेने का उपदेश । अली का ध्यान रखने का वर्णन । घट के अन्दर अवस्थित हरनगर ॥ जाने का मार्ग । गुप्त और प्रकाश में उसी के प्रकाश का वर्णन । प्रेम नगर की गहरी नदी का वर्णन । पूज्य और पूजक का एका कथन । प्रेम मार्ग की कठिनाइयां जुआ में साहब के नाम जीतने का उपदेश ।

(५) पृ० ६ से पृ० ७ तक । मृत्यु के दिन का ध्यान रखने का ध्यान । अग्रशोची होने का उपदेश । ईश्वर के साथ कृतज्ञता प्रगट करने का उपदेश । लोभ परित्याग का वर्णन । घर वन कहीं रहे उसमें प्रेम रखने का उपदेश । अयोध्या काशी इत्यादि का ईश्वर प्रेम के सन्मुख तुच्छ दिखाना । 'एक वही' का उपदेश देकर भजन मे प्रवृत्त होने का वर्णन । ईश्वर भक्ति से 'मंसुर' के सदृश होने का उपदेश ।—ग्रन्थ की बड़ाई

No. 438. Mānasa Śankāwalī, by Bandana Pāṭhaka of Mirzāpura. Substance—Country-made paper. Leaves—30. Size—15 × 7 inches. Lines per page—28. Extent—1,339 Anushṭup ślokas. Appearance—Old. Written in prose and verse both. Character—Nāgarī. Date of composition—1906 Samvat or A.D. 1849. Date of manuscript—1951 Samvat or A.D. 1894. Place of deposit—Santan, village Aria, post office Piparī, district Baharāich (Oudh).

Beginning—श्री जानकी वल्लभो विजयते ॥ मानस संकावली लिष्यते ॥ दोहा ॥ श्री सीता श्री राम पद पदुम वंदि त्रय भ्रात ॥ धाम नाम लीला ललित श्री हनुमत अवदात ॥ श्री गिरजा पति पुत्र के वंदो पद अभिराम । तुलसी तुलसी दास पद करि कै बिबिध प्रनाम ॥ श्री रामानुज मत प्रवल धारक तारक जीव । तुलाराम श्री गुरु चरण बंदो बकता सीव ॥ श्री सीतावल्लभ रसिक हरीदास त्रय भाव ॥ जुक्त सदा माल भगत बसत महल्ल नत पाव ॥ श्री मद्राम गुलाम के सिष्य सो चैापई दास । तासु सिष्य बंदन नमत श्री मिरजापुर बास । शिव प्रसाद पाठक विमल तासुत वेनोराम । तासु पुत्र लक्ष्मण लसत तासुत बंदन नाम । श्री काशी पति ईश्वरी नारायण नृप राज । तेहि के शुभग सनेह ते प्रगट ग्रंथ द्विज-राज ॥ श्रीमानस संका सकल रही विश्व में छाइ । ताके उत्तर वोध हित ग्रंथो-द्भव सुष पाइ ॥

(२) पृ० १० से पृ० २२ तक—वधू प्रवेश, द्विरागमन, गर्भाधान, सीमन्त पुसनकर्म, प्रसूतास्नान, नाम करण, निष्कासन अन्नप्राशन, चूड़ाकर्म, कर्णवेध, व्रतबन्ध, विद्यारंभः, हल प्रवाह, बीजोप्तिः, भूमिशयन, पाटः सूर्य क्षौत द्वार चक्रम्, कूपचक्र, सेवा या प्रवास विचार, राशि राशिके भीतर, द्वार विचार, नवान्नम्, शस्य रोपणाकर्ण मर्दन, चूलिका परिधानम, पंचक रोगोस्नान, सर्वांक यात्रा, दिगशूलम्, तत्काल यात्रा, तत्काल चन्द्रविचार, नक्षत्र के उत्तम, मध्यम तथा नष्ट होने का विचार, एक मासे पंच वार फलम, शुक्रोदय फल, हुताशन फल, ग्राम वास फल, मूल वृक्ष फल।

(३) पृ० २२ से पृ० ४० तक—वार पृविक्ति, अंगन्यास मूल विचार, मूल वृति विचार, शुक्रोदय फल, हुतासन फल, संक्रांति फल, रोहिणी चक्र नर चक्रम्, गोचर फल, नित्य क्षौरः राज्याभिषेकः, भैषज्य कर्म, नरवाहन, गृहदानम्, गुरु विचार, पंचमी फल, पूर्णमास्यांफलम्, राशिग्रह योगफल ग्रहोदय राशि फल, नक्षत्र गुरु फल, एकराशौ ग्रह भुक्तिः, होम विचार, वर्षा नक्षत्र के वाहन, स्त्री पुरुषो नपुंसक जोग विचार, वर्षाज्ञान, गर्भज्ञान, छींक विचार, दिग-शूलेन वारणम्। कंडा रखने का विचार।

(४) पृ० ४० से पृ० ५८ तक—जातक भाषा, लग्न का रंग, लग्न प्रमाण जानना, राशि तत्व, लग्न उदय ज्ञान, राशिनाम, क्रूर ग्रह, उच्च ग्रह, नीच ग्रह, ग्रहबल, नैसंग्रह बल, सूर्यादि ग्रह स्वरूप, चन्द्र फल, भौमफल, बुधफल, गुरुफल, शुक्रफल, शनिफल, शनिद्वार जानना, राहु फल, कौन ग्रह किस उमर में क्या फल देता है। गर्भ विचार, भवन द्वार जानना, दीपक भेद, यात्रा लग्न विचार।

(५) पृ० ५९ से पृ० ६४ तक—शकुनं ग्रामादिशि, सम्वत् फल, काक फल, काक वाक्य परीक्षा, त्रिडंडी चक्र।

(६) पृ० ६४ से पृ० ९२ तक—शिवा मुहूर्त, कोटादि संबंधी ४३ चक्र, अन्य विचार, ग्राम सुप्त जाग्रत विचार, कोट जाति विचार, मोट बन्धा चक्र, डाक चक्र, द्वार चक्र, सप्त चन्द्र चक्र।

No. 498. Kakaharā-me-Śrīmahādevaji-ka-Vyāha. Leaves—2. Dated in Samvat 1925 or A.D. 1868. Deposited with Paṇḍita Rājārāma, Village Narahā, District Sītāpur (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथ ककहरा में श्री महादेव जी का विवाह बरननं ॥ गनपति सुमिरि ककहरा कीजे चौंतिस अक्षर पर कहि दीजै ॥ कहत ककेहरा एक सुदेसा । गिरिजा व्याहन चले महेशा ॥ पाव लगायेडमरू लीने भांग धतूर पजाना कीने ॥ गले सहस सपुले सिर गंगा ॥ भूषन भसम लगाये अंगा ॥ घर नाहि दूसर भूत बराती । चले चबात विजया की पाती ॥ नाम एक ईसहिं सुन राजा । करत निहाल गाल के बाजा ॥ चन्द्र लिलाट जटा छिटकारे ॥ लोचन तीन लोक उजियारे ॥ छांड़े गृह कैलास सोहाये । व्याहन बैल महेश मंगाये ॥ जतन न कीन्ह बेल को बानो । सोने सींग मढ़ावो आनी ॥ झालरि नाग मोतिन की माला । धनी बैल जो शंकर पाला ॥ नाथ हाथ अपने पहिराये । कंचन से पुर लीन मढ़ाये ॥ टेरत भूत भिआवन बानो । बैल चढ़े आवै शिव दानो । ठाढ़े सुर मुनि देषि तमासा डीगंबर बाघंबर पासा ॥ डेकित बैल चलावे हूकी का बरनो साभा हर जू की ॥ ढोल नफीर भेरि बह डंका । बैल चढ़े आवैं शिव बंका ॥ नांहर व्याल बेल विष भक्षन । चले हिमंचल थान ततक्षन ॥

End :—माने सोच सषा जनि कोई । करम लिषा तरु पावा सोई ॥ अबहिं बरात द्वारहिं आई । बिजुका बैल बाघ गरराई ॥ राजत गिरिजा देषि तमासा । सषिन सोच हिमवान हुलासा ॥ लगे पांव हिमवान पषारे । मोतिन चैाक आनि बैठारे ॥ वारिकै मानिक कीन्ह निछावरि । संकर गैारि दीन्ह सत भांवरि ॥ सो संपति शिव दीन्ह लुटाई । अचल कीन्ह हिमिवानहि जाई ॥ षबरि भई देवन सब जाना । गैारी व्याह कीन्ह हिमवाना ॥ सो संपति शिव जग के दानो । चरन टेकि लै दीन्ह भवानी ॥ हरषे देव सुमन वर्षाये । ब्रह्मा बिश्नु तमासे आये ॥ दो० ॥ क्षेम कुशल रचना रचो शिव गैारी की आस । मुक्ति दान मोहि दीजिये प्रभु तुम्हारा मैं दास ॥ इति श्री ककहरा शिव गैारी व्याह संपूर्ण संवत् १९२५ मिती जेष्ट वदी पंचमी शिवायनमः ॥

Subject :—शिवजी का विवाह वर्णन ॥

No. 499. Kālachakra. Leaves—4. Deposited with Paṇḍita Vāsudevasahāya of Kamāsa, Post Office Madhauganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥

मेष रासि जैा जन्म होइ ॥ रवि क्षेत्र जसवंत होइ ॥ क्रोध वंत होइ ॥ विसे वोस मित्र होइ ॥ सुन्दर वंत होइ ॥ चपल होइ ॥ सिप्टान भोगो होइ ॥ कष्ट वर्षे ६ ॥ १५ ॥ ३१ ॥ ३५ ॥ ६७ ॥ ७५ ॥ जेष्ट मासे शुक्ल पक्षे मंगर वासरे तिथि पंचमो ५३ र्द्ध पहरे प्रान त्यज्येत् ॥ १ ॥ वृष राशिजै ा जन्म होइ ॥ मिसत भाग वंत होइ ॥ कष्टमास ॥ १२ ॥ १७ ॥ ३४ ॥ ५३ ॥ १०० ॥ अषाढ़े मासे कृष्ण पक्षे चित्रा नक्षत्रे सतमी तिथि शुक्र वासरे प्रथम प्रहरे प्रान त्यज्येत् ॥ मिथुन राशि जैा जन्म होइ ॥ कष्ट मासे वर्षे ॥ ४ ॥ १० ॥ १४ ॥ १८ ॥ जीवै वर्ष ८६ ॥ श्रावण मासे कृष्ण पक्षे अश्वनी नक्षत्रे एकादशी गुरु वासरे प्रथम प्रहरे प्राण त्यज्येत् ३ ॥

End :—उत्तर षाढ़ दिन ४ मास ८ वर्ष १४ वर्ष ८० ते जीवै १०० राजा हाथ मृत्यु ॥ श्रवण दिन ३ मास ३ वर्ष ४९ ते जीवै वर्ष ८० रोग हाथ मृत्यु ॥ धनिष्ठा दिन १२ मास १ वर्ष ३० ते जीवै वर्ष १०१ लोह हाथ मृत्यु ॥ शत भिषा दिन १४ मास ९ वर्ष ४० वर्ष ५० ते जीवै वर्ष ३ ते जीवै वर्ष ३५ विष हाथ मृत्यु ॥ उत्तर भाद्र पद दिन ४ मास २ वर्ष ९ वर्ष ११ वर्ष १५ ते जीवै वर्ष ६० सुख मृत्यु—

॥ इति काल चक्रं ॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ५ तक—जन्म राशि के हिसाव से कष्टादि पड़ने ग्रोर मृत्यु दिवस का परिचय। (जन्म-राशिक ग्रायुः वलं)

(२) पृ० ५ से पृ० ८ तक—जन्म के नक्षत्र से ग्रवस्था की सीमा निर्धारित करना।

No. 500. Kalikāla-Varṇana. Leaves—7. Deposited with Paṇḍita Vishṇubharose, Village Belāmaū, Post Office Aja-gaina, District Unnāva (Oudh).

Beginning :—देव मंदिर दिया न वाती गोर न पै उजियाला। भूम देव विप्रन को देष्यों कोड़ी देत कसाला। रांड़न के भोजन को सिनी ऊपर पान मसाला। साधुन को नहीं चून नून बुकों रूठै देव दिवाला। चतुर नरन को वद सूरत की कूरन के घर वाला। मूरष वैठे मैाज उड़ावै पर वीनन पग छाला। भूपति कृपा करत नीचन पै कर ग्रनीत प्रत पाला। जवर जोर कल काल जाल को गुन को चलै न चाला॥ मुसलमान भोता पति सुमिरै हिंदू मुप कह ताला। मुसलमान मैासी कर टेरैं हिंदू जातक साला॥ दोम दोम कर जात मदारन दाव कांष मैं लाला॥ पूजत प्रेत गुरैया वावा छाड़े देव विसाला॥ ग्रधरम प्रगट भयो

भूतल मैं धसि गौ धरम पताला ॥ ३ ॥ निजपति मुच्छ तुच्छ करि जारत उपपति हित प्रति पाला। विधवा दृगन कोर भर काजर अंग आभरन जाला। मुलकट कंचुक कसत भुजन पर उर पर वर वन माला। अधरम धरम प्रगट भयो भूतल धंसि गयो धरम पताला ॥ ४ ॥

End:—एकै साहु एकरि रिनिया का लूठ लेत घर साला। एकै रिनियां वांध पाेटरी देत साहु का वाला ॥ जोर जोर पंचन को ल्यावत मानत वात न आला। अधरम प्रगट भयो भूतल में धसिगौ धरम पताला ॥ १ ॥ पर सुष देष सुनत सिर काटत पुत्र सोग सो साला। औरन को दुष देष देष सुष मनौ प्रगट भयो लाला ॥ ऐसो कुमति भई लोगन की चलत कपट को चाला। अधरम धरम प्रगट भयो भूतल धंसि गयो धरम पताला ॥ २ ॥ लपट झपट घर घर षट पट कर वरत कपट की ज्वाला। मारन उलट पलट षट पट कर विकट प्रगट कल काला ॥ दुर्जन चटक मटक अति चटकत सुरजन षटक उताला। अधरम धरम प्रगट भयो भूतल धंसिगयो धरम पताला ॥ ४ ॥ संन्यासी राषै दुज दासी नित प्रति वेद उचाला। एकहि ब्रह्म सकल घट पूरन यामें पाप न झाला। धर्म शास्त्र में थापी दासी भोगत सब घर वाला। अधरम धरम प्रगट भयो भूतल धंसि गयो धरम पताला ॥ त्याग करव अंगुर दाषन को गुलर पै हित पाला। पर निंदा पर पूरत पंडित मंडित करत कुचाला। पुन्न पाट की वात न वोलत दिये रहत मुष ताला अधरम धरम प्रगट भयो भूतल धंसि गयो धरम पताला ॥ ६ ॥

Subject:—कलिकाल को दशा का वर्णन ॥

No. 501. Kathā-Saṅgraha. Leaves—72. Deposited with Paṇḍita Rāmaratna Śukla, Village Dariyābāda, District Unnāva (Oudh).

Beginning:—श्रीगणेशायनमः ॥ अथ कथा संग्रह लिष्यते। पहिलो कथा एक साहूकार पोतड़ों का रज्जा समय के फेर में पड़ अपना धन सब खो वैठा और लगा निपट दुख पाने और उपासा रहने निदान उसके जी में यह सोच आया कि जो मै किसी महा पुरुष या सिद्धि के पास जाऊं तो यह दुख मिटै क्यों कि सुना भी है कि साधू के दर्शन से व्याधा जाती है यह विचार कर एक जोगी के पास गया। यह उससे कुछ कहने न पाया कि उसने अपने जोग से इसका मनोर्थ जान कर के कहा ॥ दोहा ॥ सुख दुख प्रति दिन संग है मेटि सकै नहिं कोय। जैसे छाया देह की न्यारी नेकन होय ॥ यह उत्तम उत्तर पाय वह विचारा धीर धर अपने घर आया ॥

(२) कथा। एक अंधा वैरागो काशी के बीच मणिकर्णिक घाट पर बैठा ग्रहण में दही पेड़े खा रहाथा कि देखकर किसी पंडित ने पूछा सूरदास जी यह क्या करते हो बोला महाराज दही पेड़े खाता हूं कहा ग्रहण में उत्तर दिया बाबा मेरे गुरु दया से सदाही ग्रहण है यह सुन कर पडित हंस कर चुप हो रहा॥

End:—एक बूढ़ा बटोही ग्रीषम की रितु में तपन की प्रचंड किरणों से निपट कष्ट पाकर लाठी टेकता चला जाता था मार्ग में एक युवा अश्वा रूढ आ निकला बूढ़े को देख कर उसे दया हुई बोला अजी मैं युवा पुरुष हूं शीत घाम सब सह सक्ता हूं तुम बूढ़ा पन के कारण बहुत थके अब इस घोडे पर चढ़ो मैं पीछे पीछे चला जाऊगां उसकी इस करुणा बानी से मगनं हो बूढ़ा इसके घोड़े पर चढ़ा और युवा पीछे पीछे चलने लगा वह बहुत दूर न गयाथा कि युवा ने पुकार कर कहा कि अरे बूढ़े निर्लज घोड़े पर से उतर क्या तूने अपना घोड़ा पाया है जो सारा दिन उस पर आरूढ़ चला जाता है बूढ़ा लज्जित होकर उतर पड़ा और धीरे धीरे चलने लगा थोडी दूर गया था कि इसका कष्ट देख कर फिर उसके जी में दया आई और बहुत सी विनती कर उसे फिर घोड़े पर चढ़ाया थोडी दूर आते उसे फिर उसी भांति उतारा निदान तीन चार बार उसे इस प्रकार उतारने चढ़ाने मे उसने पूछा बाबा तुम्हारे पिता का नाम क्या बोला सैय्यद हुव्वों उसने पूछा तुम्हारी महतारी का नाम क्या बीबी जोरा पर वह कुल वंती नहीं उसको ब्याह करने से हमारे कुल में कलंक लगा यह सुनते ही बूढे ने कहा हां बाबा अब मैं समझा कि चढ़ावे हुव्वा और उतारे जोरा अब आप सिधारिये मैं गिरते पड़ते चला जाऊगां॥

Subject:—एक सौ कथाओं का संग्रह जिसमें हंसी आदि का वर्णन है॥

No. 602. Kavitāvalī-Aragajā. Leaves—13. Deposited with Sudarśanasiṁha Raīsa and Tāllukedāra of Sujākhara, Post Office Lakshmīkāntaganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—श्री गणेशायनमः॥ कवित्त॥
नभते सुर सुमन झरै किन्नरादि गान करै मान तान मोद भरै सर वस सिंगार भो। सरभो त्रिलोकन को सोकन को हर निहार सत्य सिंधु सत्य निराधार के अधार भो॥ दोष दुसह दर निहार चार दान दीनन को दंपति जुग चरन सरन को न पतित पार भो। माधो मधुमास सुकुल पच्छ सुच्छ नौमी तिथि आली बलिराम स्याम स्यामा अवतार भो॥ १॥

बाजत बधाई सुखदाई दुहु राज द्वार,
अवध नगर जनको नगर जै जै जयकार भो।
ब्रोक ब्रोक भो विसोक संतन मन परम तोष,
निकसि भजो राम रोष जल थल उजियार भो ॥
होन लागे राग रंग भक्ति ग्यान को प्रसंग,
देवन्ह अतिवार भयो हरन धरनि भार भो।
माधो मधु मास सुकुल पच्छ सुच्छ नैामी तिथि,
आली बलिराम स्याम श्यामा अैातार भयैा ॥२॥

End :—खेलत हैं फागु भरो लाल के सोहाग वाल,
फेंकै करसों गुलाल अंग लाज षोवतो।
कान्ह लै अवीर भोर टारि रंगो वाको चीर,
सुन्दर उरोज ढांपि अंचल सों गोवतो ॥
ताको कुच कारो भारो षासो पिचकारी लगो,
सिसकि समेटि (समेटि) सखो वाको छवि जोहतो ॥
मानो वक्र तुंड सुंड गंग तीर कुंड पैठि,
धार झुंड झुंड पूजि शंभु शिषा धोवतो ॥

खेलत हैं फागु स्याम स्यामा अनुराग भरे,
डफ करतार बेंस मृदंग सो रह्यो है छाइ।
गावत राग धूंधुरि मचावै ग्वाल झमकै,
झमकि भूमि काम रति को लजाइ ॥
घूंघुटि उघारि कान्ह कर सो गुलाल मल्यैा,
बाल मुष इन्दु लगे सोभा सषि दरसाइ।
अधर को विहाइ मेघ कारे अलगाइ मानो,
भैाम विच दैके कंज चंद सों मिल्यो है जाइ ॥

ग्वाल के जाये कहां पाये इत माम ये तो,
गर्भ तो वहाये पो कहावत अहोर हहो हो ॥
जाति के छुपाये पांति नाहीं मिलति रावरो,
बावरो भये कहै लोन्है हाथ लट्ठी हो ॥
जानो बूझो बात को का करत हो सयानो।
करैा वूसा पानो पो चलावो यार भट्ठी हो।

Subject :—(१)पृ० १ से पृ० १२ तक-राम अवतार एवं कृष्णावतार, सीता राम की शोभा देखकर मोह, युगुल मूर्ति की महत्ता, व्याज स्तुति, रामरूपवर्णन

(प्रेमसखी द्वारा) दीनता स्तुति (अवधविहारी) । कृष्ण की शोभा (तोष) ॥ विरह वर्णन (तोष) । कोमलता (प्रेमसखी) । गंगा की प्रशंसा जड़ता, महावीर युद्ध वर्णन । अङ्गद पदारोपण । छन (तोष) । रावण मन्दोदरी संवाद । महारानी जी के दर्बार का वर्णन (भूषण) । रावण अङ्गद संवाद । शिवराज प्रशंसा (भूषण) । चंद्रिका महत्व (निधान कवि) । नैन प्रशंसा (सर्वेस कवि) । गाजीपुरी स्थान की प्रशंसा । भगवानी की बुराई (गोकुल) । राम बिम्हराने का रूपक द्वारा फल चढ़ाई । नायिका की शोभा । "महेश" की ठकुराइन (गौरी की प्रशंसा) । (२) पृ० १३ से पृ०........तक विरह वर्णन (भूषण) । गुजरी का संयोग वर्णन, रघुवीर का बल वर्णन । मुद्रिका पात । लंका दाह । जैसिंह राजा का आखेट । चौकवी, चौदिसा, स्तुति, भरत हनुमान संवाद (संजीवनी लाते समय हनुमान कवि द्वारा) ।

No. 503. Kavitta. Leaves—5. Deposited with Pandita Ramākānta Śūkla of Puravāgarībadāsa, Post Office Gadavārā, District Pratāpagadha (Oudh).

Beginning :—कवित्त ॥

कासी मैं वास करौ जुग चारि लौं , द्वारिका जाइकै देह जरावौं ।
वाँहि चढ़ाय डिगंमर ह्वै सवरी भव सुधाकौ छाहिनी ल्यावौं ॥
ब्रह्म भनै मुष एकै जपौ कर कंचन कोटि सुमेर लुटावौ ।
पाउ सौं बाँधिकै जूझि मरै हरिनाम भजै विनापार न पावौ ॥
सीताराम जानतु हौ सीताराम मानतु हौं ।
सीताराम पूजति हौं जपत सीताराम हौं ।
सीताराम ही कौ प्रभु सीताराम कौ प्रनाम ।
सीताराम ही के ध्यान धरै अभिराम हौं ॥
श्रीपति सुजान सीताराम मैं बसत प्रान
नाम सीताराम जू कौ लेत आठौ जाम हौं ।
मेरे जान सीताराम कामना कल पतरु
सीताराम जू को सौंह सीताराम कौ गुलामहौं ॥
तिसना विलासिन के बसना बसैयो ।
रसना रिजाजिन स्वाद बदना गनै रहौ ।
कहत प्रजेस मद मोह मतवारिन के ।
मद कौ कहन करि ममिता ह्वै रहौ ॥
क्रोध लोभ मोह ज्यों दुरास अति आरत के ।
तजि कै प्रवास घनै सुपनि सनै रहौ ।

मेरे तन मेरे मन मेरे धन मेरे धाम ।
मेरे राम मेरे हियो सदन बने रहैा ॥३॥

End:—सहज मैं सोले जंग जुरै परवी लेरन ।
राजत कुबोले किनै कुाउनसहत है ।
झूठ नाहीं बोले ठैार-ठैार नाहीं डोलै ।
भलो मुख सो लै सदा जस कैा चहत है ॥
सुनै रागरंग रंग वाँधन सुरंग कवि ।
कवि पंडितन संग लैय चरचा चहत है ।
आनंद उछाह सदारहत चित चाह जामे
इतने सुभाव जासो ठाकुर कहत है ॥१॥
छप्पै
केहरि त्रन नहिं चरहि सूर रन छिन नहिं संकहि ।
सतीमन फिर पहत कहि दानि करि होइ रंकहि ॥
गुर नहिं गोपहि मंत्र जंत्र नहिं चलहि मरन पर ।
इम्रत अमर नहिं तजहि अधम नहि पावहि सुरपुर ॥
जह कर्म रेष विचलय चलय सतरतन जह गुनगनहि ।
लघुताल जाल संकहि रमल नहिं मराल कंकर चुनहिं ॥

Subject:—

(१) पृ० १ से पृ० १० तक-ब्रह्म, प्रजेष्टा, तुलसी, आदि कवियों के शान्तिरस एवं नीति संबंधी कुछ कवित्त ।

No. 504 (a). Kavitta-Saṅgraha. Leāves—15. Deposited with Paṇḍita Satyanārayāṇa Tripāṭhi of Bandā, Post Office Gaḍavārā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :— ॥ कवित्त ॥
गोरे गोरे गाल पै गुनाव दार नाग सो हैं
बिजली झमाकदार दोनों कान झलकै ।
वेंदी भाल माथ हू पै करत सिंगार गोरी,
मथवा के मोती जस चन्द्रमा से लरकैं ॥
नाक हू की नथिया बुनाक में झमाक करे ।
झुलनी की मोती गोरी ओठ वापै झलकैं ।
इतना बयान करि गटई के ऊपर की,
ओैर हू बयान कछु अंग अंग फरकैं ॥१॥

॥ सवैया ॥

नाम वड़ो धन धाम वड़ो जस कीरत हू जग में प्रगटी है।
द्वार अनेक गयंद झुमे उपमा कछु इन्द्र से नाहिं घटी है॥
सुख साज अनेकन पाय मनोहर फूले रहैं मन ही मन में है।
तुलसी जग जीवन भक्ति विना जस सुन्दरि नारि की नाक कटी है॥

End :—

तात का सोच न मात का सोच, न सोच पिता सुरधाम गये को।
सोय हरै को तो सोच नहीं, नहिं सोच हमैं वन माहिं रहे को॥
वन्धु विछोह को सोच नहीं, नहिं सोच जटायु के पंख जरे को।
केवल सोच वही तुलसी, एक दास विभीषण वांह गहे को॥
सुगन्ध लगाय के ऊवि मरौ, प्रिय जानत हौ तनकी सुकुमारी।
हार चमेली का नीक लगे, प्रिय लाज करौं पहिरौं तन सारी॥
और अभूषण क्या वरनो, प्रिय लागत पांय महावर भारी॥
मेरे सुभाव का जाने नहीं, रसखान कपूर मुलायम ताड़ी॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० १० तक—नायिका की शोभा वर्णन, भक्ति विना मनुष्य की दशा, धनुष यज्ञ, राम एवं सीता के सुयोग का वर्णन, राम का देखकर सीता का प्रेम और सखियों का परिहास। माखन लीला। राम मल्लाह संवाद।

(२) पृ० १० से पृ० १३ तक—लुप्त॥

(३) पृ० १४ से पृ० ३० तक—उपदेश, धनुषयज्ञ, 'वात' का महत्त्व। समस्या पूर्ति "तरवा के तरे लैां" "दाह बुतात नहीं"। 'र' कार और 'म' कार का महत्व। "स्वप्नदर्शन" समस्या "वजरमार गजर वजायो है" "नारि हंसै तो भंसैना" "झुननी केहि कारण काढ़ि धरयो है" 'झुननो यहि कारन काढ़ि धरयो है" "लक्ष्मण को शक्ति लगने पर राम का मनस्ताप" सुकुमारता का वर्णन।

No. 504(B). Kavittasaṅgraha. Leaves—40. Deposited with Paṇḍita Ramākānta Tripāṭhī, Village Baṇḍa, Post Office Gaḍavara, District Pratapagaḍha (Oudh).

Beginning:—धामन दे धुरवा त्रिविध पवन आवन दै कंजन में ललित लतान का। कूकन दै कोकिला पुकारन दै चात्रकन वोलन दै सजनी सुभाय मुखान को॥ दामिनी जाति कातरी जामिनी में जागन दै वरसत दै इन्द्र झुमड़ि घटान को। आयो मन भावन सा रस वरसावन मो सावन में गावन देहुगो वनतान को॥१॥

पावस प्रबल पीउ पीवै न रटत जीव, दसहू दिसान के संदेस अव आयरी। मोहन बताता मन कैसे कठिन करौ, अवधि बितीत भई आली बरस आयरी ।। मोरन को सोर सुनि कोकिलान की रटन दिन, पपीहा की टेर सुनि मदन जगायरी ।। वृंदा आई बरसात गगन गहरात, बैरी आये बादर विदेसी क्यों न आयरी ॥४॥

End :—विधि ने बड़ाई दई जाहि लषि आवे कोऊ। ताको तू दया करि मया के रस हरियो। धन दीजो जस लिजो जीवन यही है सुख, दैके सवै दुख दीनन के हरियो ॥ चिन्ता मनि कहै जो ये गांठ कैा न दीजो जाइ, ...तोऊ एक उपकार करियो। आपने कहेते जो आगऊे को भलो होइ तो, जीभ के हलाइबे को काहिली न करिये ॥

कवित्त :—चोप कर विरंचि रूप रासि कैसो कोक कीक....... ....

....

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० २५ तक—विप्रलम्भ शृङ्गार संबंधी कवित्त।

(२) पृ० २६ से पृ० ५० तक—संयोग शृङ्गार के कवित्त, तथा दोनों प्रकार के सम्मिलित छन्द, विविध नायिका भेद सम्बन्धी कुछ छंद।

(३) पृ० ५० से पृ० ८० तक—ऋतु संबन्धी छन्द। विविध छन्द (गंगाजी की प्रशंसा तथा वीर रस के कुछ छंद)।

No. 505. Kavittasāra by Manirāma. Leaves—25. Deposited with Umāshankar Dube, Research Agent, District Hardoi.

Beginning :—श्री गणेशायनमः

गोकुल के गामी तुम स्वामी सत्यभामा जी के अन्तर के जामी तुम मिटैहो दुख धाइ कै। तुम तो रघुवीर धीर जानैा सबही की पीर भीर परे चोरहूं बहाइ दीन्हों आनि कै। कहत मनीराम गज ग्राहिसों उवार लीन्हों अलष निरंजन अब तेरो जस गाइकै। नंद के कुमार नेक हेरो प्रभु मेरी बार ऐसे ही वितैहो की चितैहो चित्त लाइकै। जैसो करो तू करो के कलेस में जैसो करो गति गोतम नारि की। गीध यैा व्याध की जैसो करो फिरि जैसो करो सधना वो चमार की मेरिय बार अबार कहां अवतार न हो अपने प्रतिपालकी। तारि हो नाहिं जो मोहि कहूं उड़ि कीरति जैहै दसो अवतार की।

End :—मेघ नहिं मानत ए विरह के नगाड़े देत लेहैं बुलयाइ यहां पवन विचारे को। न्यारे करि मोरिये न कीव मदन साक्के लिखतो संदेस मैं तो नन्द

के दुलारे को। कहै पद्मुमाकर कोकिला की केती हकीक़त कोयल बंधवाइ लैहै पंख उखारे को। प्यारे को कैस्पो समीप करि पावतो तै। पीय २ करतो पपीहा दै मारे को। सवैया—ससुरे को तुम कौन पयान हमैं कल कैसे परै नित प्यारी। चैन परै न घरी पल एक रहै निस वासर याद तुम्हारी। प्रान पियारी तुम्हारे लिये बदनामी भई पर यारी न छारी। भाखत गंग प्रसाद कहैं तुम प्रीत लगाइ के कीन्ह तयारी।

Subject :—(१) किसी आर्त्त मनुष्य का भगवान से अपनी दशा सुधारने के लिये प्रार्थना।

(२) जप, तप, व्रत आदि से रहित मनुष्य का ईश्वर की शरणा आना।

(३) जनक जी के धनुष भंग का प्रसंग।

(४) नैमिषारण्य महात्म्य पर कवित्त।

(५) अयोध्या महात्म्य वर्णन

(६) सीताहरण, राम विरह, लक्ष्मण शक्ति

(७) नायिका का विरह वर्णन। किसी पुरुष का स्त्री के प्रति प्रेम।

No. 506. Kerala—Praśnadivākara. Leaves—2. Deposited with Paṇḍita Śivamaṅgalaprasāda Miśra of Udayapura, Post Office Aṭhehā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—पंचाङ्ग के लाभ खर्च एकत्र करे एक कम करके आठ का भाग दे, एक बचे ते। लाभ, दे। में सुख तीन में क्लेश चार में रोग, पांच में शोक तथापि वाद छे में आदर सात में जीत आठ में हानि॥

प्रश्न कर्त्ता मुकद्दमा में हार जीत का प्रश्न करे ते। यदि आते समय दाहिनी ओर वैठ कर पूछै ते। जीत वायें हार और सन्मुख सला होनी चाहिये॥ अमुक वस्तु खरीदने से लाभ होगा या हानि (उत्तर) नाम अक्षर में ३ से गुणा करे वस्तु नाम अक्षर जोड़े एक और मिलावै दे। पर भाग देवे एक में लाभ दे। तथा शून्य में हानि होयगी॥

End :—अमुक बात में मंदी या सस्ती उत्तर—महीना की संक्राति दिन तिथि के अंक जुक्त करि ३ पर भाग दे शेष एक मध्यम भाव दे। सस्ती शून्य महंगी होना चाहिये॥

संक्रांत	मे	वृ	मि	क	सिं	कं	तु	वृ	ध	म	कुं	मी
अंक	३	२२	२३	२५	१९	१७	२२	१२	१६	१९	२३	२५
दिन	र	चं	मं	बु	गु	भृ	श					
अंक	२१	१५	१३	२	१३	१४	०					
तिथि	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अंक	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
तिथि	१३	१४	३०	१५								
अंक	१३	१४	३०	१५								

इति प्रश्न दिवाकर समाप्तम् ।

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ३ तक—

बारहों राषि के वार्षिक लाभ हानि का विचार । मुकद्दमें, क्रय विक्रय में लाभ हानि । गर्भ विचार प्रश्न । मास की मंहगी सस्तो का हाल ।

No. 507. Kerala—Praśnasaṅgraha. Leaves—4. Deposited with Paṇḍita Śivamaṅgala Miśra, Village Udayapura, Post Office Aṭhehā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—

ओ३म्

हे	द	ज	ब	अ
वा	ज़	ह	तो	ये
नो	दी	जो	वी	ई
धो	ज़ो	हो	ती	क

अ—जिस बात को निस्बत विचार करने हो और हैरान हो, रोजगार की उन्नति के लिये परदा ग़ैब से वसीला होगा ।

ब—एक आदमी की बेवफाई का ख्याल करके दिल में परेशान हो, अब खराब दिन निकल गये दिल का विचार पूरा होगा।

ज—तरक्की रोज़गार आय व्यय का ख्याल लगा है बांदियों से भय है, नेकी का बदला बदी से मिलता है दो तीन महीने में फायदा होगा।

End :—

हो—दुनिया दारी के कामों में तुमको तकलीफ उठाना पड़ता है शत्रुओं व कर्ज़ख्वाहों ने नाक में दम कर दिया है सब काम १ साल के अन्दर अन्दर दुरुस्ती पर आजायेंगे।

तो—जिस कार्य्य के लिये कोशिश करते हो तुरन्त मुराद पूरी होगी और कोई मनुष्य तुम्हारी मदद करेगा।

क–जिस तरफ यात्रा करने का इरादा रखते हो वहां पर रोज कार में लाभ और हर तरह से आराम पाओगे परन्तु नशीली वस्तुओं से परहेज़ रक्खो।

Subject :—

(१) पृ० १ से पृ० ७ तक—बीस अक्षरों का एक कोष्ठ तथा उसमें अंकित प्रत्येक अक्षर का फल।

No. 508. Khela. Leaves—2. Dated in Samvat 1933 or A. D. 1876. Deposited with Paṇḍita Vindhesvarī Prasāda Miśra, Teacher, Sanskrit Pathaśāla, Village Gaṇḍā, Post Office Mādhoganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥

१—बनत बनि आवत सखी। मोहन मदन गुपाल।
मोर मुकुट लखि थकि रहीं। कमल लिये कर लाल॥
२—चित में चम्पा को विटप। फूल्यो अति हर षाय।
मन भावन मैं पैठि कै। गुथो माल बनाय॥
३—ऋतु बंसत आय सखी। कोकिल कहत सुनाय।
फूल्यो टेसू सघन वन। देषत मन अरु भाय॥
४—मोहन मूरति सांवरी। लाल लकुट ले हाथ।
फूल विराजत सेवती। कुंजमाल के साथ॥
५—फूलन लागी केतकी। सुंदर सुखद सुवास।
चहुं ओर गुंजत मधुप। नेकु न छाजत वास॥

६—मोहन मूरति श्याम की। निरखि निरखि दर मैन।
नरगस को निरखन लगो। सुमन भ्रवन को नैन॥

End :—२८—लालन के माथे बनो। पंक सो समनो पाग।
मोही सब व्रज की वधू। गुल सोसन के राग॥
२९—गुल बंसत फूलन लग्यो। देखति सखिन समेत।
मानहुं शोभा ते भरी। सखि सोभा वहि देत॥
३०—गुल सब्बो ले हाथ में। सुंघत नन्द किशोर।
तरुण अरुण वारिज नयन। चितवति र........॥
३१—गुलदावदी सघन वन। घेरि आय चहुं वोर।
नन्द लाल को निरखि कै। हरषि रहेव मन मोर॥

श्री दसरथायनमः श्री राधा कृष्णायनमः श्री शिव श्री संवत् १९३३ सन् १२८३ मिती वैषाख वदी ९ वार मंगर॥

Subject :—

(१) पृ० १ से पृ० ४ तक—इकत्तीस दोहों में से प्रत्येक दोहे में राधा तथा कृष्ण का संबंध स्थापित रखते हुए एक एक पुष्प का वर्णन।

No. 509. Lekhā Pahāḍā. Leaves—44 Deposited with Gosvāmījī, C/o Paṇḍita Badrī Nāth Bhatta, Husainganj, Lucknow.

Beginning :—

एक दंतं महाकायं नमो करस पानये।
सिद्धन्तु सर्वे कार जाने तुं प्रसाद गनेश्वर॥

१	११	२१	३१	४१	५१
२	१२	२२	३२	४२	५२
३	१३	२३	३३	४३	५३
४	१४	२४	३४	४४	५४
५	१५	२५	३५	४५	५५
६	१६	२६	३६	४६	५६
७	१७	२७	३७	४७	५७
८	१८	२८	३८	४८	५८
९	१९	२९	३९	४९	५९
१०	२०	३०	४०	५०	६०
५५	१५५	२५५	३५५	४५५	५५५
१/५	३/५	५/५	७/५	९/५	११/५

Middle :—तुलसी टेरत कहत हैं सुनोयो संत सुजान ।
हेम दान गज दानते बड़ो दान सन मान ॥

११	११	१२१	२१	२१	४४१	३१	३१	९६१	४१	४१	१६८१
१२	१२	१४४	२२	२२	४८४	३२	३२	१०२४	४२	४२	१७८५
१३	१३	१६९	२३	२३	५२९	३३	३३	१०८९	४३	४३	१८४९
१४	१४	१९६	२४	२४	५७६	३४	३४	११५६	४४	४४	१९३६
१५	१५	२२५	२५	२५	६२५	३५	३५	१२२५	४५	४५	२०२५
१६	१६	२५६	२६	२६	६७६	३६	३६	१२९६	४६	४६	२११६
१७	१७	२८९	२७	२७	७२९	३७	३७	१३६९	४७	४७	२२०९
१८	१८	३२४	२८	२८	७८४	३८	३८	१४४४	४८	४८	२३०४
१९	१९	३६१	२९	२९	८४१	३९	३९	१५२१	४९	४९	२४०१
२०	२०	४००	३०	३०	९००	४०	४०	१६००	५०	५०	२५००
२४८५			६५८५			१२६८५			२०७८५		
४९/३५			१३१/३५			१५३/३५			४१५/३५		

End :—इतनैनि मिलि लंका विग्रहो । सोरह लाख रामपै रहे १६००००० ३२२८४९५०१४४ एक एक कंगुरापै इतने इतने बैठे ॥ नो डबरा एक एक डबरा में नो नो भैंसि एक एक भैंसि पै नो नो बगुला एक एक बगुला के मांहों में नो नो माछरी डबरा ९ भैंसि ८१ बगुला ७२९ मछरी ६५६१ सुवा एक फुवामेंते बोल्यो परे रूखके सुवा तुम कितेक हो ॥ हम सु हमहो हमतें दुने आगे हमतें ग्रोढ़े पाछैं तू आवै पूरे सो है जाहि ॥

रूखके २२ दुने ४४ आगे आोढ़े ३३ पाछे वह एक मिल्यो पूरे सो भये १०० ॥

इति

Subject :—प्रारंभमें गिनती एका, ग्यारह, एक ईसा, एक तीसा के दस दस पहाड़े का वर्णन पृ० १९ से ३० तक सवाया, ड्योढ़ा, ढय्या, हूंठा, ढौंचा का वर्णन पृ० ३१ से ४२ तक बड़ा ग्यारह ग्रैार बड़ा एका के भिन्न भिन्न पहाड़े पृ० ४३ से ५४ तक पैाना, छटांक व सेर को लिखावट का वर्णन, आना पाई का वर्णन पृ० ५५—५८ तक चार के १६ करे वर्णन, पानी को बूंदें, वाल, सुई, काजर, लंका युद्ध डाबरमें भैंस बगुलादि ग्रैार वृक्ष पर तोतों का गणित संबंधी मैाखिक वर्णन पृ० ५९—६२ तक ।

इति

No. 510. Mahādeva Vivāha. Leaves—9. Dated in Samvat 1893 or A. D. 1836. Deposited with Umāśankara Dubey, Research Agent, Hardoi.

Beginning :—अथ महादेव विवाह लिख्यते ।

चौ०—कहत ककहरा नगर सदेसा । गिरिजा ब्याहन चले महेसा ॥
साथ लागइ डमरू सुर कीन्हा । भांग धतूर खजाना लीन्हा ॥
गरे नाग सिर पै सुर गंगा । भूषन भस्म चढ़ाये अंगा ॥
घर नहि दूसर भूप बराती । चले चवाति विजै की पाती ॥
नाम लेतु ईसुर अस राजा । करत निहाल गाल के बाजा ॥
चन्द लिलार जटा फटकारे । लोचन तीनि लोक उजियारे ॥
छाड़ा गिरि कैलाश सुहावा । वाहन बैल महेश मंगावा ॥
जात न कही बैल की बानी । सोने सींग मढ़े दो आनी ॥
झक झालरि गज मोतिन माला । धन्य बैल लिउ संकर पाला ॥
नाथ हाथ अपने पहिराई । कंचनसे पुर देत मढ़ाई ॥
टेरैं भूत भिहावन बानी । चला मस्त योगी शिवदानी ॥

End :—

थमो बरात द्वार पै आई । बिजुका बैल बाघु गरराई ॥
खबरि भई सिवसंकर आये । सब सखिअन मिलि मंगल गाये ॥
धांवति चली देषन सहेली । पारवती का छोड़ अकेली ॥
नारि चढ़ीं धौरहरा ऊंचे । छवि सरूप नैन भे नीचे ॥
पाछेक काहु हेवंचल कीन्हा । गौरा रूप डिगंवर लीन्हा ॥
फांसी दै तुम तजहु भवानी । सखिनसोच गौरा मुसक्यानी ॥
मन मा सोच करौ जनि कोई । कर्म लिषा वरु पावा सोई ॥
लेलोक पांउ हेमवान पुकारो ॥ मोतिन चौक तहां बैठारो ॥
वइ मोतिन को करैं निछावरी ॥ संकर गौरा फिरैं सत भांवरि ॥
हरषे देव फूल बरषाये ॥ ब्रह्मा विष्णु तमासे आये ॥

दो०—छकित करैं सब आरती ॥ छकित भयो कैलास ॥
मुक्ति दान अबदीजिये । हरि चरनन को आस ॥

इति श्री महादेव विवाह सम्पूर्ण समापितं सुभमस्तु ॥

Subject :—

(१) विवाह के लिये गमन करते समय महादेव जी के वेश और साथ की सामग्रियों का वर्णन ।

(२) महादेव जी के वाहन की शोभा का वर्णन ।

(३) हिमांचल नगरी के वासियों का बारात देखने के लिये शीघ्रतापूर्वक आना । युवतियों का शंकरजी के स्वरूप को देखकर शोच करना ।

(४) पार्वती की प्रसन्नता। स्त्रियों का समझाना॥

(५) शिव पार्वती का विवाह संस्कार। ब्रह्मा विष्णु आदि देवों का बारात देखने के लिये आगमन।

(६) देवताओं द्वारा आकाश से पुष्प वृष्टि।

No. 511. Mahūrtavichāra. Leaves—12. Deposited with Rāmaprasāda Murāū, Village Viśramadāsa-kā-Puravā, Post Office Pariyāvā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्रीगणेशायनमः करण भगण दोषम् वार संक्रांति दोषं कुतिथि कुलिक दो मया मद्धि दोषम् राहु केत्वादि दोषं हरति सकल दोषं चन्द्रमा सन्मुखस्यात्॥ १॥ मघा विशाखा कृत्तिका। अहि शिव भरणी मूल। स्वान सर्प इनमा डसै। मानहुं जम हना त्रिसूल॥ २॥ रामनाम घर भोग विलासा। सोता शोक करै वनवासा॥ अछिमन लक्ष जोति गृह आवे। हनूमान कछु खबरि जनावे॥ नौमी प्रतिपदा शनि सोम प्रतिकाल श्रवण घट तुला लग्न परवत जाइये॥ पंचक सोम पंचमी गुरु दिन मध्यान्ह काल ते रासि मीना तिकके दक्षिण बराइये। षष्ठी भृगुभान भौम भूत पुष्य रोहिणी संध्या धन में षहरि पश्चिम न जाइये॥ द्वैज दिन रवि शशिच भौम मकर निशार्द्ध मकर कुंभ कन्या नहिं उत्तर सिधारिये॥

End :—जो कोई पौर्णिमा को भूमि कंपै वा दिन में तारा टूटै उल्का पात व वज्र घात होय वा चंद्र सूर्य ग्रसै वा केतु उदय होय इन्द्र धनुष कढ़ै तो सब वस्तु महंगी होय ग्रहण में अवश्य। इत्युत्पाताः॥ बुधः शुक्र समीपस्थः करोति कार्यं वा महां॥ नयो इंतर्गतो भानुः समुद्र मार्ग शोष येत्॥ बुधे तिजा बुध शुक्र समीप होइ तो पृथ्वी भर में जल वर्षै मह जोतिन के बीच में सूर्य आनि परै तो समुद्र के जल को भी सोष लेइ॥

Subject :—पृ० १ से पृ० ९ तक—सर्प काटने का विचार, मात्रा विचार लग्न प्रमानम्, नक्षत्र विचार, भद्रा वर्णन,

(२) १० से पृ० १८ तक—विवाह विचार, होम कर्मवयग्नि विचार,

(३ पृ० १९ से पृ० २४ तक—यात्रा तिथि विचार, उत्पात विचार।

No. 512. Manihārina-Bhesha-kī-Pothī. Leaves—5. Deposited with Paṇḍita Mathurāprasāda Miśra, Village and Post Office Pariyāvā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्रीगणेशायनमः ॥ अथ मनहरिन भेष को पोथी लिख्यते ॥

एक समै व्रज चंद नंद सुत मन में यहै विचारी ।
करिके भेष विसाति नारि को छलिये राधा प्यारी ॥
कौनषाप को लहगा पहिरे अरुन जरकसी सारी ।
अंगिया लाल श्याम मंडन की अति छवि देत सो न्यारी ॥
मोतिन को पहिरे नक बे भालरदार बनाई ।
मानों विरचि विरंचि आपकी गहने की सुघराई ॥
कानन करन फूल अति सोहै माथे बीज जराऊ ।
ता ऊपर अति लसत वंदनी मोतिन माँग भराऊ ॥
कंठ लसत दुलरो वो तिलरी गज मुकन को हारा ।
मानों जुगल सुमेरु के ऊपर धसी गंग की धारा ॥
गरे हेवाल माल कंचन की अरु पहिरे पग वारी ।
मानों काम आपने ऊपर रुचि रुचि विविधि सवारी ॥

End :—

अरस परस घुंघरुन लों करिके............. ।
लखि के पदम कहन अस लागे ऐसे भेष बनायो ॥
विरजा सखी सदन ते चंचल छिन भर रही न साती ।
हाथ पकरि मनहारिन जू के जाइथ खोलिन छाती ॥
षसिके परे तुरतहि दोऊ उलटे लगे मंजीरा ।
दाँत अंगुरिया दई राधिका धन्य धन्य बलवीरा ॥
मेरे काज लाज तजि मोहन एतो परिश्रम कीन्हों ।
नारि भेष धरि आये मोहन बड़ो बड़प्पन दीन्हों ॥
जाको जपत शेष अज शंकर सुर मुनि जिते बड़ेरे ।
ते मोहन तुम बने फिरत हो व्रज बनितन के चेरे ॥
तुम तो तीन लोक के स्वामी श्री पति अंतर जामी ।
ताप तीनि हत होत हो श्री कृष्ण गहण के गामी ॥
आनंद कंदन के नंद नंदन जगवंदन गुन रासी ।
जाको ध्यान धरत सुर नर मुनि जोगी जन सन्यासी ॥

× × × ×

× × × ×

इति श्री मनिहारिन भेष की पोथी संपूर्ण ।

Subject :—श्री कृष्ण का मनिहारिन भेष में राधा को छलना । स्त्री वेष-धारी कृष्ण के नख-शिख का वर्णन । विरजा सखी द्वारा वृषभान-भवन में

पहुंचना और राधिका से मिलना तथा राधा के प्रश्न पर अपना पूरा पता बताना। विविध अलंकारों से राधा को विभूषित कर प्रेमालाप करना। विरजा सखी द्वारा छातियों पर बांधे मंजीरों का खोंचा जाना। कृष्ण का कपट रूप प्रगट होना तथा राधा द्वारा कृष्ण की विनती और नवलकुंज में मिलने का वादा। कृष्ण का घर आकर भोजन कर शयन करना।

No. 513. A collection of Manohara-Kahānī. Leaves—72. Dated in Samvat 1939. Deposited with Ṭhākura Śivasimha, Village Vikramapura, Post Office Oyala, District Kherī (Oudh).

Beginning :—श्रीगणेशायनमः अथ मनोहर कहानी लिष्यते ॥ कहानी ॥ एक साहूकार पोतड़ों का रज्जा समय के फेर में पड़ अपना धन सब खो बैठा। और लगा निपट दुख पाने और उपासा रहने। निदान उसके जी में यह सोच आया कि जो मैं किसी महा पुरुष या सिद्ध के पास जाऊं तो यह दुष मिटै क्योंकि सुना भी है कि एक साध के दर्शन से व्याध जाती है यह विचार चला चला एक जोगी के पास गया यह उससे कुछ कहने न पाया कि उसने अपने जोग से इसका मनोर्थ जान कर कहा ॥ दो० ॥ सुष दुष प्रतिदिन संग हैं मेटि सकै नहिं कोय जैसे छाया देह की न्यारी नेक न होय। यह उत्तम उत्तर पा वह विचारा धीर्य धर अपने घर आया ॥ १ ॥ एक अंधा वैरागी काशी के बीच मणिकर्णिका घाट पर वैठा ग्रहण में दही पेड़े खा रहा था कि देखकर किसी पंडित ने पूछा सूरदास जी यह क्या करते हो बोला महाराज दही पेड़े खाता हूं कहा ग्रहण में—उत्तर दिया मेरे गुरु की दया से सदा ही ग्रहण है। यह सुन पंडित हंसकर चुप हो रहा ॥ २ ॥

End :—एक बूढ़ा बटोही ग्रीष्म की रितु में तपन की प्रचंड किरणों से निपट कष्ट पाकर लाठीटेकता चला जाता था। मारग में एक युवा अश्वारूढ़ आ निकला बूढ़े का देखकर उसे दया हुई बोला अजी मैं युवा पुरुष हूं शीत घाम सब सह सक्ता हूं तुम बूढ़ा पन के कारण बहुत थके अब इस घोडे पर चढ़ो मैं पीछे पीछे चला आऊंगा उसकी इस करुणा वाणी से मगन बूढ़ा उसके घोड़े पर चढ़ा और युवा पीछे पीछे पैदल जाने लगा वह बहुत दूर न गया था कि युवा ने पुकार कर कहा अरे बूढ़े निलज्ज घोडे पर उतर क्या तू ने अपना घोड़ा पाया है जो सारा दिन उस पर आरूढ़ चला जाता है बूढ़ा लज्जित होकर उतर पड़ा और धीर धीरे चलने लगा थोड़ी दूर गया था कि इसका कष्ट देष फिर उसके जी मे दया आई और बहुतसी विनती कर इसे फिर घोडे पर चढ़ाया थोड़ी दूर

जाते उसे फिर उसी भांति उतारा निदान दो तीन वार उसे इस प्रकार चढाने उतारने से बुढे ने पूछा वावा तुम्हारे पिता का नाम क्या है वोला सैयद हब्बो पूछा तुम्हारो महतारी का नाम क्या उसने कहा वीवी जोरा पर वह कुलवती नहीं उसको व्याह करने से हमारे कुलमें कलंक लगा यह सुनतेही वूढे ने कहा हां वावा अव मैं समझा कि चढावें हब्बो और उतारे जोरा अव आप सिधारिये मैं गिरते पडते चला जाऊंगा ॥ इति मनोहर कहानियां संपूर्ण समाप्तः लिखतं गिरधारी लाल वैश्य वजाज गंज टेना ॥ संवत १९३९ भाद्र पद कृष्ण पक्षे अष्टमयाम् ।

Subject :—१०० मनोहर कहानियों का संग्रह ।

No. 514. Mantra. Leaves—4. Deposited with Paṇḍita Rāmasvarūpa Miśra of Arjunapura, Post Office Antu, District Pratapagaḍha (Oudh).

Beginning :—॥ श्रीराम ॥

ऊं नमो आदेश गुरु को डाकिनी सिहारी किन्नैं मारी ।
यती हनूमान ने मारी कहाँ जाय दुवकी किनो ने देखी ।

यती हनूमान ने देखी सातवें पाताल गई सातवे पाताल से कौन पकड़ लाया, यती हनूमन्त पकड़ लाया यती हनुमन्त वीर पकड़ लाय के एक ताल दे एक कोठा तोड़ा दो ताल दे दो कोठे तोड़े तीन ताल दे तीन कोठे तोड़े चार ताल दे चार कोठे तोड़े पाँच ताल दे पाँच कोठे तोड़े छः ताल दे छः कोठे तोड़े सातवाँ कोठा खोल देखे तो कौन-कौन खड़े हैं । डाकिनी सिहारी भूत प्रेत ले यती हनुमंत तेरे झाडे से चले । ऊं नमो आदेश गुरु को गुरु की शक्ति मेरी भुक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरोवाचः ॥

End :—उक्त मन्त्र को १००० सहस्र वार जप करै गुगल के औगुल तुर्रे के फूल की ७०० शत आहुती करै दो और मैनफल की राख की रुई में मिलाकर वाती वनालो यह वाती तेल भरे दीपक में जलाकर उस दीपक की पुजा करो तदनन्तर आठ या दस वर्ष की अवस्था उत्तम वर्ण देवगण वाले पवित्र वालक (लड़का तथा लड़की) को दीपक के सन्मुख विठलाकर आप भी पवित्रता से मन्त्र के जप के संकल्प का जल मैनफल पर डालदो और दीपक के सन्मुख इस मन्त्र को लिख के निम्न लिखित यंत्र की पूजा करो तथा वालक की हथेली में वह दिखाकर मैनफल की राख तेल में मिलाके वालक की हथेली पर लगादो और पूजित यंत्र उसके गले में दक्षिण हस्थ में वाँधकर उससे कहो कि तू अपनी हथेली में देखताजा फिर उससे जो पूछो वह अपनी हथेली में देखकर जो कुछ कहै सो

सत्य जानो ।

॥ यन्त्र ॥

१	८	३	८
५	६	३	६
७	२	९	२
७	४	५	४

यह विधि उड्डीश में लिखी हैं।

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ७ तक—हनूमान का मंत्र, दो यन्त्र, मन्त्र से प्रथम सन्ध्या की माति कान्यासादि । मंत्र-सिद्धि करने की विधि ।

No. 515. Mantraprayoga-Saṅgraha. Leaves—14. Deposited with Paṇḍita Śiva Kaṇṭha Dube, Village Deudārapura, District Kherī (Lakhimapura) (Oudh).

Beginning :—श्रो गणेशायनमः ॥ अथ मंत्र प्रयोग संग्रह लिष्यते ॥ मंत्र आपनो देह रक्षा को । ॐ नमो लोह का लोढ़ा जहां डाकी कूड़ी हमारा पिंड पैठा ईश्वर कूंचो ब्रह्मा ताला हमारा पिंड का श्री हनुवंत रखवाला ॥ या मंत्र को पढ़ि के कहीं रहो कुछ चिंता याकी देह में नहीं उपजे। सत्त सदी है ॥ बवासीर को मंत्र ॥ उमता उमती चल चल स्वाहा ॥ लाल सूत में तीन गांठ देकर २१ मंत्र पढ़ के पांव के अंगुठा सों बांधे ॥ दस रोग का गंडा ॥ परवत ऊपर परवत श्रौर परवत ऊपर फटिक सिला फटिक सिला पर अंजनी जिन जाया हनुवंत नेहला टेहला काख की काख लाइ ॥ पीछे की अदीठ कान की कनफेड़ रान की भद कंठ की कंठ माला। घुटने का डहरू डाढ़ को डढ़सूल पेट की तापतिल्ली फोया इतने को दूर करे ॥ मम मंत नावर के माता अंजनी का दूध पिया हुआ हराम मेरी भक्ति गुरु की शक्ति पूरो मंत्र ईश्वरो वाचा ॥ सत्य नामा आदेश गुरु का विधि ॥ सात शनीश्चर हनुमान का पूजन धूप दीप नैवेद्य आदि करे १०८ प्रति दिन जाप स्त्री पास नहीं जाय फिर होली दिवाली ग्रहन में १०८ जापकर बला अदीठ कनफेड़ भद कंठमाला डाढ़ सूल राख से झाड़ै डहरू के आक के ताप तिल्ली छुरी से मांड़े हनुमान का प्रसाद बटवा दिया करे ॥

End :—किये कराये उतारिवा को मंत्र ॥ ॐ नमो आदेश गुरु कोऊ अपर केश विकट भेष पंभति प्रहलाद राषे पाताल राषे पाव देवी जंघा राषे कालका मस्तक राषे महादेव यह पिंड प्राण को छेदे तो देव दानाव भूत प्रेत डंकणी

संकखी गंडलोय ते जती एक पहर वा द्वै पहर सांझ को सवारा का किया को कराया को उलटि वाही पिंड पर परे इस पिंड को रक्षा श्री नरसिंह जी करै ॥ सब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरोवाचा ॥ कोड़नगरा को मंत्र ॥ ॐ नमो आदेश गुरू को जादि नगरा ते चली रागी सहस कोटि लाष ब्यारि कोटि काली कावरी सब एक उन्हार मंदिर मांहि घर करै प्रजा ने वहुत सतावै ॥ दुहाई जती हनुमंत की हमारी गली में आवै तो लंका से कोट समुद्र सी पाई जै कीड़ा मगरे रहे तो जती हनुवंत वीर की दुहाई शब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ॥ विधि ॥ तिल काले पर ७ मंत्र पढ़ि कोड नगरा पै नाषि जै दिन ७ तथा १४ कोड़ नगरो जाय ॥ ताप तिल्ली को मंत्र ॥ ॐ नमो हुतास परवत जहां सुरह गाय सुरह गाय के पेट में वच्छा वच्छा का पेट में तिल्ली तिल्ली दवा दवा तिल्ली कटे सर कड़ा वढे फोया कटे हरो फुरो। आठ अंका करके छुरी के फलरा सों झाड़ दीजै सरक डा बढै छुरी को छोह कटै ॥

Subject :—हर प्रकार के रोगों के मंत्र और वशीकरण आदि मंत्र का वर्णन।

No. 516 (*a*). Mantra-Saṅgraha. Leaves—16. Deposited with Bābā Jhabbūdāsa of Bādaśāhanagara, Post Office Lucknow (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अपनी देह रक्षा को मंत्र ॥ ॐ नमो लोह का लोढ़ा जहां डाको कूंड़ो हमारा पिंड पैठा ईश्वर कूंची बह्मा ताला हमारा पिंड का श्री हनुमंत रखवाला ॥ या मंत्र को पढ़ि के कहीं रहो कुछ चिंता वाकी देह नहीं उपजै सत्त सही ॥ ववासीर को मंत्र। उमती उमती चल चल स्वाहा लाल सूत में तीन गांठ देकर २१ मंत्र पढ़ के पांव के अंगुठा से वांधे ॥ दस रोग का मंत्र ॥ पर वत ऊपर पर वत और परवत ऊपर फटक सिला फटक सिला पर अंजनी जिन जाया हनुमंत नेह ला टेहला कारव की करव लाई। पीछे को अदीठ, कान की कनफेड़ रान की वद कंठ का कंठ माला छुटरने का डहरू डाढ़ा की डढ़ सूल पेट की ताप तिल्ली फोया इतने को दूर करै भसमंत नावरझे माता अजनी का दूध पिया हुआ हराम मेरी भक्ति गुरू की शक्ति पुरो मंत्र ईश्वरोवाचः सत्य नामा आदेश गुरू का। विधि। सात शनिश्चर हनुमान का पूजन धूप दो नई वेद्यादि करे १०८ प्रति दिन जाप स्त्री पास नहो जाय फिर होली यादिवाली ग्रहण में १०८ जाप का खला अदीठ कनफेड़ वद गंड माला डाढ़-सल राष से झड़े डहरू को आक से ताप तिल्ली को छुरी से झाड़े हनुमान का परशाद वटवा दिया करै ॥

End :—सभा मोहिनी ॥ काल्ह मुष धो करूं सलाम। मेरी आंखों में सुरमा वसे जो देषे सो पांव पड़े। दोहाई जैा सुल आजम दस्तगीर की छू विधि। सवालाष गेहूं पै १२५००० मंत्र पढ़के वांको आटा करावै घी षांड मिलाय हलवा वनावै फिर जैा सुल आजम दस्तगीर की उसपै नियाज दिलाकै आपहो षाय जब किसी सभा मे जाय सुरमा पर सात वार मंत्र पढ़कर लगाय जाय सब सभा वस में होय ॥ सभा मोहनी सिन्दूर। हथेली तो हनुमान बसे भैरों बसे कपाल नारसिंह की मोहनी मोहै सब संसार ॥ मोहन रे मोहनता वीर सब वीरन में तेरे शिर सब की दृष्टि वांधि दे मोहि तेल सिंदुर चढ़ावो तोहि तेल सिन्दूर कहां ते आया कै लाल परबत से आया कौन लाया अजनी का हनुमंत गौरी का गणेश काला गोरा तोतला तीनो बसे कपाल बुरा तेल सिन्दूर का दुसमन गया पताल दुहाई का मियां सिन्दूर की हमे देषि शीतल होइ जाइ हमारी भक्ति गुरू की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचः सत्यनाम आदेश गुरू को। विधि ॥ सात शनिश्चर वा रविवार दीपक ८ तेल करके लोवान देवे मिठाई भोग धरै १०८ जप फूल पात करके पूजा करै सिद्ध हो जाय तो पाछे जहां जाय सिन्दूर पै सात वार मंत्र पढ़ माथे पै लगाया जाय राजा गुस्सा हो जाय दंड देवे को बुलावै तो देखते ही शीतल हो जाय जिस सभा में जाय वहां के सब मनुष्य आदर भाव करें अरु प्रीति से सन्मान करै ॥

Subject :—हर प्रकार के ३०० मंत्र कार्य रोग आदि के वर्णन ॥

No. 516 (*b*). Mantra-Saṅgraha. Leaves—10. Deposited with Umāśankara Dube, Research Agent, Hardoi.

Beginning:—आसमेनो पास मोहनी मस्तक मोहनी जन्म सभा कै जिह्वा बांधैमोहनी मन मोहनी तराह्वाथी हनुमंत विराजै कपाले भैरा श्री श्री सिंदूर की दृष्टि देपु पताले ॥ १ ॥ आगो ॥ तुमही से माता तुमही से पिता तुमही हस्त रहंती रे अगिन पा पानी परंती कार शाय सोता सोता राम राज्ञाय सर सुवर अगिनि सो बला रक्षया करै गुरु गोरख अवधूत मेरो भगती गुरु की सकती फुरो मंत्र इश्वरोवाचा ॥ २ ॥ धूल धूली में रोवायु चंद्र खुवद सूर्य ॐ ठकायरू देह पानी पानी पढ़ते प्रानी हैात उच्चाट लागु ३॥ देखंत के चसूला गुचलंत के पगला गुरु हन्ता के पाटल गुमारंता के हस्त लागु लागु नल गु कहक राजा श्री त्रिपुरारी कोटि अज्ञा वेगी लागु ॥ कंवरू देस कमख्या दोनो जंह बसे असमाइल जोगी असमाइल जोगी जोगी वाही वाड़ी न फूल हंसे न विगसे न फूल सुखै न कुमिलाइ जो सुंघे फूल की वास सो आवै हमरे पास ॥

End :—मंत्र सांप मारक। उत्तर दिसि कारी बादरी त्यहि मध्य ठाठ काल पुरुष एक हाथ चक्र एक हाथ गदा मारो सत खंड लाइ। गदा मारो सत पाल लाइ औ हर २ निर्विष शिवाज्ञा। अन्यच। थिर पवन जिहि विस नासै तेहि देखि थरहर कांपै संसर्जो आख विसमो रूदिष्ट टै नहीं विश॥ एहि मंत्र फुसलै बालु गाढ़ै माख तत्काल निर्विष होइ॥ जव बंधन मारै क मंत्रः॥ जटा ऊपर का गार है॥ ॐ नमः शिवाय शिव विचित्र सा पुनः कागा भीटे पनिया परै पोठे ॐ नमः शिवाय विचित्रां आग्याल हरि जगावै क मंत्र छव मास को परो डंक कापा को करार गये न तो निम छोरि काग आत गिध उड़इ सर वाहर पठावहि ठावनो नाच मारी वहाक छंडा न कै पड़ो उठी ठोटो भइ लागु पर महसर उड़ै खंड कहा डगरिनव पंजरन्ह ला कठी काइरै हाकदे था वैनो मापो गिनि उंग उठै विहास पिरे सात समुद्र माझे पड़ो कविप वाढ़ै जोवधरा आमंत्री रहि हि जगावै जागिनि पाखतो जागु २ परमेश्वर उड़रे डंक॥

No. 617 (*a*). Mantra-kī-Pustaka. Leaves—5. Deposited with Mahanta Santadāsa of Maujā Sagarâmapura, Post Office Pariyāvā, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॐ पश्चिम देसते चलो हनुमंत वीर मृत लोकहि सो संसार भिक्षा पहिरे हे बजरंग बंदर छूटे भूरे अंगक्ति सैन पवन को पूत वे बांधे कलजुगकपूत श्री राम पर वोरा पावो देव सुत सव वांधि मंगाये अलु करै अलुबाधु छलुकरै छलु वांधु वलु करै गुदि दे पाउ देषो हनुमंत देव तेरे या मंत्र को या शक्ति गाइ कंगरि आरै नै नारी वहत्तरि कोठाते वांधि महं कारि अपने हे वालेन करै तो वहिन भांजी को सज्जा पांउ धरे राजा रामचन्द्र कहरि जान।

End :—मन्त्र पान का।

ॐ कामरु देस कामभा देवी तिनने भेजे चारि पान पहिलो पान रातो माता दुजो पान विरह को माता तीजो पान औरो अउर चउथो पान मिलावैइ जोड़ा जो कोउ पाइ हमारो पान सो आवै हमारे पास न राति कल न दिन सुख फिर फिर देषै हमारो मुख काली गुदरी काली राति जाइ वैठि अमुक को पाट सोवत होइ जगाइ ल्याउ वैठ होइ चटपटी लाउ ठाढ़ होइ चलाइ ल्याउ न अवै मुख रुधिर की छार दोहाइ ईश्वर महादेव की दोहाइ नइनुआ जोगी को दोहाई इस मैला जोगी को।

Subject :—हनुमान का मंत्र, ब्रह्मराक्षस छुड़ाने का मंत्र, चोर जानने का मंत्र, मोहन मंत्र, कार्य सिद्धि का मंत्र, ओले उतारने के दो मंत्र, वाघ मारने का मंत्र, गोला का मंत्र, विक्षिप्त का मंत्र, वशीकरण फूल का मंत्र।

No. 517 (*b*). Mantro-ki-Pustaka. Leaves—4. Deposited with Pandita Vindheśvariprasāda Miśra, Teacher, Sanskrita Pāṭhaśālā, Village Gaṇḍā, Post Office Mādhoganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ आपको देह रक्षा को मंत्र ॥ ओ० नमो लोह को कोठा जहांड़ा को कुठो हमारा पिंड पैठा ईश्वर कुंची ब्रह्मा ताहमा हमारा पिंड का श्री हनुमन्त रखवाना या मंत्र का पढ़िके कहीं रहे शुद्ध चित देह में नहीं उपजै । सब्य सही ॥

॥ ववासीर को मंत्र ॥

उमती उमती चल चल स्वाहा ।

लालसूत में तीन गांठ देकर २१ मंत्र पढ़िके पांव के अंगुठे बांधै ।

दश रोग को झाड़ना

परवत उपर परवत और परवत ऊपर फटिक सिला फटिक शिलापै अंजनी जन जाया हनुमन्त नेहूं लाट हला कोख को कंखलाई पोछे को पटो ठकान को कन फिर रान को मद कंठ को कंठ माल घुटरने का डमरू डाढ़ को डाढ़ शूलपेट को तापतिल्ली को या इतने का दूर करे भस्मन्तनातर मुभ्क माताअंजनी का दूध पिया हुआ हराम मेरो भक्ति गुरू की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरोवाच सत्यनाम आदेश गुरू का ।

End :—॥ वैरो जेर करवे को मंत्र ॥

ओं नमो वलो या वलो उसका चस्मा कुलुफ उसका वाजू कुलुफ दुशमन को जेर हमको खेर ॥

॥ विधि ॥

२१ दिन पूजा हनुमान जो कै करै मंगल से १०८ जप करै जप करै धूप दीप नैवेद्य करके मंगल को मंगल १०८ जप करै वृत राखै जहां वैरी बैठा होय रत को चुकटी पै ३ या ७ वार मंत्र पढ़के वैरो को तरफ फूंकै ॥

Subject :—(१) पृ० १ से पृ० ५ तक—अपनी देह रक्षा का मंत्र और उसकी विधि । ताप-तिल्ली का मंत्र । उसकी सिद्धि की विधि, डाढ़ के दर्द क मंत्र । गर्भ रक्षा का मंत्र ।

(२) पृ० ५ से पृ० ८ तक—नेत्र की पीड़ा का मंत्र । डमरू पसली व वायु का मंत्र । उसको सिद्धि करने की विधि तथा प्रयोग । विष उतारने का मंत्र । सभा मोहनी मंत्र ।

No. 518. Motī-Binaule-kā-Jhagaḍā. Leaves—8. Dated in Samvat 1933 or A.D. 1876. Deposited with Paṇḍita Devatādīna Miśra, Village Sulatānapura, Post Office Thānā, District Unnāva (Oudh).

Beginning:—श्रीगणेशायनमः ॥ अथ मोती बिनौले का झगड़ा लिष्यते ॥ ख्याल ॥ वड़े वड़ाई कभी न करते छोटे मुख से कहै वचन । अपने मन में सभी वड़े हैं मोती विनौले लगे लड़न ॥ रहूं सिंध के बीच समुन्दर सोप दोप हो रही आला । पड़ी वूंद स्वाती की मोती नित प्रति हुआ निरआला ॥ चातुर ने करी चाह वड़ी हिकमत से मुझको निकाला ॥ दिया जौहरी हाथ दलहर जद विस का मैंने टाला ॥ चातुर के मन वसा तुरत मगवा मुझ को डाला ॥ सोने का किया साथ यार मुखड़े पर रहता रखवाला ॥ ऐसो धरन से रहूं तुझे क्या कहूं तू आजा मेरी सरन । अपने मनमें सबी वड़े हैं मोती विनौले लगे लड़न ॥ ख्याल ॥ जवाव विनौला ॥ कहै विनौला सुन भाई मोती क्यों करता है वड़ाई । फूलों में सिरदार फूल मेरो दुनियां में हैं उजलाई ॥ दो दो बांधत शस्त्र पहनते वस्त्र कहलाते सिपाई । सब के कूं ढकूं अदव में रखूं लोग क्या लुगाई ॥ सव के सारे काज लाज मैं रखूं शरम भलमनसाई । क्या गरीब क्या तालेवर में छई रही मेरी अवाई ॥ ऐसो धरन से रहूं तुझ से क्या कहू तू आजा मेरी सरन अपने में सवी वड़े हैं मोती विनौले लगे लड़न ॥

End :—ख्याल जवाव मोती का ॥ कहै जो मोती सुनरे विनौले मैं अनमोल वड़ा सिरदार । क्या वजीर क्या राजा बादसाहि वेठे गले में माला हार । जोड़ो ज्योति जगमगी कच हरी भरा हुआ सारा दरवार । पैसे के दो सेर विनौले मंगा कूड़े रखवा दिये द्वार ॥ मै कहता हूं सुन वे विनौले अव भी तू होजा लाचार ॥ जिद तू अपनी छोड़ दे हमसे नहीं तो मारूंगा पैजार ॥ जिद अपनी को छोड़ विनौले आजा तू तो मेरी सरन । अपने मन में सवी वड़े हैं मोती विनौले लगे लड़न ॥ जवाव विनौले का ॥ कहै विनौला सुन वे मोती चुपका रहो तू मुरगी के । नंगी खड़ी करदे औरत कपड़े छीन लेवे तन के ॥ मोती के वाले कानों में हाथों में गजरे सोने के । देख तो वे अच्छी लगे हैं विना विनौले कपड़े के । जव तक तुम पर आव है मोती तव तक तुम हो रुपये के । जव पानी ढल जाय तुम्हारा फिर नहिं कोई मतलव के ॥ वड़ो महीं तुझ में टकलाया चमकता था विस दिन । अपने मनमें सभी वड़े हैं मोती विनौले लगे लड़न ॥ ऐसी धरन से रहूं तुझसे क्या कहूं तू आजा मेरी शरन । अपने मन में सभी वड़े हैं मोती विनौले लगे लड़न ॥ इति श्री मोती विनौले का झगड़ा संपूर्ण समाप्तः संवत् १९३३ कार दशहरा ॥ श्री शंकराय नमः ॥

Subject :—मोती मैार बिनौले को अपनी अपनी बड़ाई का वर्णन

No. 519. Mushṭikapraśna. Leaves—2. Dated in Samvat 1784 or A.D. 1827. Deposited with Paṇḍita Śivakanṭha Dube, Village Devadārapura, District Kherī (Lakhīmapura) (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथ मुष्टिक प्रश्न लिष्यते ॥ लग्न को केन्द्री बृहस्पति तथा शुक्र होय तो जीव चिंता कहिये ॥ मं. बृ. कुंभ, सिंह इन ऊपर केंद्री कुल चक्रे होय तो धातु चिंता कहिये ॥ मं. ३ कुं ११ कं. ६ म. १० इनमो कोई लग्न होय अरु बुध तथा शनि वक्री होय तो मूल चिंता कहिये ॥ ३ बृ ॥ २ ध. ८ तु. ७ मि. १२ ॥ कु ४ ॥ चं. बृ. शु. सो जो इनकी दृष्टि होय अथवा स्थित होय तो जीव चिंता कहिये ॥ ४ बुध लग्न थे ५ अरु ९ ॥ ५ । शुक्र की दृष्टि होय अरु ॥ ६ ॥ शुक्र होय तो मूल चिंता कहिये ॥ चंद्रमा केंद्रि बुध होय कं सूर्य की दृष्टी होय तो गुंज मूल वतैये ॥ चंद्रमा की केन्द्र शुक्र देषत होय तो फल चनका कहिये कपासु पन्नादिक कहिये ॥ ७ ॥ बुध ॥७॥ तथा बृहस्पति होय तो मिर्च फल तथा धातु स्याह पीत होय ॥ ८ ॥ शुक्र चंद्रमा तथा शनि । ७ । वे होय लग्न ते तो जायफल धातु शूल श्रुति कहिये ॥ शुक्र चंद्रमा शनिश्चर जो ७ वे होय तौनि वस्तु होय धातु मूल मृतिक ॥ १० बुध ॥ मं. ॥रा.॥ श. ११ तथा ९ होय तो सुगंध को फूल कहिए ११ ॥ बु. । बृ. शु. जो ये पांचो होय तथा ॥ १० ॥ स्थान को देषतो होय तो केला को फल कहिये ॥

End :—१२ ॥ राहु के० बु० शु० जो ६ होय तथा स्थान को देषत होय तो करुवो फल कहिये । शु. बृ. मं. जो छठो होय तो तीन वर्ण को वस्तु कहिये ॥ बृ ३ श. १० बु० होय तो पाटंवर वस्त्र लग्न कुं. चे. श. देषति होय तो फल मूल कृश्न सुपेद होय १६ चंद्रमा मे. बु. जो १० वारहे होय तो रक्त स्वेत पीत वस्त्र होय ॥ १७ । मं. रा. केंद्र लग्न को देषत होय तो धैालोय धूत्र धुवां सरोपो वस्त्र होय ॥ चंद्रमा केंद्री होय तो स्वेत वस्त्र होय । चंद्रमा मवन शुक्र होय तो रूपे को मुद्रा कहिये ॥ बुद्ध केंद्री होय तथा केंद्री को देषति होय तो फल मूल तृण मद्दा हरो वस्तु होय ॥ बृ. ७।९ तो रक्त जुक्त स्ववर्ण युक्त वस्त्र जीर्ण होय सूर्य ४।१० होय तथा लग्न १।७ लग्न को देषत होय तो मुक्ता फल जुक्त वस्त्र होय ॥ जो केतु होय तो विद्रुम होय मंगल केन्द्री को देषति होय तो लाल विद्रुम होय ॥ केंद्री शनि होय तो लोहा कार होय राहु केंद्री होय तो संषाकार होय ॥ बुध ३।५ । होय राहु सूर्य की दृष्टि होय तो सव गुण तथा देषति होय तो स्वेत कृश्न जानिये ॥ मंगल शुक्र ९।५ होय तो मृतिका कहिये सूर्य केंद्री होय बुध ९

होय ५ मंगल होय तौ मूढ़ो में फल कहिये ॥ बुध ५।६ चंद्रमा शुक्र देषत होय तौ थाली को फल कहिये ॥ सूर्य ६ मंगल ९ होय तौ तिल मसुरी रक्त कारो करवुर कहिये ॥ शु क ११ होय तौ गेहूं जौ कहिये ॥ इति श्री मुष्टिक प्रश्न समाप्तम् शुभंभूयात ॥ लिषतं भोलानाथ त्रिपाठी स्वपठनार्थं नेरी के बीच संवत् १७८४ चैत शुक्ल नैामी ॥

Subject :—ज्योतिष द्वारा मुष्टिक वर्णन ॥

No. 520. Nāḍī Parikshā. Leaves—50. Deposited with Paṇḍita Jagannāth Bājapeī, Village Mākhī, Post Office Nevaṭanī, District Unnāva (Oudh).

Beginning :—श्री गणेशायनमः ॥ अथ नाड़ी परिक्षा लिष्यते ॥ दे।० ॥ शुभमन सरस्वती सुमिरिये शुद्ध चित्त हित आनि । प्रगट परिक्षा जीव की लहियो चतुर सुजान ॥ चो० ॥ पित्त वाति पुनि श्लेष्म जानि । देषैा धमनी राह पिछानि कटुक तिक्त पुनि उष्ण कैा पानो । स्निग्धरक्ष त द्रुण विधि जानो ॥ काऊ मूल सम चंचल नाड़ी । पित्त प्रकोपै चलै उघाड़ी ॥ दूध दही विस्वा गुड़ षाय । तिसमें ऐसा भाव जणाय ॥ प्रात समै पुनि पाणी पीवै । तिसकी नाड़ी पित्त घर धीवै । षीर षरबूजा संपूर्ण शालीं । मिष्ठ ष्यार मल पित्त पषाली पीत संषिनी षाय सनि पाती । वात वस्तु षायी होय षाती ॥ चलती चलती फुलिंग ज्यों कूदै । कारे नाज षांधा जिन्हि लूंदै ॥ सैाफ सजी धनियां भषियां ॥ मिस्री गर्रा सब लीजे भषियां ॥ पित नाड़ी इन कफ घर तासै । तो जाणि ज्यों वैद उलासै ॥ हंस सरी अहि ज्यों जब आवै । फिर पीछे पित के घर जावै ॥ पाणी सरदी मरदी षैसी । कफ नारीडा लक्षण कैसी ॥ वटेट अति मंद धमणी जाणी । वात प्रकोपै सीतल पाणी ॥ सीघ्र चलै पुनि सीतल उपजावै । वात पित्त का भेद लषावै ॥ मृष प्रकोपै चंचल ह्वै चालै ॥ रक्त उष्म कों जानैा सभांलै ॥

End :—चतुर्थ ज्वर को नमस्वार । वृंदात ॥ पत्र अगथिया के ग्रहो रमको दे नमस्वार । जुर चतुर्थ ना रहै भाष्यो वृन्द संभार ॥ पुनः । अपुव कंटाली मूल लै रवि नहिं उगै सूर । गुगल धूप दे बांधिये त्रतीय ज्वर जाय पंभूर ॥ पुनः ॥ दूधक मूल जो संग्रहो बुध रवि दिन के वार कंठ वांधो धूप दै त्रतीय ज्वर जाय निरधार ॥ पुनः एकान्तरादिक को गंगा या उतरे कूले अपुच नाम सो मृत तस्मैति लोक कंद धातु मुंचत्ये कादिक ज्वर अविधि ॥ काला तिल अरु पाणी इनै मंत्रसो मंत्र नित्य ज्वर के नामे वाहिर जाय तिलको होमो कीजै पाणी की धारा चैागिर्द दइ दीजै कही जै मुषिष्टूं तीमैं नित्य ज्वर जाय । जानि इमि

फहि करि उठि घरि आवै फिर पीड़ा ने चाऊँ नहीं ॥ इति नित्य ज्वर जाय ॥ मस्तक पीड़ा छिद्र छिक ये ज सीत ज्वर जोइ ॥ सीत ज्वर को चूर्ण सन्निपात कलिकात ॥ चौ० ॥ पीपल मूल अौ पीपल पिता । सुनि च०यक टांक करि मिता ॥ पांच टांक भांगगो जाणै । सौल टांक चिरायता आणै ॥ गुड़ पुराणों साढ़ा पांच वोस सिर साटी लेनी । का पोस टांक तीन चूर्ण ले प्रातें ज्वरं सीता गन रहै इण भांते ॥

Subject :—वैद्यक वर्णन ॥

No. 521. Nakshatra Prakāśa. Leaves—15. Dated in 1883 or A. D. 1826. Deposited with Umāśankara Dube, Research Agent, Hardoi.

Beginning :—श्रावणी श्रवण वाहरी मही तुलंती जोय । श्रावण पहली पंचमा जो नहीं उठे व्याल । लुजा जे पोल भाल बैठू जासैा मोसाली । श्रावण पहिली पंचमी कै वादल कै वीज । कोग काढ़ो रची कणा राषो भातर वीज । चोथि नवमी चोदश्या जै संकरण पडाइ । दरभणी जे भा भली छत्रा भंग कराइ । जेठी अर्ध अमावस्या रवि आछे तो जोई । वोजे शशिहर उगसे स्यानो कहसी मोह । नुत्तर तो उत्तम समो माधै मध्यम काल जो शशि दक्षिण आथवै तैारी खड्ड काल । श्रावण वदी एकादसी तेती रोहिणि होइ । तेतो समैा परषि जे विरला जाण कोइ । कृतिका तार क्टिवरो रोहिणी तार सुकाल तते आव मृगासिर तो पड़ै हहाहर काल । जेठ सुदिया निर्जला जेती घटो का का होई साते भामज दोजियेड वरता फल होई । वेनु वरतो वरसै अपार क्यारी वचतो अति वनशार । पंचे पंचम नृपिरिवाई । छत्थो मा मेहज थाई ।

End:—आदि भरणी असलेष मघा तिहुं उगाथों रस तिभि पा । सात नक्षत्रा का कड़ो । जै सिर वे सैभांण । शर साथै अरधो करै । योन वृह असराल । पून्यो गल्यो परि बागलैां ॥ गलोज पंचक मूल । पूर्वाषाढ़ धेडू कसो तो निपजै सातू त । चैत वोता वैशाष जहु सो । तिथि नषित्र आरई रै भोसो तिथि तो पर्वत दासै । नक्षित्र वधै तो पाल विणासे । तिथिवार होइस समतुला तो पृथ्वी फूलै सो वन फूला अथवेल सूर सात दिवस वरसै जुधन जल अति होर जु पूर । मोग बुलातो सो हो गया तू क्यों सूतो नाह । पार भरभे छै मछली छवि सू अनुराधा ॥॥

No. 522. Nāmarāsi Lakshaṇa. Leaves—20. Deposited with Paṇḍita Vāsudeva Pānde, Village Kamāsa, Post Office, Mādhoganja, District Pratāpagaḍha (Oudh).

Beginning:—दया गुरु की ॥ अथ लिख्यते नाम रासी के लक्षण ॥ मेष रासो पुरुष को अच्छी सुरती होयगी ॥ महीना भादौं का अच्छा शुभ होयगा ॥ वार आदित को सुभ होयगा ॥ कंवर में पीर होयगी ॥ ताको इलाज ॥ गुलाब और आसकंद ॥ व काली मिरच ॥ व सोंठि ॥ सब को बराबर करिके पीसि के ॥ गोली बनावै गरम पानी ले षाइ तौ आराम होयेगा ॥ जो चन्द्रमा देषै तो वह महीना षुसी में बीतेगा ॥ देही पतरी होयगी ॥षरच बेकदर करेगा ॥ लोहु एकबार गिरेगा ॥

स्त्री वृष रासि होय तो पहिले स्त्री मर जायगी ॥ दुसरी स्त्री के लरिका होयगा ॥ लरिका नव होंयगे ॥ लरकी पांच होंयगी इतनी संतान होयगी ॥ तीस में लरिका दोय जीवेगा ॥ लरिकी दोय जीवेगी ॥ और सब आखिर हो जावैंगे। तीस में एक लरिका तालेश्वर वहुत होयगा ॥ और बड़े आदमी के पास जाय तौ दाहिने बैठे तौ बड़ी पदवी पावेगा ॥ अलप बरस ग्यारा ॥ ११ ॥ में होयगी ॥ अलफ बरष ॥ १५ ॥ में होयगी ॥ ऊंचा से गिरेगा ॥ बरस बीस ॥ २० ॥ में उपद्रौ उतारन होयगा ॥ बरस चालीस में अलफ भारी होयगी ॥ आगे उमरि बरस नवे ॥ ९० ॥ जीवेगा ॥ जंत्र राषै तो षुसी होयगा ॥

End :—४४३ ऐ सकुन धर्म नहीं थांप पण धर्मन नीहानी थसे। बीच में विरोध उपजसे ले माटे तुसा बध रहे जो बीज का मामला भथ से विचारि काम कर जो अहनी पुंजा करजो दुख टल से तील (तिला) इन्द्री ऊपर छे: ऐसकुन तु काम धों पानी से गई वस्तु आवसे पाछी एक मास येक बरस मारहोछे व्यापार माल भथ से राजा श्री सनमान थसे तुमन मा संतोष राखे जे ये निशानी ये निशानी तारी इन्द्री ऊपर तीलछे ॥ प्रश्नावली समाप्त ॥ गुरुदया ॥

Subject :—

(१) पृ० १ से पृ० ३ तक—मेष राशि के पुरुष तथा स्त्री के लक्षण। कमर की पीड़ा की औषधि व उनके पास रखने के लिये एक यंत्र।
(२) पृ० ३ „ „ ६ „—वृषराशि के पुरुष तथा स्त्री के लक्षण व यंत्र।
(३) पृ० ६ „ „ ९ „—मिथुन राशि के पुरुष „ „ „ „ ।
(४) पृ० ९ „ „ १० „—कर्क राशि के पुरुष का लक्षण, औषधि व यंत्र।
(५) पृ० १० „ „ १२ „—सिंह राशि के पुरुष तथा स्त्रीके लक्षण तथा यंत्र।
(६) पृ० १२ „ „ १३ „—कन्या „ „ „ „ औषधि ।
